
RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 284
फरीदाबाद, बृहस्पतिवार, 25 नवंबर, 2021
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana


हम आत्म चेतना है सहायक
पेज - 11


## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,340 | ▼ 323 | |
| निफ्टी | 17,415 | ▼ 88 | |
| सोना | 47,562 | ▲ 128 | /10 gm |
| चांदी | 63,029 | ▲ 520 | /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 26.06°C
न्यूनतम 14.05°C

## क्विक न्यूज

### मेगदालेना होंगी स्वीडन की पहली महिला प्रधानमंत्री

**कोपेनहेगन।** स्वीडन की संसद ने बुधवार को मेगदालेना एंडरसन को प्रधानमंत्री चुन लिया। वह इस पद पर आसीन होने वाली स्वीडन की पहली महिला होंगी। एंडरसन को सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी की नई नेता चुना गया है। वह स्टीफन लोफवेन की जगह लेंगी, जिन्होंने इस साल की शुरूआत में पीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। जोफवेन फिलहाल कार्यवाहक प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। एंडरसन इससे पहले वित्तमंत्री थीं।

### सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मार गिराए

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। जिसमें तीन आतंकियों को मारे गए। श्रीनगर का रामबाग इलाका बुधवार दोपहर गोलियों की तड़तड़ाहट से थर्रा उठा। आतंकियों ने इलाके में तैनात सुरक्षाबलों की टीम को निशाना बनाकर अंधाधुंध फायरिंग की। इलाका भीड़भाड़ वाला होने के चलते जवानों ने संयम बरतते हुए जवाबी कार्रवाई की, जिसमें तीन आतंकियों को ढेर कर दिया। इस ऑपरेशन को पुलिस, सेना और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने अंजाम दिया।

### कुशीनगर से दिल्ली के लिए पहली उड़ान कल से

**गोरखपुर।** कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से दिल्ली के लिए पहली घरेलू उड़ान शुक्रवार को रवाना होगीं। हवाई अड्डा निदेशक एके द्विवेदी ने बताया, शुक्रवार से, कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा संचालित हो रहा है। स्पाइसजेट कुशीनगर और दिल्ली के बीच एक उड़ान सेवा शुरू कर रहा है। अगले महीने से और दो शहरों के लिए उड़ानें हवाई अड्डे से शुरू होंगी। इनमें कोलकाता के लिए 17 दिसंबर से और मुंबई के लिए 18 दिसंबर से उड़ानें शुरू होंगी। कुशीनगर में बने इस अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 20 अक्टूबर को किया था।

### आज से पिंक लाइन पर बिना ड्राइवर के दौड़ेंगी मेट्रो

**नई दिल्ली।** दिल्लीवासी गुरुवार से एक और लाइन पर चालक रहित मेट्रो का आनंद ले सकेंगे। 25 नवंबर से दिल्ली मेट्रो के सबसे बड़े 59 किमी लंबे पिंक लाइन (शिव विहार से मजलिस पार्क) पर इसका परिचालन शुरू होगा। इस कदम के बाद दिल्ली मेट्रो दुनिया के शीर्ष पांच देशों की सूची में शामिल हो जाएगी। बता दें कि इस लाइन के जुड़ने के बाद चालक रहित मेट्रो का कुल नेटवर्क 97 किमी का हो जाएगा। अभी दिल्ली मेट्रो की 38 किमी लंबी मजेंटा लाइन पर चालक रहित मेट्रो चल रही है। पिंक लाइन पर चालक रहित मेट्रो परिचालन का ट्रायल पूरा होने के बाद बीते सप्ताह मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त (सीएमआरएस) ने इसका दौरा किया था।

### प्रधानमंत्री आज करेंगे जेवर एयरपोर्ट का शिलान्यास

**नोएडा।** जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट का शिलान्यास करने 25 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जेवर आ रहे हैं। इसको लेकर शासन-प्रशासन उच्च स्तर की व्यवस्था करने में जुटा है। मंगलवार रात कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने ट्रैफिक एडवाइजरी जारी करते हुए 25 नवंबर को जनपद में यातायात डायवर्जन और कार्यक्रम स्थल पर आने वाले वाहनों की पार्किंग के लिए गाइडलाइंस जारी की है।

● विस्तृत खबर पेज-10


विज्ञापन के लिए करें संपर्क
Rakesh Kapoor 9582468441


### दिसंबर में आएगी तीसरी लहर: महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री बोले

# नहीं होगी दूसरी लहर जैसी स्थिति

## नहीं पड़ेगी ऑक्सीजन और आईसीयू की जरूरत

**एजेंसी।** मुंबई

**महाराष्ट्र** में कोरोना महामारी की तीसरी लहर दिसंबर में आ सकती है। यह कहना है राज्य के स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे का। टोपे ने बुधवार को दावा किया कि राज्य में तीसरी लहर तो आएगी, लेकिन वह दूसरी लहर जैसी नहीं होगी। मंत्री के मुताबिक, राज्य में टीकाकरण की दर अधिक है और इसलिए तीसरी लहर हल्की होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि तीसरी लहर के दौरान मेडिकल ऑक्सीजन और आईसीयू बेड की जरूरत नहीं होगी।



उधर, एक्सपर्ट्स का भी दावा है कि लहर समय-समय पर अपनी निश्चित फ्रीक्वेंसी में आती हैं। पहली लहर सितंबर 2020 में आई थी। दूसरी लहर अप्रैल 2021 में आई थी। अब तीसरी लहर दिसंबर में आने की आशंका है। स्वास्थ्य मंत्री टोपे ने बताया कि महाराष्ट्र में 80 फीसद से अधिक लोगों को टीका लगाया गया है। इसे तेजी से ड्राइव किया जा रहा है। कोविड-19 के संक्रमण को रोकने में वैक्सीनेशन ने प्रमुख भूमिका निभाई है। यहां पहले की अपेक्षा संक्रमण कम है और मृत्यु दर शून्य के करीब है। महाराष्ट्र में लगातार तीसरे दिन सक्रिय मामले 10 हजार से नीचे रहे। बता दें कि कोरोना की दूसरी लहर महाराष्ट्र से ही शुरू हुई थी। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटे में महाराष्ट्र में कोरोना के 766 नए मरीज मिले हैं, जबकि 19 मौतें सामने आई हैं।

### गुलेरिया बोले, तीसरी लहर की आशंका बेहद कम

दिल्ली एम्स के निदेशक रणदीप गुलेरिया का कहना है कि शायद अब देश में कोरोना की तीसरी लहर नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि इस बात की आशंका बहुत कम है कि देश में पहली और दूसरी की तरह कोरोना की तीसरी लहर आएगी। उन्होंने कहा कि जिस तरह से केसों में गिरावट देखने को मिल रही है, उससे साफ है कि वैक्सीन से लोगों की रक्षा हो रही है। फिलहाल बूस्टर डोज की जरूरत नहीं है। गुलेरिया ने कहा कि जिस तरह से वैक्सीन के प्रभाव के चलते संक्रमण की रफ्तार थमी और अस्पतालों पर दबाव कम हुआ है, उससे हर दिन तीसरी लहर आने का डर खत्म हो रहा है। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा होता भी है तो शायद यह पहली और दूसरी लहर की तरह खतरनाक न हो। उन्होंने कहा कि गुजरते समय के साथ यह महामारी बीमारी में तब्दील हो जाएगी।

### दिसंबर तक भारत में लॉन्च होगी स्पूतनिक लाइट सिंगल डोज कोविड वैक्सीन

रूसी कोरोना वैक्सीन स्पूतनिक लाइट अगले महीने भारत में लॉन्च हो जाएगी। यह सिंगल डोज वैक्सीन है। यानी किसी को भी दूसरे डोज का इंतजार नहीं करना होगा। रूसी कंपनी रशियन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट फंड (आरडीआईएफ) के सीईओ किरिल दिमित्रीव ने इसकी जानकारी दी है। रूसी वैक्सीन स्पूतनिक वी को 12 अप्रैल को भारत में इमरजेंसी अप्रूवल मिला था। अब यह वैक्सीन 65 से ज्यादा देशों में लग रही है।

### कोवैक्सीन लक्षण वाले कोविड के खिलाफ 50% प्रभावी

**नई दिल्ली।** लक्षण वाले कोविड-19 के खिलाफ कोवैक्सीन टीके की दो खुराक 50 प्रतिशत प्रभावी पाई गई हैं। भारत के स्वदेश में विकसित कोरोना वायरस टीके के पहले वास्तविक आकलन में यह दावा किया गया है, जिसका प्रकाशन द लांसेट इंफेक्शियस डिजीज जर्नल में किया गया है। हाल में लांसेट में प्रकाशित अंतरिम अध्ययन के परिणाम में सामने आया था कि कोवैक्सीन या बीबीवी152 टीके की दो खुराक लक्षण वाले रोग के खिलाफ 77.8 फीसदी प्रभावी है और इसकी सुरक्षा को लेकर कोई गंभीर चिंता नहीं है। कोवैक्सीन को बीबीवी152 भी कहा जाता है। लांसेट के नवीनतम अध्ययन में दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में 15 अप्रैल से 15 मई तक 2,714 अस्पताल कर्मियों को शामिल किया गया, जिन्हें कोविड के लक्षण थे और जिन्होंने संक्रमण का पता लगाने के लिए आरटी-पीसीआर जांच कराई थी।

### कैबिनेट का अहम फैसला

# गरीबों को मार्च 2022 तक मिलेगा मुफ्त राशन

**कृषि कानून वापसी का प्रस्ताव मंजूर**

**04 महीने बढ़ाई कैबिनेट ने गरीब कल्याण अन्न योजना**

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**कैबिनेट** ने बुधवार को एक अहम फैसला लेते हुए मार्च 2022 तक गरीबों को मुफ्त राशन प्रदान करने के लिए पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना का विस्तार करने का निर्णय लिया है। इसके तहत गरीबों को मुफ्त राशन बांटा जा रहा है। कोरोना के दौरान इस योजना को शुरू किया गया था। बाद में इसे 31 दिसंबर तक बढ़ा दिया गया था। कैबिनेट के फैसलों पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने यह जानकारी दी। पांचवें चरण के तहत खाद्यान्न पर 53,344.52 करोड़ रुपये की अनुमानित खाद्य सब्सिडी होगी।

इसके अलावा कैबिनेट ने कृषि कानून वापसी का प्रस्ताव भी मंजूर कर लिया है, जिसे संसद के शीतकालीन सत्र में पेश किया जाएगा। अनुराग ने कहा, 'बुधवार को पीएम के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने तीन कृषि कानूनों को निरस्त करने की औपचारिकताएं पूरी कीं। संसद के आगामी सत्र के दौरान इन तीन कानूनों को वापस लेना हमारी प्राथमिकता होगी। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पांच दिन पहले (19 नवंबर) गुरु पर्व के दिन इन तीनों कानूनों को वापस लेने का ऐलान किया था। कैबिनेट की मंजूरी के बाद कानून वापसी के प्रस्ताव को संसद के शीतकालीन सत्र में दोनों सदनों में पारित करवाया जाएगा। इसके बाद किसान आंदोलन की वजह बने तीनों कृषि कानून खत्म हो जाएंगे।

पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत 80 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को प्रति व्यक्ति प्रति माह 5 किलो खाद्यान्न मुफ्त प्रदान किया जा रहा है। कोविड 19 महामारी के बीच गरीब लोगों को राहत प्रदान करने के लिए यह योजना शुरू में अप्रैल 2020 से तीन महीने के लिए शुरू की गई थी, जिसके कारण देशव्यापी तालाबंदी हुई। तब से इसे कई बार बढ़ाया जा चुका है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत सामान्य कोटे से अधिक 5 किलो खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। फिलहाल पीएमजीकेएवाई को मार्च 2022 तक चार महीने के लिए बढ़ा दिया गया है।



### 53,344 करोड़ रुपये का भार आएगा

अनुराग ठाकुर ने कहा कि इससे राजकोष पर अतिरिक्त 53,344 करोड़ रुपये का भार आएगा, पीएमजीकेएवाई की कुल लागत इस विस्तार सहित लगभग 2.6 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगी। पीएमजीकेएवाई को कोविड-19 महामारी के कारण हुए संकट को दूर करने के लिए तीन महीने (अप्रैल-जून 2020) के लिए प्रदान किया गया था। हालांकि, संकट जारी रहने के साथ कार्यक्रम को और पांच महीने (जुलाई-नवंबर 2020) के लिए बढ़ा दिया गया था। बता दें कि 5 नवंबर को खाद्य सचिव का बयान आया था कि 30 नवंबर के बाद प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना का विस्तार करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। उन्होंने कहा, 'अर्थव्यवस्था अब सुधार की ओर बढ़ रही है। ऐसे में पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के विस्तार की कोई योजना नहीं है।' दरअसल, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना की घोषणा मार्च 2020 में कोरोना के कारण उत्पन्न संकट को दूर करने के लिए की गई थी। शुरू में यह योजना अप्रैल-जून 2020 की अवधि के लिए शुरू की गई थी, लेकिन बाद में इसे 30 नवंबर तक बढ़ा दिया गया था।

### सितंबर 2020 को लोकसभा ने मंजूर किए थे तीनों कृषि कानून

तीनों नए कृषि कानूनों को 17 सितंबर, 2020 को लोकसभा ने मंजूर किया था। राष्ट्रपति ने तीनों कानूनों के प्रस्ताव पर 27 सितंबर को दस्तखत किए थे। इसके बाद से ही किसान संगठनों ने कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन शुरू कर दिया था।

**कैसे वापस होंगे कृषि कानून ?:** सबसे पहले सरकार संसद के दोनों सदनों में इस संबंध में बिल पेश करेगी। संसद के दोनों सदनों से ये बिल बहुमत के आधार पर पारित किया जाएगा। बिल पारित होने के बाद राष्ट्रपति के पास जाएगा। राष्ट्रपति उस पर मुहर लगाएंगे। राष्ट्रपति की मुहर के बाद सरकार नोटिफिकेशन जारी करेगी। नोटिफिकेशन जारी होते ही कृषि कानून रद्द हो जाएंगे।

# फरीदाबाद-गुरुग्राम सहित चार जिलों में आज से खुलेंगे स्कूल

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हवा** की गुणवत्ता में सुधार होने के बाद प्रदेश सरकार ने एनसीआर के अंतर्गत आते गुरुग्राम, फरीदाबाद, झज्जर और सोनीपत जिलों में बृहस्पतिवार से स्कूल खोलने का फैसला किया है।



एनसीआर में लगातार बढ़ रहे प्रदूषण के मद्देनजर पहले चरण में 21 नवंबर तक चारों जिलों में स्कूलों को बंद करने के निर्देश दिए गए थे। बाद में इसे बढ़ाकर आगामी आदेशों तक स्कूल बंद रखने के आदेश जारी किए गए थे। बुधवार को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा गया है एनसीआर के जिलों में हवा की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। जिसके बाद सरकार स्कूल खोलने का फैसला लिया है। या संबध में चारों जिलों के उपायुक्तों तथा जिला शिक्षा अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है।

### दिल्ली में 29 नवंबर से खुलेंगे स्कूल-कॉलेज

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बुधवार को राजधानी में प्रदूषण का स्तर सुधरने के बाद समीक्षा बैठक ली, जिसमें कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं। गोपाल राय ने बैठक के बाद बताया कि दिल्ली में 29 नवंबर से स्कूल, कॉलेज और सभी तरह के शिक्षण संस्थान दोबारा खुलेंगे। हालांकि गैर जरूरी सामान लेकर आने वाले ट्रकों के प्रवेश पर रोक तीन दिसंबर तक जारी रहेगी। गोपाल राय ने बताया कि हमने अपनी बैठक में फैसला लिया है कि सभी सीएनजी और इलेक्ट्रिक वाहनों को दिल्ली की सीमा में 27 नवंबर से प्रवेश दिया जाएगा। वहीं सीएनजी व इलेक्ट्रिक के अलावा सभी तरह के वाहनों का 3 दिसंबर तक दिल्ली में प्रवेश वर्जित रहेगा।

### 26 नवंबर तक स्थिति में होगा सुधार

दिल्ली एनसीआर में वायु प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त रुख अपनाए हुए है। बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि जो भी प्रतिबंध था वह 21 नवंबर तक था, अब स्थिति बेहतर हो गई है। उन्होंने बताया कि 16 नवंबर को दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक 403 था, जो अब 290 पहुंच चुका है। रिपोर्ट बताती है कि हवा के कारण 26 नवंबर तक स्थिति में और भी सुधार होगा। इस पर कोर्ट ने कहा कि प्रदूषण से लड़ने के लिए वैज्ञानिक तैयारी होनी चाहिए, आगामी दिनों में हवा का बहाव कैसा होगा। इसको लेकर तैयारी की जा सकती है। कोर्ट ने केंद्र को फटकार लगाते हुए कहा कि जब मौसम खराब होता है, तो उपाय किए जाते हैं। वायु प्रदूषण रोकने के लिए भी उपाय किए जाने चाहिए। यह राष्ट्रीय राजधानी का हाल है, कल्पना कीजिए हम दुनिया को क्या संदेश दे रहे हैं। कोर्ट ने केंद्र से तीखा सवाल करते हुए कहा कि हम सभी हवा के बहाव की वजह से बच गए, लेकिन आपने क्या किया। इस पर सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि वायु प्रदूषण में कमी आई है, हम तीन दिन बाद फिर से मॉनीटर करेंगे।

## जल्द ही अंबानी को पछाड़ सकते हैं अडाणी

**नई दिल्ली।** एशिया के सबसे रईस अरबपति मुकेश अंबानी का ताज जल्दी ही छिन सकता है। दरअसल, अडाणी समूह के मुखिया गौतम अडाणी दौलत के मामले में मुकेश अंबानी के बेहद करीब पहुंच गए हैं। वह किसी भी वक्त मुकेश अंबानी को पछाड़ कर एशिया के सबसे रईस अरबपति बन सकते हैं।

ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी की दौलत 91 बिलियन डॉलर है और वह फिलहाल दुनिया के 12वें सबसे रईस अरबपति हैं। वहीं, गौतम अडाणी की दौलत 88.8 बिलियन डॉलर पहुंच गई है। गौतम अडाणी की रैंकिंग 13वीं है। गौतम अडाणी की दौलत अब मुकेश अंबानी से करीब 2 बिलियन डॉलर ही कम है। दरअसल, रिलायंस इंडस्ट्रीज के स्टॉक में लगातार गिरावट आ रही है। यही वजह है कि मुकेश अंबानी की दौलत में भी कमी आई है।

### प्रधानमंत्री मोदी से मिलीं ममता बनर्जी

# बीएसएफ से जुड़ा कानून वापस लेने की मांग उठाई

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। मुलाकात के बाद ममता ने कहा कि मैंने राज्य से जुड़े कई मुद्दों पर प्रधानमंत्री मोदी से बात की। हमने बीएसएफ के अधिकार क्षेत्र के विस्तार के मुद्दे पर भी बात की और इस फैसले को वापस लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि मैंने त्रिपुरा हिंसा पर भी पीएम मोदी से बात की। इससे पहले बंगाल सीएम ने भाजपा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी से भी मुलाकात की।

यूपी विधानसभा चुनाव के बारे में पूछे जाने पर ममता ने कहा कि अगर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव को हमारी मदद की जरूरत है, तो हम मदद के लिए तैयार हैं। उन्होंने यह भी बताया कि मैं 30 नवंबर और 1 दिसंबर को अपनी मुंबई यात्रा के दौरान महाराष्ट्र के सीएम उद्धव ठाकरे और शरद पवार जी से मिलूंगी। उन्होंने कहा, मैंने बीएसएफ के बारे में चर्चा की। बीएसएफ हमारा दुश्मन नहीं है। मैं सभी एजेंसियों की इज्जत करती हूं लेकिन कानून-व्यवस्था जो राज्य का विषय है इससे उसमें टकराव होता है। मैंने कहा कि संघीय ढांचे को बेवजह छेड़ना ठीक नहीं है, इसके बारे में आप चर्चा करो और बीएसएफ के कानून को वापस लो। उन्होंने कहा कि हमारे यहां बहुत सारी प्राकृतिक आपदाएं हुई हैं इसमें केंद्र सरकार से हमें बहुत पैसा मिलेगा। मैंने वो पैसे देने के लिए बोला, उन्होंने कहा कि ठीक है हम परिस्थिति देख कर बताएंगे। ममता ने पीएम को बंगाल में होने वाली पहली ग्लोबल बिजनेस मीट के लिए भी आमंत्रित किया।

## बढ़ेंगी सैन्य ताकत: आज नौसेना के बेड़े में शामिल होगी आईएनएस वेला

**नई दिल्ली।** समुद्र में भारतीय नौसेना की ताकत में बड़ा इजाफा होने जा रहा है। भारतीय नौसेना स्टेल्थ फीचर वाली चौथी स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बी आईएनएस वेला को अपने बेड़े में शामिल करने जा रही है। यह कार्यक्रम 25 नवंबर (गुरुवार) को मुंबई में आयोजित होगा।

आईएनएस वेला के कमांडिंग ऑफिसर अनीष मैथ्यू ने बताया, यह हम सभी के लिए गर्व का अवसर है। इस पनडुब्बी में बैटरी और आधुनिक संचार व्यवस्था स्वदेशी है। हिंद महासागर में चीन के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए यह कदम काफी अहम माना जा रहा है। 21 नवंबर को नौसेना ने एक गाइडेड मिसाइल विध्वंसक पोत (डेस्ट्रॉयर) विशाखापत्तनम को भी अपने बेड़े में शामिल किया था।

## टिकैत का एलान: 29 नवंबर को 60 ट्रैक्टर के साथ संसद की ओर करेंगे कूच

**गाजियाबाद।** एक समान मुआवजे की मांग को लेकर आंदोलनरत गाजियाबाद में मधुबन बापूधाम योजना से पीड़ित किसानों को भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत ने बुधवार को सदरपुर गांव पहुंचकर समर्थन दिया।

18 माह से जारी धरना प्रदर्शन में छह गांव के किसानों से उन्होंने कहा कि जब तक किसानों को एक समान मुआवजा नहीं दिया जाता है, तब तक योजना में कोई काम नहीं होने दिया जाएगा। दूसरी ओर उन्होंने संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन 60 ट्रैक्टरों और 1000 लोगों के साथ रैली निकालने का एलान किया। उन्होंने कहा कि कृषि कानून वापसी की हमारी बड़ी मांग पूरी हुई है। जब तक भारत सरकार एमएसपी, किसानों के शहीद होने पर बात नहीं करती है, तब तक चलेगा आंदोलन जारी रहेगा। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत संसद सत्र के पहले दिन 29 नवंबर को ट्रैक्टर रैली लेकर जाएंगे।

## आईपीएस अधिकारी परमबीर ने कहा, मैं चंडीगढ़ में हूं

**एजेंसी।** चंडीगढ़/मुंबई

**मुंबई** के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह ने बुधवार को कहा कि वह चंडीगढ़ में हैं और जल्द ही मुंबई आएंगे। सिंह को मुंबई की एक अदालत ने भगोड़ा घोषित किया है। महाराष्ट्र में जबरन वसूली के कई मामलों का सामना कर रहे आईपीएस अधिकारी ने समाचार चैनलों को बताया कि वह चंडीगढ़ में हैं।

पत्रकार ने जब सिंह से पूछा कि क्या वह (पुलिस या अदालत के समक्ष) आत्मसमर्पण करेंगे, तो उन्होंने कहा कि उन्होंने अगले कदम को लेकर अभी कोई निर्णय नहीं लिया है। सिंह बुधवार शाम सोशल मीडिया ऐप टेलीग्राम पर सामने आए, लेकिन बाद में उन्होंने अपना अकाउंट डिलीट कर दिया। मुंबई पुलिस आयुक्त के पद से स्थानांतरण और महाराष्ट्र के तत्कालीन गृहमंत्री अनिल देशमुख के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद सिंह इस साल मई से काम पर नहीं आए हैं।



### हरियाणा: निजी नौकरियों में 75 फीसदी आरक्षण अधिनियम को चुनौती

# याचिकाकर्ता ने कहा, युवाओं के सांविधानिक अधिकारों का हनन

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** में निजी क्षेत्र की नौकरियों में स्थानीय निवासियों के लिए 75 प्रतिशत आरक्षण अनिवार्य करने के प्रावधान को गुरुग्राम इंडस्ट्रियल एसोसिएशन ने पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में चुनौती दी है। हाईकोर्ट की रजिस्ट्री में याचिका दाखिल की जा चुकी है, जिस पर हाईकोर्ट जल्द सुनवाई करेगा।

याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट को बताया कि निजी क्षेत्र में योग्यता और कौशल के अनुसार लोगों का चयन किया जाता है। अगर नियोक्ताओं से कर्मचारी को चुनने का अधिकार ले लिया जाएगा, तो उद्योग कैसे आगे बढ़ सकेंगे। हरियाणा सरकार का 75 प्रतिशत आरक्षण का फैसला योग्य लोगों के साथ अन्याय है। यह कानून उन युवाओं के सांविधानिक अधिकारों का हनन है, जो अपनी शिक्षा और योग्यता के आधार पर भारत के किसी भी हिस्से में नौकरी करने को स्वतंत्र हैं। याचिकाकर्ता ने कहा कि यह कानून योग्यता के बदले रिहायश के आधार पर निजी क्षेत्र में नौकरी पाने की पद्धति को शुरू करने का प्रयास है। ऐसा हुआ तो हरियाणा में निजी क्षेत्र में रोजगार को लेकर अराजकता की स्थिति पैदा हो जाएगी।

यह कानून निजी क्षेत्र के विकास को भी बाधित करेगा और इसके कारण राज्य से उद्योग पलायन भी आरंभ कर सकते हैं। याची ने कहा कि यह कानून वास्तविक तौर पर कौशलयुक्त युवाओं के अधिकारों का हनन है। 75 फीसदी नौकरियां आरक्षित करने के लिए 2 मार्च, 2021 को लागू अधिनियम और 6 नवंबर, 2021 की अधिसूचना संविधान, संप्रभुता के प्रावधानों के खिलाफ है।




### इन कंपनियों पर लागू होता है कानून

हरियाणा की भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार द्वारा बनाया गया यह कानून निजी क्षेत्र की उन कंपनियों, सोसायटी, ट्रस्ट, साझेदारी फर्म पर लागू होगा, जिसमें 10 से ज्यादा कर्मचारी हैं। एसडीएम या इससे उच्च स्तर के अधिकारी कानून लागू किए जाने की जांच कर सकेंगे और कंपनी परिसर में भी जा सकेंगे। कानून के विभिन्न नियमों का उल्लंघन करने पर नियोक्ता पर 25 हजार रुपये से पांच लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रविधान किया गया है।

### शहर का तापमान

- अधिकतम 27.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 12.00 डिग्री सेल्सियस

### शहर में आज

- बीके अस्पताल की ओपीडी शुरू: सुबह 9 बजे
शहर में जगह-जगह वैक्सीनेश कैम्प: सुबह 10 बजे
- कोरोना जांच प्रयोगशाला में जांच शुरू: सुबह 9 बजे
- वुमेंस पावर की तरफ से सेक्टर-23 में आर्ट एंड क्राफ्ट कक्षा: दोपहर 2 बजे

### निवेश गुरु

**एक** नौकरीपेशा के लिए यह जरूरी है कि वह अपने नौकरी के दौरान ही इस तरह की फाइनेंशियल प्लानिंग कर ले कि उसे रिटायरमेंट पर रुपये पैसे का तनाव न हो। लेकिन कई बार वह निवेश शुरू करने को लेकर देरी कर जाता है। दिग्गज निवेशक हों या मार्केट एक्सपर्ट, निवेशकों को यही सलाह देते हैं कि जितनी जल्दी संभव हो, बाजार में निवेश शुरू करना चाहिए। इसके अलावा वे निवेशकों से अपना निवेश लंबी अवधि का नजरिया बनाकर करने की सलाह देते हैं।

### यूटीलिटी न्यूज

#### किसान का व्यक्तिगत सत्यापन जरूरी

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने कहा कि किसान सीआरएम स्कीम के तहत आगामी 29 नवम्बर को खण्ड स्तर पर व्यक्तिगत किसान के भौतिक सत्यापन अवश्य करवाए। उन्होंने कहा कि जिला के सभी किसान जिन्होंनें गत 02 से 06 नवम्बर तक व 09 और 10 नवम्बर तक सरकार द्वारा चलाई जा रही स्कीम फसल अवशेष प्रबन्धन के लिए सीटू क्रोप रेजीडयु मैनेजमेट स्कीम मे वर्ष 2021-22 स्कीम के दौरान कृषि यन्त्रों पर अनुदान का लाभ लेने के लिए अपनी मशीन खरीद कर अपना बिल कृषि व किसान कल्याण विभाग हरियाणा की वेबसाईट www.agriharyanacrm.com पोर्टल पर अपलोड करवा दिये थे।

### क्विक न्यूज

#### मॉक ड्रिल 29 को

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव के दिशा- निर्देशानुसार आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर आगामी 29 नवंबर को 12 बजे लघु सचिवालय सेक्टर 12 के कमरा नंबर 603 में टेबल टॉप एक्सरसाइज का आयोजन किया जाएगा। इसी कड़ी में 30 नवंबर को राजा नाहर सिंह किला बल्लभगढ़ में 10.30 बजे जॉइंट मॉक एक्सरसाइज का आयोजन भी किया जाएगा। जिसमें पुलिस विभाग, नगर निगम, राजस्व विभाग, बिजली विभाग, स्वास्थ्य विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग, नागरिक सुरक्षा विभाग, रेडक्रॉस विभाग, होमगार्ड विभाग आदि विशेष रूप से भाग लेंगे। इस सम्बंध में चीफ वार्डन सिविल डिफेंस व विषय विशेषज्ञ आपदा प्रबंधन डॉ एमपी सिंह ने बताया कि किसी भी आपदा का कोई समय नहीं होता है। इसलिए आपदा में होने वाले नुकसान से बचने के लिए पूर्व अभ्यास कराना बहुत जरूरी होता है। जिसके लिए डीडीएमए के द्वारा एनडीआरएफ गाजियाबाद के सहयोग से यह पूर्वाभ्यास कराया जा रहा है जोकि अत्यंत अनुकरणीय है।

# लापरवाही : हादसों की खास वजह हैं सड़कों पर दौड़ते अवैध ट्रैक्टर-ट्रॉली

## ट्रैक्टर ट्रॉलियों से माल ढोकर सरकार को पहुंचा रहे राजस्व का नुकसान

राजेश दास। फरीदाबाद



व्यस्त बीके चौक पर लापरवाही से सरिया लादकर ले जाता ट्रैक्टर-ट्रॉली।





सेक्टर-24 के चौक पर लापरवाही से ट्रैक्टर ट्रॉली मोड़ता चालक।

**मोटर** व्हीकल एक्ट के मुताबिक ट्रैक्टर और ट्रॉलियों से सिर्फ कृषि में कार्य ही किया जा सकता है। इनके व्यवसायिक इस्तेमाल के लिए परमिट लेना जरूरी है, लेकिन यातायात पुलिस और सड़क परिवहन विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से शहर की सड़कों पर धड़ल्ले के साथ ट्रैक्टर ट्रॉलियां दौड़ रही हैं। चालक लापरवाही से भारी भरकम माल ट्रॉलियों पर ढोते कहीं भी आसानी से नजर आ जाते हैं। इनमें से करीब 90 प्रतिशत से ज्यादा ट्रैक्टर ट्रॉलियों के पास व्यवसायिक नंबर नहीं हैं। जिससे सरकार को भारी राजस्व का नुकसान हो रहा है, लेकिन संबंधित विभागों को इस बात की जरा भी परवाह नहीं है।

वहीं दूसरी तरफ ट्रैक्टर ट्रालियों में चालकों द्वारा माल बड़ी लापरवाही के साथ लोड किया जाता है। सरिये और लोहे का अन्य सामान ट्रालियों से बाहर झूलता रहता है। शहर में माल ढो रहे ज्यादातर डीजल से चलने वाले ट्रेक्टर दस साल से पुराने हैं और कंडम हो चुके हैं। ट्रैक्टर ट्रॉली चालकों की इस तरह की लापरवाही के कारण शहर की सड़कों पर आए दिन सड़क दुर्घटनाएं भी होती रहती है। आने वाले कोहरे के मौसम में तो यह ट्रैक्टर ट्रॉलियां अन्य वाहन चालकों के लिए जानलेवा साबित हो सकती हैं।

### सड़क दुर्घटनाओं में जा रही जान

**वैसे** तो शहर की सड़कों पर बने गड्ढे सड़क दुर्घटनाओं के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार हैं। लेकिन शहर की सड़कों पर दौड़ रही अवैध ट्रैक्टर ट्रॉलियां और अन्य कंडम वाहन भी कम जिम्मेदार नहीं हैं।

इन कारणों की वजह से आए दिन सड़क पर लोगों की जान जा रही है। वर्ष 2020 में शहर की सड़कों पर कुल 489 सड़क दुर्घटनाएं हुई थी। इनमें 195 लोगों की मौत और 421 लोग घायल हुए थे। इनमें से राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई 122 दुर्घटनाओं में 59 मौत और 99 लोग घायल हुए थे। अन्य सड़कों पर हुई 377 दुर्घटनाओं 136 मौत और 322 लोग घायल हुए थे। वहीं वर्ष 2021 में अक्टूबर तक शहर में कुल 417 सड़क दुर्घटनाओं में 160 मौत और 368 लोग घायल हुए हैं। इनमें राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई 101 दुर्घटनाओं में 44 मौत और 88 लोग घायल हुए हैं। वहीं शहर की अन्य सड़कों पर 136 दुर्घटनाओं में 116 मौत और 280 लोग घायल हुए हैं।

सड़क दुर्घटना के मामले इतनी गंभीर स्थिति होने के बावजूद यातायात पुलिस और प्रशासन द्वारा ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

### बन रहे सड़क दुर्घटनाओं का कारण

**शहर** की सड़कों पर अवैध रूप से माल ढो रही ट्रैक्टर-ट्रॉलियां लगातार दुर्घटनाओं को न्योता दे रही हैं। ट्रैक्टर चालक अपने निजी स्वार्थ के लिए ट्रॉलियों पर क्षमता से ज्यादा और लापरवाही से माल लोड करते हैं। ट्रॉलियों पर लोड होने वाले सरिये और लोहे का अन्य सामान बाहर झूलता हुआ जाता है। लेकिन चालक बेलगाम होकर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को दौड़ाते हुए चलते हैं। ट्रालियों से झूल रहे सरियों के कारण अक्सर अन्य वाहन चालक घायल हो जाते हैं। वहीं दूसरी तरफ ट्रैक्टर ट्रॉली चालकों द्वारा दुर्घटना से बचाव का कोई उपाय नहीं किया जाता। ट्रॉलियों के पीछे बैक लाइट तो होती नहीं है। साथ ट्रैक्टर चालकों द्वारा रिफ्लेक्टर टेप तक लगाने की जरूरत महसूस नहीं की जाती। ऐसे में अंधेरी सड़कों पर दूर से अन्य वाहन चालकों को ट्रेक्टर ट्रॉलियां नजर नहीं आती। तेज सर्दी में पड़ने वाले कोहरे में तो ट्रेक्टर ट्रॉलियों के कारण सड़क दुर्घटनाओं का खतरा कई गुणा बढ़ जाता है। लेकिन इसके बावजूद यातायात पुलिस इन वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने में जरा भी रूचि दिखाने की जरूरत महसूस नहीं करती।

### राजस्व के साथ पर्यावरण का नुकसान



ईस्ट इंडिया चौक के निकट बिना व्यवसायिक नंबर के माल ढोता ट्रैक्टर।

**ट्रैक्टर** ट्रॉलियों का इस्तेमाल कृषि कार्य के लिए विशेष तौर पर किया जाता है। कृषि कार्य के लिए ट्रैक्टर खरीदने पर सरकार की तरफ से सब्सिडी भी दी जाती है। यदि ट्रैक्टर का व्यवसायिक इस्तेमाल कोई व्यक्ति करना चाहता है तो उसके लिए व्यवसायिक नंबर लेना और माल इत्यादि ढोने के लिए आरटीओ से परमिट लेना जरूरी होता है, लेकिन शहर की सड़कों पर माल लाद कर दौड़ने वाले ज्यादातर ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर न तो व्यवसायिक नंबर लगे हैं और न ही इनकी तरफ से परमिट अथवा अन्य कोई टैक्स सरकार को दिया जाता है। जिसकी वजह से सरकार को भारी राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है। वहीं दूसरी तरफ माल ढोने के लिये इस्तेमाल किये जाने वाले ज्यादातर ट्रैक्टर सैकेंड हैंड खरीदे जाते हैं। जिससे यह कुछ समय बाद ही कंडम हो जाते हैं। लेकिन इसके बावजूद इन पर क्षमता से ज्यादा माल लोड कर उन्हें धड़ल्ले के साथ दौड़ाया जाता है। डीजल का इस्तेमाल होने से कंडम ट्रैक्टर पर्यावरण को लगातार नुकसान पहुंचाने का काम कर रहे हैं। काफी संख्या में ट्रैक्टर दस साल से ज्यादा पुराने होने के बावजूद चलाए जा रहे हैं।

### अवैध वाहनों पर कार्रवाई जरूरी



**आरएसओ** के प्रदेश उपाध्यक्ष एसके शर्मा ने कहा कि बड़े पैमान पर ट्रैक्टर का व्यवसायिक इस्तेमाल हो रहा है। सड़कों पर दिन भर अवैध ट्रैक्टर ट्रॉलियों को माल ढोते हुए आम देखा जा सकता है। इनमें से कई ट्रैक्टर चालकों के पास तो ड्राइविंग लाइसेंस तक नहीं हैं। कंडम ट्रेक्टर ट्रॉलियों पर क्षमता से ज्यादा माल लाद कर दौड़ाने से जहां दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है, वहीं उनके द्वारा उगलने वाले धुंए से पर्यावरण को भी काफी नुकसान हो रहा है।

# जीवा स्कूल ने मनाया फ्रूट्स एंड वेजिटेबल्स इयर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सेक्टर 21बी** स्थित जीवा पब्लिक स्कूल में इस वर्ष एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम यूनेस्को की ओर से विश्व भर के बच्चों के पोषाहार के प्रति जागरूक करने के लिए प्रारंभ किया गया है। 'इंटरनेशनल इयर ऑफ फ्रूट्स एंड वेजिटेबल्स 2021' के नाम से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

जीवा पब्लिक स्कूल जिले का एकमात्र ऐसा स्कूल है, जहां पर इस आयोजन के महत्व को समझा गया एवं क्रियाकलापों के माध्यम से छात्रों को भी जागरूक किया गया। छात्रों को सभी ऋतुओं के फलों व सब्जियों के विषय में आकर्षक क्रियाकलापों के माध्यम से जानकारी ऑनलाइन एक्टिविटी के माध्यम से दी गई। विद्यालय के किंडरगार्टन के छात्रों के लिए कई प्रकार के विशेष फलों व सब्जियों का चयन किया गया जिससे वे पोषक तत्वों के विषय में बचपन से ही जान सकें।



सेक्टर 21 बी स्थित जीवा पब्लिक स्कूल में मनाए इंटरनेशनल ईयर ऑफ फ्रूटस एंड वेजिटेबल-2021 में बच्चों द्वारा तैयार किए गए व्यंजन।

इन क्रियाकलापों में छात्रों ने फलों एवं सब्जियों से कई नए प्रयोग किए जैसे कि बच्चों ने कुकिंग विदआउट फायर से ही कई नए व स्वास्थ्यवर्धक व्यंजन तैयार किए। बच्चों के लिए फ्रूट पेस्ट्री तैयार करवाई गई जिसमें अनेक स्वास्थ्यवर्धक सामग्रियों का प्रयोग किया। विभिन्न प्रकार के फलों के सैंडविच तैयार किए गए जिसमें मेयोनेज़ के स्थान पर मलाई का प्रयोग करना सिखाया।

तरबूज एवं पुदीना से निर्मित आकर्षक व स्वादिष्ट पेय पदार्थ मोहितो तैयार किया गया। बच्चों के लिए फलों से ही तरह-तरह के पपेट्स का निर्माण किया गया व आकर्षक ढंग से उन फलों के महत्व व उनके विषय में भी बताया। फलों के राजा आम की खासियत बताने के लिए अनेक प्रकार के व्यंजन तैयार किए गए व विशेष रूप से मैंगो पुडिंग बनवाया गया। जो बच्चों को बहुत पसंद आया। इन गतिविधियों से छात्रों ने विभिन्न ऋतुओं से संबंधित फलों व सब्जियों के सेवन करने के लाभ व हानि दोनों के विषय में भी जाना। छात्रों के लिए यह एक नया अनुभव रहा जिसमें उन्होंने प्ले मैथड से भोजन के पोषक तत्वों के विषय में जाना। छात्रों ने कॉर्न व अंकुरित अनाज का भी आनंद लिया।

# सर छोटूराम जयंती पर किया माल्यार्पण

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**गांव** खेडी कलां में ग्रामवासी व किसानों द्वारा रहबरे आजम दीनबन्धु सर छोटूराम की जयन्ती मनाई गई। छोटूराम भवन में स्थापित उनकी प्रतिमा पर सुवेदार मेजर चौधरी देशराज द्वारा माल्यापर्ण किया गया। इस मौके पर किसान संघर्ष समिति नहरपार फरीदाबाद के महासचिव सत्यपाल नरवत अपनी टीम के साथ विशेष रूप से उपस्थित थे।

ऋषिपाल जांगडा द्वारा जयन्ती पर सभी उपस्थित समूह को मिठाई बांटी गई। अपने मसीहा के जयती समारोह में मुख्य रूप से पूर्व सरपंच जिलेसिह, पत्रकार रामरतन, पंडित प्रताप, प्रकाशचंद, गोविन्दा, गिरोज पंडित विरमपाल, राजेन्द्र सोलंकी, रामकिशन, मंगलीराम, जगदीश, भर्तलाल, कमलसिंह, गिर्राज, देवीराम सोलंकी, पवन नरवत, जजपा नेता पवन, प्रवीण, कृष्ण पहलवान, किशनसिंह, मोहनलाल, चन्दरसिंह, रमणसिंह, डॉ. ग्यासीराम पूर्व सरपंच आदि मौजूद थे।



सर छाटू राम की जयंती के अवसर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते ग्रामीण।

# क्रायो तकनीक का इस्तेमाल करने वाला फोर्टिज पहला अस्पताल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिले** में स्थित फोर्टिस एस्कॉर्ट्स अस्पताल शहर में इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजी में अत्याधुनिक क्रायो तकनीक का इस्तेमाल करने वाला पहला अस्पताल बन गया है। इस टैक्नोलॉजी से एंडोब्रोनकियल ट्यूमर (विंडपाइप के अंदर के ट्यूमर) की बायोप्सी की जा सकेगी। इससे फेफड़ों के कैंसर वाले मरीज़ों के इलाज में बहुत सुधार होगा।

इस तकनीक को फोर्टिस एस्कॉर्ट्स अस्पताल फरीदाबाद में पल्मोनोलॉजी के अतिरिक्त निदेशक और सलाहकार, डॉ. रवि शेखर झा की देखरेख में लागू किया गया है। फोर्टिस एस्कॉर्ट्स अस्पताल फरीदाबाद में पल्मोनोलॉजी के अतिरिक्त निदेशक और एचओडी, डॉ. रवि शेखर झा ने कहा, 'पल्मोनोलॉजी ओपीडी में फेफड़ों के कैंसर के मरीज़ों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। हम हर महीने फेफड़ों के कैंसर के लगभग 10-12 नए मामले देख रहे हैं। जबकि 5 साल पहले हमारे यहां हर महीने करीब 4 केस आया करते थे। युवाओं में यह बीमारी में तेज़ी से बढ़ रही है।

क्रायो- टैक्नोलॉजी कैंसर का जल्दी पता लगाने और कैंसर के बाद के चरणों में पैलीअटिव केयर में मदद करती है। फ्रीजिंग प्रोसेस का इस्तेमाल करके मिनिमली इनवेसिव प्रक्रिया से फेफड़ों के कैंसर से ग्रस्त बड़े हिस्सों को हटाया जाता है। फ्रीजिंग प्रोसेस से सामान्य बायोप्सी में होने वाला रक्तस्राव नहीं होता।' फोर्टिस हेल्थकेयर के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ. अजय डोगरा ने कहा, 'स्वास्थ्य सेवा देने वाले प्रमुख संस्थान के तौर पर हम गैर-संक्रामक और संक्रामक रोगों के उपचार में इस्तेमाल की जाने वाली टैक्नोलॉजी को लगातार अपग्रेड कर रहे हैं।



इस मशीन से होंगे ऑप्रेशन।

# डीसी ने मॉकड्रिल में दिए आपदा से बचाव के टिप्स

## अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रशिक्षण के लिए हुआ मॉकड्रिल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिला** उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने कहा कि प्राकृतिक आपदा के दौरान कैसे स्वयं को अपने सहयोगियों को बचाना है के बारे प्रशिक्षण बेहतर तरीक़े से करें और आपदा के दौरान कही कार्य किया है तो वह अनुभव भी आपस में साझा करें।

उपायुक्त जितेन्द्र यादव आज वीरवार को जिला प्रशासन एवं एनडीआरएफ के सहयोग से लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में आपदा प्रबंधन एवं बचाव विषय पर कार्यशाला में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्बोधित कर रहे थे।



सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय में प्राकृतिक आपदा से बचाव के बारे में जानकारी देते एनडीआरएफ के सदस्य।

उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आज बुधवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में जिला प्रशासन एवं एनडीआरएफ द्वारा संयुक्त आपदा प्रबंधन अभ्यास (मॉक ड्रिल) का आयोजन किया गया। एक दिन का मॉक ड्रिल में प्राथमिक उपचार और सीपीआर चैक करने बारे विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कार्यशाला दो सत्रों में आयोजित की गई। इसमें पहले चरण में टेबल टॉप एक्सरसाईज की जानकारी दी गई। इसमें एनडीआरएफ की टीम के पवन कुमार द्वारा अलग-अलग घटनाओं की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी और वहां से टीमों के पहुंचने व आपदा से निपटने के रिसपांस के बारे में भी बताया। दूसरे सत्र में कर्मचारी व अन्य के साथ आपदा से निपटने के लिए एनडीआरएफ की टीम के सदस्यों द्वारा प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया।

एनडीआरएफ की 8वीं बटालियन टीम के सदस्यों द्वारा आपदा प्रबंधन को लेकर मॉक ड्रिल का अभ्यास किया गया। जिसमें कार्यालयों में काम करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों को आपदा की स्तिथि का सामना करने के बारे में विस्तार पूर्वक अवगत करवाया गया। कार्यशाला में आपदा के समय घायल व्यक्ति को कैसे प्राथमिक उपचार देकर अस्पताल तक पहुंचाने के तरीकों की जानकारी विस्तार से दी गई। एनडीआरएफ की टीम ने बताया कि आपदा का कोई भी समय नहीं होता।

### पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट बल्लभगढ़ 9811477204
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103





निगाहें थक गई हैं चाह में अब तो सवेरों की
उजाले मार सहते हैं यहाँ सचमुच अँधेरों की
भले मानों नहीं मानों यहाँ अब दो ही हैं क़ौमे
है जिनमें इक कमेरों की तो है दूजी लुटेरों की

# यदि संभव हुआ तो मरणोपरांत दिल दान दूंगी: स्मृति

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**केंद्रीय** महिला एवं बाल विकास कल्याण मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि देहदान करने का संकल्प कागज पर लेने के बाद कई बार ऐसा भी होता है, जब मन में अपने संकल्प पर संशय होने लगता है, लेकिन धन्य हैं वे परिजन और वे लोग जिन्होंने इस संकल्प को अडिग रहते हुए पूरा करते हैं। उन्होंने इच्छा व्यक्त करते हुए कहा कि अगर संभव हुआ तो वे भी मरणोपरांत अपने अंगदान करना चाहेंगी। उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा कि जिसने वैक्सीन का दूसरा डोज न लगवाया हो मास्क पहनें और हाथ धोकर आएं। अन्यथा कुछ दिन में ही देहदान हो जाएगा।

दधीचि देहदान समिति और मांगेराम गर्ग न्यास के संयुक्त कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय मांगेराम गर्ग की जयंती अवसर पर मंत्री ने यह उदगार व्यक्त किये। मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि वे करीब चौदह वर्ष पूर्व दधीचि देहदान समिति के कार्यक्रम में शामिल हुई थीं और बुधवार को पुन: इस कार्यक्रम में आने से लगा कि जैसे वे वनवास पर थी, आज लौटी हैं। उन्होंने कहा कि इस मंच से उन परिवार के लोगों को प्रणाम करती हूं जिन्होंने सभी भावनाओं संघर्ष से जूझकर देहदान कराया। क्योंकि केवल कागज पर कलम चलाकर के देहदान संकल्प की बात होना अलग है और उसे पूरा करना अलग। क्योंकि कई बार संकल्प के बाद भी संशय आता है। उन्होंने एक वाकये का जिक्र करते हुए कहा कि उस बच्चे के परिवार की हालत, मां पर क्या बीती होगी। उसके पराक्रम को वास्तव में सलाम है, जिसने बच्चे को कोख में 9 माह तक पाला और 7 दिन जीवित रहने के बाद बच्चे के मृत होने पर उसके अंगदान करने का निर्णय लिया। स्मृति ने मंच से कहा कि यदि संभव हुआ और मरणोपरांत भी दिल धड़कता हो तो दिल दान कर दूंगी।

आलोक कुमार ने कहा कि दधीचि जयंती जब थी उस समय कोरोना पीक पर था, ऐसे समय में लोगों को बुलाना संभव नहीं था। इसीलिए नव दधीचि (मांगेराम गर्ग) की जयंती पर ये कथा हो, ऐसा सोचा। कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता, प्रदेश भाजपा संघ समन्वय दयानंद, स्वर्गीय मांगेराम के पुत्र एवं भाजपा प्रवक्ता सतीश गर्ग, भाजपा नेता प्रवीण सिंह, प्रदेश महामंत्री हर्ष मल्होत्रा, मीडिया प्रमुख नवीन कुमार, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश उपाध्याय आदि शामिल रहे।



दधीचि देहदान समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करती केंद्रीय महिला बाल विकास कल्याण मंत्री स्मृति ईरानी।

# जेसी बोस ने जीती अंतर कालेज कबड्डी प्रतियोगिता



जेबी बोस विवि में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जेसी** बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के छात्र कल्याण कार्यालय द्वारा एक दिवसीय अंतर कालेज कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विवि एवं संबद्ध कालेजों की 13 टीमों ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता में विविद्यालय के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। कुलपति राज नेहरू तथा डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. लखविन्दर सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी है। प्रतियोगिता में एनजीएफ कालेज पलवल ने दूसरा और सतयुग दर्शन कालेज फरीदाबाद व बीएस अनंगपुरिया कॉलेज फरीदाबाद ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। पुरस्कार वितरण समारोह में डिप्टी डीन डॉ. हरीश कुमार, खेल समन्वयक शैलेंद्र उपस्थित रहे।

# प्रदूषण के कारण बढ़ रहे जिले में श्वांस रोग के मरीज

**कविता।** फरीदाबाद

**लगातार** चल रही तेज हवाओं के चलते प्रदूषण के स्तर में हल्की गिरवाट देखने को मिली है, लेकिन प्रदूषण का स्तर अभी भी बहुत खराब श्रेणी में बना हुआ है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार सोमवार को फरीदाबाद देश का 5वां सबसे प्रदूषित शहर रहा।

बढ़ते प्रदूषण के कारण अस्पतालों में श्वांस के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। जहां अस्पताल के अपातकालीन कक्ष में मरीज बढे हैं, वहीं बीके की ओपीडी में भी श्वास के मरीज प्रतिदिन लगभग सौ से डेढ सौ की संख्या में आ रहे हैं। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि शहर के निजी और सरकारी अस्पतालों में श्वांस के मरीज इस बदलते मौसम में कितनी तेजी से बढ़ रहे हैं।


बीके अस्पताल के अपातकालीन कक्ष में मरीजों की जांच करते डॉ. योगेश गुप्ता।

जानकारी के मुताबिक केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने सोमवार को देश के 136 शहरों का एयर बुलेटेन जारी किया। जिसके अनुसार फरीदाबाद देश का 5वां सबसे प्रदूषित शहर रहा। वहीं बल्लभगढ़ में प्रदूषण को लेकर स्थिति फिलहाल काफी सुधरी हुई नजर आ रही है। दो दिन से जिले में तेज हवाओं के चलने का सिलसिला जारी है। जिससे प्रदूषण के स्तर में हल्की कमी देखी गई है।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के रीजनल ऑफिसर दिनेश ने बताया कि हवाओं की गति कॉफी तेज हो गई है। आने वाले दिनों में हवा चलते रहने की स्थिति में प्रदूषण से काफी राहत मिलने की उम्मीद है। लेकिन इन सबके बावजूद शहर के निजी और सरकारी अस्पतालों में प्रदूषण ने श्वांस के रोगियों की संख्या को बढ़ा दिया है। डॉक्टरों के मुताबिक यह मौसम सांस के रोगियों के लिए बिल्कुल भी अनुकूल नही है। ऐसे में मरीजों को सावधानियां बरतने की जरूरत है।

### चिकित्सक का कथन

**बादशाह** खान अस्पताल के फिजिशियन एवं चेस्ट स्पेशलिस्ट डॉ. योगेश गुप्ता ने बताया कि प्रदूषण और बढ़ती ठंड श्वास के रोगियों को बड़ी ही तेजी से अपनी चपेट में ले रही है। इस कारण अस्पताल में श्वास के मरीजों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। उन्होंने बताया कि धुएं में रेस्पेक्ट्री इंफ्लूएंजा वायरस पाया जाता है, जो कि श्वास के रोगियों के लिए काफी खतरनाक होता है। वातावरण में प्रदूषण की मात्रा बढ़ जाने के कारण हवा भारी हो जाती है। जिस कारण धुआं, धूल, आदि सब हवा में घुल जाते हैं और सांस के जरिए लोगों के शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। जिस कारण इसका लोगों के शरीर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

# सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने कसा पुराने वाहनों पर शिकंजा

## फरीदाबाद ट्रैफिक पुलिस ने 336 वाहनों को किया जब्त

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**दिल्ली** एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट की तरफ से 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल से चलने वाले वाहनों को चलाने पर प्रतिबंध लगाया गया था। लेकिन इसके बावजूद शहर की सड़कों पर पुराने वाहन धड़ल्ले के साथ चलाए जा रहे हैं। जिसकों देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस को पुराने वाहनों के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए कार्रवाई करने के आदेश दिये गए हैं।

हालांकि पुलिस की तरफ से पहले ही पुराने वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने के दावें समय समय पर किये जा रहे थे। लेकिन अब पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ों के आदेश पर पुलिस ने पुराने वाहनों के खिलाफ अभियान चलाने का फैसला लिया है।


सेक्टर-21 सी स्थित पुलिस कार्यालय में आयोजित बैठक को संबोधित करते पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा।

पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने बुधवार को अपने कार्यालय में इस संदर्भ में एक बैठक बुलाई थी। जिसमें उन्होंने सड़क सुरक्षा व सुचारू यातायात संचालन के संबंध में पुलिस अधिकारियों को 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। बैठक में मौजूद अधिकारियों ने पुलिस आयुक्त को अवगत करते हुए बताया कि ट्रैफिक पुलिस फरीदाबाद ने 210 पेट्रोल और 126 डीजल वाहनों को जब्त किया है।

पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि फरीदाबाद के एनआईटी जोन की पुलिस टीम ने 40 डीजल, 23 पेट्रोल, सेन्ट्रल जोन 68 डीजल, 31 पेट्रोल, बल्लबगढ़ जोन 16 डीजल, 8 पेट्रोल और थाना ट्रैफिक पुलिस की टीम ने 86 डीजल, 64 पेट्रोल वाहनों को जब्त किया है। सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के आदेशों को सख्ती से लागू करते हुए जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। इसके तहत वाहन मालिकों को निर्धारित समय पूरा कर चुके वाहनों को स्क्रैप (कबाड़) करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के अनुसार एक डीजल व्हीकल 24 पेट्रोल कारों या 40 सीएनजी व्हीकल्स के बराबर प्रदूषण फैलाता है। जिसके बाद एनजीटी ने दिल्ली-एनसीआर के आरटीओ को ऐसे सभी वाहन डी-रजिस्टर्ड करने का आदेश दिया है। ऐसे वाहनों को कोई रियायत नहीं मिलेगी। आदेशों के खिलाफ पुराने वाहन सड़क पर चलाने वाले मालिकों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई होगी। पुराने वाहन चलाते हुए पकड़े जाने पर गाड़ी को जब्त करने के साथ साथ 10 हजार रुपये के जुर्माने का प्रावधान है।

# सर्वजातीय सामूहिक विवाह बंधन में बंधे 25 जोड़े


महाराजा अग्रसेन विवाह समिति के द्वारा आयोजित सर्वजतीय सामूहिक विवाह में एक दूसरे को वर माला पहनाते वर-वधु।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**महाराजा** अग्रसेन विवाह समिति का 21वां सर्वजातीय 25 जोड़ों का सामूहिक विवाह बड़ी धूमधाम से किया गया। बारात अग्रसेन भवन सेक्टर-19 से ओल्ड फरीदाबाद की मार्किट से होती हुई बैण्ड बाजे, डीजे आदि के साथ दशहरा मैदान सेक्टर-16ए फरीदाबाद में पहुंची।

प्रधान ब्रह्मप्रकाश गोयल व उनके साथियों ने आए हुए सभी अतिथियों का पगड़ी बांध करए शाल व फूल.मालाओं से स्वागत किया। पूरे हिन्दु रीति-रिवाज से दूल्हा-दुल्हन की जयमाला व फेरे करवाए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भागीरथ पचेरीवाला राष्ट्रीय कार्य समिति अध्यक्ष अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, संस्थापक गणपति भवन धर्मशाला अयोध्या, अपर्णा जैन, नीतेंद्र यादव कानपुर, पूर्व सीएमओ फरीदाबाद आर.सी. अग्रवाल के अलावा सहयोगी संस्था भारत विकास परिषद, परम सानिध्य बीएम जिन्दल, प्रदीप अग्रवाल, नगर निगम के उपमहापौर मनमोहन गर्ग, अनिल गुप्ता चांदी वाले, अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेन्द्र शर्मा बबली, वरिष्ठ अधिवक्ता ओ.पी. शर्मा, पंकज सिंगला, दुलीचंद अग्रवाल, जे.पी. अग्रवाल, महेश मित्तल बल्लबगढ़, समाजसेवी अरूण मिश्रा, प्रदीप गुप्ता, एडवोकेट पंकज पाराशर, पूनम भाटिया आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### जिले में 26 लाख 72 हजार 842 लोगों को लगी वैक्सीन

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने कहा कि फरीदाबाद के पांचों लेबर चौकों पर और तीनों सब्जी मण्डियों में कोविड-19 के बचाव के लिए नियमित रूप से हर रोज वैक्शीनेशन कैम्प आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज बुधवार तक जिला में 2672842 लोगों को कोविड-19 के वायरस के बचाव के लिए दोनों डोज लगाए गए। डीसी ने कहा कि नोवल कोरोना वायरस के फैलाव को रोकने के लिए टीकाकरण एक सशक्त माध्यम है। इनमें पहली डोज के 1707205 और दूसरी डोज के 965637 लोगों को लगाए गए वैक्शीनेशन शामिल है। डॉ. मानसिंह ने बताया कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार फरीदाबाद जिला में 1581411 लोगों को वैक्शीनेशन करने का टारगेट दिया गया था। उन्होंने बताया कि आज बुधवार को 10950 लोगों को वैक्शीनेशन किए गए।


सिविल अस्पताल में कोविड-19 से बचाव का टीका लगाती स्वास्थ्यकर्मी।

### नगर निगम फरीदाबाद ने 11 इकाईयों को किया सील

**फरीदाबाद।** नगर निगम फरीदाबाद द्वारा बकायाजात की वसूली की मुहिम में तेजी लाते हुए 24 नवंबर को 11 इकाईयों को सील किया जिन पर करीब 12.70 लाख रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है, । एनआईटी जोन-2 ने 03 चल रही इकाईयों को सील किया जिन पर करीब 03.51 लाख रूपये का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है जिनमें से 01 इकाईयों ने प्रोपर्टी टैक्स मौके पर ही जमा करा दिया है, बल्लभगढ जोन-1 ने 08 चल रही इकाईयों को सील किया जिन पर करीब 09.21 लाख रूपये का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है निगमायुक्त यशपाल यादव ने कहा कि जिन इकाईयों को सील किया जा चुका है और उनकी ओर से बकाया सम्पत्ति कर की राशि प्राप्त नहीं हुई है, उन इकाईयों की जल्दी ही निगम द्वारा नीलामी करने की कार्यवाही अमल मे लाई जाएगी। आयुक्त ने करदाताओं से अपील की है कि इस प्रकार की कठोर कारवाई से बचने के लिये सभी अपने-अपने बकायाजात की अदायगी तुरन्त करें। इसके साथ-साथ आयुक्त नगर निगम ने सम्बंधित अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि 31 मार्च 2022 तक सभी सम्पत्ति कर बकायादारों से बकायाजात वसूल किया जाये या उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।


टैक्स जमा ना करवाने वालों की प्रापर्टी सील करते नगर निगम के अधिकारी।

### पार्क के सौंदर्यीकरण कार्य का किया शुभारंभ

**फरीदाबाद।** बड़खल विधायक सीमा त्रिखा ने बुधवार को डी प्लान के तहत 5-एल ब्लॉक स्थित पार्क के नवीनीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ वरिष्ठ नागरिकों के हाथों नारियल फुड़वाकर कराया। इस कार्य पर दस लाख रुपये की लागत आएगी। इस दौरान त्रिखा का क्षेत्रवासियों ने फूलमालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर त्रिखा ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल का प्रयास है कि शहर के सभी पार्क सुंदर व स्वच्छ बने रहे। इस अवसर पर महंत मुनिराज, अमित आहूजा, सोहन लाल बत्रा, बिशंभर भाटिया, वीरेंद्र कक्कड़, राजेश भाटिया, भोला, रीता भाटिया, बॉबी, निहाल भाटिया, अशोक भाटिया तथा मंजीत सिंह गणमान्य जन विशेष रूप से उपस्थित रहे।


एन एच पांच एल ब्लाक में पार्क का नवीनीकण एंव सौंदर्यकरण कार्य का शुभारंभ करती बड़खल की विधायक सीमा त्रिखा।

### जेसी बोस में दो दिवसीय आरिएंटेशन कार्यक्रम

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कम्युनिकेशन एवं मीडिया टेक्नोलॉजी विभगा द्वारा जर्नलिज्म, एनिमेशन व मल्टीमीडिया एवं सोशल वर्क सहित मीडिया अध्ययन के नये विद्यार्थियों के लिए 25 और 26 नवंबर को दो दिवसीय आरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। इस ऑरिएंटेशन प्रोग्राम में मुख्य वक्ताओं के रूप में मीडिया एवं मनोरंजन जगत की प्रमुख हस्तियों को आमंत्रित किया गया है, जिसमें अनुभवी पत्रकार पद्मश्री आलोक मेहता, प्रसिद्ध फिल्म निर्माता डॉ भुवन लाल और डिजिटल अमर उजाला के संपादक जयदीप कार्णिक शामिल हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि के कुलपति श्री राज नेहरू करेंगे।

### कंगना रनौत के खिलाफ पुलिस को दी शिकायत

**फरीदाबाद।** महिला कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुनीता फागना के नेतृत्व में बुधवार को कंगना रनौत द्वारा जो अपने साक्षात्कार में हमारे स्वतंत्रता सेनानी को लेकर बहुत ही गलत शब्दों में टिप्पणी की थी। इस को लेकर सेक्टर-11 चौकी में थाना प्रभारी को लिखित रूप में शिकायत दर्ज कराई ताकि कंगना रनौत पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। सुनीता फागना ने भारत सरकार से अनुरोध करते हुए कहाकि उनका पद्मश्री अवार्ड वापस लिया जाए। जो स्वतंत्रता सेनानी को लेकर बहुत ही गलत शब्दों में टिप्पणी करती है। गौरतलब है कि अपने बयानों को लेकर आए दिन चर्चा में रहने वाली रनौत ने गुरुवार को यह कहकर विवाद उत्पन्न कर दिया था कि भारत को वास्तविक आजादी 2014 में मिली थी।



सेक्टर 11 पुलिस चौकी में अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ शिकयत देते कांग्रसी।

# कोरोना: एक की मौत, छह पॉजिटिव से आंकड़ा पहुंचा 99929

**कविता।** फरीदाबाद

**लापरवाही** के कारण बार फिर कोरोना ने शहर में पैर पसारने शुरू कर दिये हैं। जिले में बुधवार को कोरोना से एक की मौत हो गई और छह नए मामले पॉजिटिव आए। ऐसे में जिले में कोविड-19 का आंकड़ा 99929 पर पहुंच गया है। जिले में पांच महीने बाद हुई एक मौत से नगर निगम कर्मचारी भी सकते में हैं। जिले में हुई पॉजिटिव की मौत का स्वास्थ्य विभाग के पास कोई आंकड़ा नहीं है।

**यहां हुई मौत :** संत नगर निवासी पूजा ने बताया उसके पिता 52 वर्षीय मदन लाल को श्वांस लेने में दिक्कत हो रही थी। जिस पर उन्हें 22 नवंबर को ईएसआई अस्पताल में भर्ती करवाया गया। लेकिन उनकी हालत बिगडने पर वह एशियन अस्पताल ले गए। जहां उनकी हार्ट बीट कम होने पर उन्हें वेंटीलेटर पर रखा गया था। 23 नवंबर की शाम को उनका कोविड-19 का सैम्पल जांच के लिए भेजा गया था। अगले दिन उनकी पॉजिटिव रिपोर्ट आई। लेकिन उनकी हालत बिगड़ चुकी थी और कुछ देर बाद ही उनकी मौत हो गई। स्वास्थ्य विभाग इस मामले में चुप्पी साधे बैठा है। नगर निगम ने कोविड-19 की गाइडलाइन के अनुसार व्यक्ति का अंतिम संस्कार किया है।


कोरोना की जांच करवाता जतिन।

**छह मरीज पॉजिटिव :** जिले में बुधवार को कोरोना के छह नए मामले सामने आए हैं। जिसमें सेक्टर-46 से 2, सेक्टर-20, सेक्टर-28, ग्रीन फिल्ड कालोनी और अशोक इंक्लेव से 1-1 मरीज शामिल है। वहीं एक कोरोना पॉजिटिव ने कोविड की जंग जीत ली है। जिससे जिले में एक्टिव केसों की संख्या 12 हो गई है। जिले का रिकवरी रेट 99.27 प्रतिशत पर पहुंच गया है। सभी एक्टिव केस होम आईसोलेशन पर है। पिछले 24 घंटे में 1420 सैम्पल जांच किए गए। अभी 1500 मरीजों की रिपोर्ट आनी शेष है। जिले में छह नए मरीज आने से पॉजिटिव मरीजों की संख्या 99929 पर पहुंच गई है।

**मांगी है रिपोर्ट :** कोरोना के जिला नोडल अधिकारी डॉ. रामभगत ने बताया कि मृतक व्यक्ति की रिपोर्ट अभी उनके पास नहीं आई है।

# रोटरी को आउट स्टैंडिंग क्लब का सर्वोच्च अवार्ड

## वर्ष 2019-20 में किए गए उल्लेखनीय जनहित कार्यों के लिए अवार्ड से किया गया है सम्मानित


रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद एनआईटी के प्रधान विवेक सूद को आउट स्टैंडिंग क्लब के सर्वोच्च अवार्ड से सम्मानित करते अतिथि।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**रोटरी** की ओर से पिछले दिनों दिल्ली में रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3011 के सभी 29 जोन के करीब 120 क्लबों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में रोटरी क्लब ऑफ फ़रीदाबाद एनआईटी को आउटस्टैंडिंग क्लब अवॉर्ड से नवाजा गया। समारोह में सभी 120 क्लबों द्वारा पिछले वर्षों में किए गए सराहनीय कार्यों पर चर्चा करने के बाद उनके विभिन्न उल्लेखनीय प्रोजेक्ट्स के लिए विभिन्न क्लबों को विभिन्न अवॉर्डों से सम्मानित किया गया।

आउट स्टैंडिंग क्लब अवॉर्ड से सम्मानित होने वाले फ़रीदाबाद के मात्र तीन में से एक क्लब फ़रीदाबाद एनआईटी रहा। रोटरी क्लब फ़रीदाबाद एनआईटी को वर्ष 2019-20 में किए गए उल्लेखनीय जनहित कार्यों के लिए इस अवॉर्ड से सुशोभित किया गया। इस सम्मान के अलावा तत्कालीन प्रेसिडेंट विवेक सूद को आउट स्टैंडिंग प्रेसिडेंट एवं तत्कालीन सचिव गुरमीत सिंह को एलीट सेक्रेट्री का सम्मान दिया गया। इसके अतिरिक्त क्लब के 2 वरिष्ठ सदस्यों प्रेम प्रकाश पसरिचा तथा अनिल मगु को भी उनके योगदान के लिए सराहा गया।

तत्कालीन डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुरेश भसीन ने रोटरी क्लब फ़रीदाबाद एनआईटी द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि फ़रीदाबाद मे क्लब की ओर से बी के हॉस्पिटल मे क्लब फुट क्लीनिक चलाया जा रहा है जहां पर की छोटे बच्चे जो की क्लब फुट की बीमारी से पीड़ित है उनका निशुल्क इलाज किया जाता है इसके इलावा रोटरी क्लब फ़रीदाबाद एनआईटी शिक्षा के क्षेत्र मे उल्लेखनीय कार्य कर रहा है । क्लब की और से ग्रामीण सरकारी तथा अन्य स्कूलों मे निशुल्क किताबे भी उपलब्ध करवाई जाती है जिसके लिए रोटरी एनआईटी द्वारा एक बुक बैंक की भी स्थापना की गई है । इसके अतिरिक्त रोटरी क्लब फ़रीदाबाद एनआईटी द्वारा 3 निशुल्क कम्प्युटर ट्रेनिंग सेंटर भी चलाये जा रहे है। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 2019-20 भसीन ने कोरोना काल मे फ़रीदाबाद के समस्त रोटरी क्लबों द्वारा एक जुट हो कर निशुल्क भोजन, सूखे अनाज, सैनिटाइजर, मास्क, दवाइयों का वितरण करने तथा कोविड जैसी महामारी मे ब्लड डोनेशन प्लासमा डोनेशन व जागरूकता अभियान आदि कार्यों की सराहना करते हुए समस्त रोटरी मेम्बर्स को प्रेरणा लेते हुए शहरों में आने वाले समय में इस प्रकार के अभियान के लिए प्रेरित किया।

# दो किलोग्राम गांजे के साथ एक गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के निर्देशों का पालन करते हुए पुलिस थाना सेक्टर 7 की टीम ने कृष्णा कॉलोनी में नाकाबंदी कर एक स्कूटी सवार आरोपी को 1 किलो 990 ग्राम गाँजा के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम संदीप है, जो कृष्णा कॉलोनी का रहनेवाला है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह के अनुसार, पुलिस थाना प्रभारी नवीन कुमार को गुप्त सूचना मिली कि आरोपी अपनी स्कूटी पर सवार होकर अवैध गांजा बेचने के लिए आ रहा है। सूचना प्राप्त होने के थाना प्रभारी ने टीम गठित की आरोपी की धरपकड़ के लिए टीम को रवाना कर दिया। पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर नाकाबंदी करते हुए वहां से गुजरने वाले सभी दोपहिया वाहनों पर अपनी नजर बनाये रखी। तभी पुलिस को एक स्कूटी आते दिखाई दी। पुलिस ने स्कूटी रोककर उसकी तलाशी ली। तलाशी में पुलिस ने 1 किलो 990 ग्राम गांजा बरामद किया। आरोपी को गांजा सहित थाना सेक्टर 7 लाकर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

# उपलब्धियों भरा रहा डीसीपी डा. अंशु सिंगला का कार्यकाल

## पुलिस अधिकारी के साथ-साथ पेश की मानवता की मिसाल

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**पुलिस** उपायुक्त मुख्यालय के पद पर तैनात रही डीसीपी डॉ. अंशु सिंगला का तबादला फरीदाबाद से कुरुक्षेत्र के पुलिस अधीक्षक के पद पर हो गया है। पुलिस आयुक्त कार्यालय के कांफ्रेंस हाल में डॉ अंशु सिंगला की विदाई पार्टी की गई। पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा ने अपने प्रेरणात्मक संदेश में डॉ अंशु सिंगला को कुरुक्षेत्र पुलिस अधीक्षक के तौर पर बेहतर कार्य करने के संदेश के साथ उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

डा. अंशु सिंगला 2014 बैच की आईपीएस अधिकारी हैं। फरीदाबाद में वह जुलाई 2020 से डीसीपी हेडक्वार्टर के पद पर तैनात थी। इससे पहले भी वह वर्ष 2019 में 8 महीनों के लिए इस पद पर कार्यरत थी। इस प्रकार उन्होंने 2 वर्ष तक फरीदाबाद में डीसीपी मुख्यालय के तौर पर अपनी सेवाएं दी। उन्होंने अपने कार्यकाल में कानून व्यवस्था को बहुत ही बेहतरीन ढंग से संभाला और कॉविड महामारी के दौरान चपेट में आए पुलिसकर्मियों को योग के माध्यम से बीमारी से लड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इनकी मेहनत रंग लाई और फरीदाबाद के लगभग पुलिसकर्मी कोरोना को पराजित करके एकदम स्वस्थ हो गए।

आईपीएस बनने से पहले वह डॉक्टर थी जो मानवता की भलाई के लिए लगातार कार्य करती रही हैं। इंसानों के साथ उन्हें पशु पक्षियों से बहुत ज्यादा लगाव है। वह पूरी संजीदगी के साथ दूसरों के दुख को महसूस करके उनका समाधान करने का हर संभव प्रयास करती है और उसमे सफल भी हुई है। एक अपाहिज डॉगी रॉकी को लंदन पहुंचाकर उसे नया जीवन देने में भी इनका अहम रोल था।


सेक्टर 21 सी स्थित पुलिस कमिश्नर कार्यालय में विदाई पार्टी में डीएसपी अंशु सिंगला को स्मृति चिन्ह भेंट करते पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा।

# टीबी विभाग ने मनाया निश्चय दिवस


बीके असपताल में आयोजित कार्यक्रम में टीबी के मरीजों को बचाव के बारे में जानकारी देती डिप्टी सीएमओ डा. शीला भगत।

**फरीदाबाद।** हर महीने की 24 तारीख को निश्चय दिवस मनाया जाता है। इसी के तहत सिविल हॉस्पिटल फरीदाबाद के क्षयरोग डिपार्टमेंट में निश्चय दिवस मनाया गया। इस में रोटरी क्लब से भी प्रेसिडेंट और महासचिव शामिल हुए। सुभाष गहलोत एमडीआर टीवी कोऑर्डिनेटर ने लोगों को ट्यूब क्लेचर की बीमारी के बारे में बताया।

जिसमें उन्होंने बताया कि क्षयरोग हवा के द्वारा फैलने वाली बीमारी है। यह हमारे खांसते समय, छींकते समय, बोलते समय जो थूक के कण निकलते हैं वो हवा के द्वारा दूसरे व्यक्ति को संक्रमित कर सकते हैं। इसके लक्षण दो हफ्ते से ज्यादा खांसी, वजन का घटना, लंबा बुखार, रात को पसीने आना, यह टीवी के लक्षण हो सकते हैं। इसके लिए दो जांच की जाती है। बलगम की जांच और छाती का एक्स रे की जांच। क्षयरोग निकलने पर उसकी नॉर्मल दवाइयां 6 महीने चलती हैं।

# प्रदूषण के खिलाफ एक्शनएड एसोसिएशन चला रहा अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**वायु** प्रदूषण दिल्ली में गंभीर मसला है। कई कारण ऐसे हैं, जिनके चलते सर्दियों में स्थिति और भी बिगड़ जाती है। इस मौसम में प्रदूषण का धुआं और फॉग मिलने से स्मॉग बन जाता है। स्वच्छ पर्यावरण के प्रति जागरूकता के लिए एक्शनएड एसोसिएशन मेकिंग देल्ही ग्रीन के नाम से अभियान शुरू किया है।

दिल्ली के प्रदूषण में निजी वाहनों की बड़ी भूमिका है। इसे देखते हुए कई युवा वॉलंटियर्स के साथ मिलकर 'पेडलिंग फॉर एनवायरमेंट साइक्लोथॉन' का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत लोगों को साइकिल और सार्वजनिक परिवहन के विकल्पों के प्रयोग के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। अलग-अलग जगहों पर साइक्लोथॉन के जरिये वॉलंटियर लोगों को वायु प्रदूषण कम करने व इससे बचाव के तरीकों को लेकर भी जागरूक कर रहे हैं। कोरोना महामारी ने वायु प्रदूषण के मुद्दे को और अहम बना दिया है।


अभियान के दौरान एक्शनएड एसोसिएशन के सदस्य

एक्शनएड एसोसिएशन के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर संदीप चचरा ने कहा, 'हम इस बात को सबके सामने रखना चाहते हैं कि प्रदूषण के खिलाफ अभियान में कोई रामबाण नहीं है। सरकार व प्रशासन की ओर से कुछ प्रतिबंध एवं कड़े कदम प्रभावी दिखाई देते हैं। हालांकि जब ऐसे कदम उठाए जाते हैं, तो लोगों में नाराजगी भी दिखती है। इसलिए कई मोर्चे पर काम करने की जरूरत है। सबसे अहम यह है कि सरकार प्रदूषण के स्रोतों को पहचानते हुए स्रोत पर ही प्रदूषण रोकने की दिशा में कदम उठाते हुए प्रदूषण को लेकर अपनी गंभीरता का परिचय दे। हम सार्वजनिक परिवहन में निवेश करते हुए लोगों को निजी वाहनों का इस्तेमाल कम करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। अगर किसी उद्योग से प्रदूषण हो रहा है, तो उसके खिलाफ सख्त कदम उठाया जाना चाहिए। पराली के कारण होने वाले प्रदूषण से निपटने के लिए पराली के बेहतर इस्तेमाल के विकल्प किसानों को दिए जाने चाहिए। इनमें से कई समाधान हमें पता हैं और जरूरत है इन्हें प्रभावी तरीके से क्रियान्वित करने की और लोगों को जागरूक करने की। ऐसा करते हुए ही प्रदूषण को थामा जा सकता है।'

# पर्यावरण बचाने की मुहिम में 250 टैंकर से छिड़काव



गुरुग्राम में पर्यावरण में सुधार को लेकर छिड़काव करते पर्यावरण संरक्षण विभाग हरियाणा की ओर से चलाए गए टैंकर।

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**पर्यावरण** संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा की ओर से शहर में पर्यावरण में सुधार को लेकर किए जा रहे छिड़काव का काम लगातार जारी है। विभाग की ओर से 250 टैंकर से नये व पुराने गुरुग्राम में छिड़काव किया जा रहा है।

विभाग प्रमुख नवीन गोयल के मुताबिक जब तक पर्यावरण में सुधार की रिपोर्ट नहीं आ जाती, तब तक यह काम जारी रहेगा। नवीन गोयल के मुताबिक 18 नवम्बर को इस कार्य की शुरुआत 10 टैंकर के साथ की गई थी।

शहर को दो जोन में बांटकर छिड़काव का कार्य शुरू किया गया। इसके साथ ही सबसे पहले शहर की बड़ी सड़कों, उसके बाद छोटी सड़कों पर छिड़काव का काम किया गया। जरूरत के अनुसार टैंकर्स की संख्या भी बढ़ाई गई। शहर को प्रदूषण मुक्त करने में यहां उड़ने वाली धूल-मिट्टी को खत्म करना जरूरी है। इसके लिए पानी का छिड़काव ही कारगर उपाय है। उन्होंने कहा कि इस काम के लिए पहले शहर की 24 सड़कों को चिन्हित किया गया। इसमें 12 पुराने गुरुग्राम में और 12 नए गुरुग्राम की सड़कें शामिल हैं। एक सप्ताह के भीतर लगातार इन सभी क्षेत्रों में पानी का छिड़काव करके धूल-मिट्टी को खत्म करने का काम किया गया है।

### नये व पुराने गुरुग्राम में लगातार जारी है काम

### पर्यावरण में सुधार तक छिड़काव रखा जाएगा जारी

## शहरवासी पर्यावरण के प्रति रहें गंभीर

**नवीन** गोयल ने एक बार फिर से शहर के लोगों से अपील की है कि वे पर्यावरण के प्रति गंभीर रहें। अपने घरों के आसपास सफाई व्यवस्था रखने के साथ पानी का छिड़काव करते रहें। यह हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी बनती है। हमारे घरों में बच्चे और बुजुर्ग सबसे अधिक पर्यावरण प्रदूषण का शिकार होते हैं। विशेषकर बीमार बुजुर्गों को तो और अधिक परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण के कारण होने वाली परेशानियों को देखते हुए हरियाणा सरकार ने प्रदेश में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल निरंतर इस विषय पर संगठन और प्रशासनिक अधिकारियों से मंत्रणा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण का प्रदूषित होना हमारे जीवन के लिए हानिकारक है। इस बात को ध्यान में रखते हुए ही हमें बहुत से ऐहतियात बरतने जरूरी हैं।

# नया हॉस्टल मिलने से 150 छात्राओं को होगा लाभ : नवीन गोयल

### मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, केंद्रीय राज्य मंत्री राव, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष समेत वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा पत्र

### कन्या महाविद्यालय में हॉस्टल बिल्डिंग अलॉट के प्रयास शुरू



नवीन गोयल।

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**दूरदराज** क्षेत्रों से गुरुग्राम में पढ़ाई करने की इच्छुक छात्राओं को हॉस्टल मिले, इसके प्रयास शुरू हो गये हैं। पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने कन्या महाविद्यालय सेक्टर-14 में बनकर तैयार हो चुकी हॉस्टल की इमारत को महाविद्यालय के अधीन करने की कार्यवाही शुरू की है। नवीन गोयल की ओर से इस बाबत मुख्यमंत्री मनोहर लाल, शिक्षा मंत्री कंवरपाल, केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के अलावा हरियाणा सरकार में प्रधान सचिव आनंद मोहन शरण, हरियाणा पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन लिमिटेड के महानिदेशक आरसी मिश्रा, उच्चतर शिक्षा विभाग के निदेशक एवं विभाग के विशेष सचिव चंद्रशेखर खरे को पत्र भेजा है। पत्र में उन्होंने कहा है कि राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर-14 में हरियाणा पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन लिमिटेड ने नए गर्ल्स हॉस्टल का निर्माण किया है। जिसके करीब 62.50 लाख रुपये बकाया हैं।

जब तक हरियाणा पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन लिमिटेड की पूरी पेमेंट नहीं हो जाती, तब तक इस हॉस्टल को उपयोग में नहीं लाया जा सकता। एक तरह से यह कालेज के अधीन नहीं किया जा सकता। नवीन गोयल ने निवेदन करते हुए कहा है कि कुछ महीनों के लिए उच्च शिक्षा विभाग हरियाणा से इस महाविद्यालय के कन्या हॉस्टल के लिए 62.50 लाख रुपये बतौर लोन दिलाने या महाविद्यालय के बजट में से पेमेंट करने की अनुमति दी जाए, ताकि हॉस्टल शुरू हो सके और यहां दक्षिण हरियाणा से आने वाली करीब 150 छात्राओं को लाभ मिल सके। बता दें कि इससे पहले नवीन गोयल ने प्रदेश के महाविद्यालयों में खाली सीटों को भरने के लिए उच्चतर शिक्षा विभाग के पोर्टल को खुलवाया। इससे हजारों विद्यार्थियों को दाखिला लेने का मौका मिला है।

## बकाया भुगतान की भेजी हुई है डिमांड

**इस** बारे में राजकीय कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डा. रमेश गर्ग का कहना है कि हरियाणा पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन लिमिटेड ने एक साल के अंदर यह हॉस्टल बनाकर तैयार कर दिया है। इसका निर्माण राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत किया गया है। इसमें निर्माण का आधा खर्च केंद्र सरकार व आधा राज्य सरकार वहन करती है। कंस्ट्रक्टर की बकाया 62.50 लाख रुपये की रकम के लिए डिमांड भेजी हुई है।

# दुकानदारों के अतिक्रमण के कारण लग रहा जाम

**कैलाश मंगला। होडल**

**स्थानीय** पुरानी जीटी रोड स्थित थाने चौक से जगजीवन राम चौक तक के दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण के कारण यहां आए दिन यातायात जाम की समस्या बनी रहती है। दुकानदारों के अतिक्रमण के कारण दर्जनों फुट का रास्ता मात्र दस से बाहर फुट का रह गया है। अतिक्रमण के कारण लगने वाले जाम से राहगिरों व दो पहिया वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

शहर वासियों द्वारा बार-बार नगर परिषद प्रशासन के समक्ष गुहार लगाने पर भी समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। इस समस्या की ओर नगर परिषद की अनदेखी के कारण लोगों में रोष व्याप्त है। पुरानी जीटी रोड स्थित थाना चौक से जगजीवन राम चौक तक की दूरी मात्र आधा किलोमीटर तक की है। इस रोड पर स्थित दुकानदारों ने अपनी दुकानों के आगे कई फुट सामान बढाकर पूरी तरह से अतिक्रमण किया हुआ है। अतिक्रमण के कारण यहां आए दिन यातायात की समस्या बनी रहती है। यातायात जाम के कारण यहां से निकलने वाले राहगीरों व दोपहिया वाहन चालकों को इस आधा किलो मीटर की दूरी को तय करने में लगभग एक से डेढ घंटे का समय लग जाता है। राहगिर व वाहन चालक इस रोड पर लगने वाले जाम में फंसकर नगर परिषद प्रशासन को कोसते नजर आते हैं। इसके अलावा कई बार तो इस यातायात जाम में पुलिस प्रशासन की गाड़ियां भी फसकर रह जाती है और पुलिस कर्मियों को गाड़ी में से उतरकर जाम को खुलवाना पड़ता है। शहर वासी अनिल कुमार, जतिन बिंदल, साहिल गोयल, गौरव मंगला, हेमन्त नागल, सुनील कुमार, राकेश, पुनित, बिनोद के अलावा अन्य का कहना है कि जब तक नगर परिषद अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों पर शिकंजा नहीं कसेगा तब तक यह समस्या ज्यों की त्यों बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि इम मार्ग पर लगने वाले जाम के कारण उन्हें अपने गंतव्य स्थानों तक पहुंचने पर हमेशा देरी हो जाती है।

# संक्षिप्त समाचार

## सोहना में लगेगा दो दिवसीय मुख्यमंत्री परिवार उत्थान मेला

**सोहना।** मुख्यमंत्री परिवार उत्थान योजना के तहत 3 व 4 दिसम्बर को सोहना के देवीलाल खेल स्टेडियम में मेला लगेगा। इस मेले में योजना से जुड़ें 250 लाभार्थियों को रोजगार चलाने के लिए ऋण तथा अन्य सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। स्थानीय देवीलाल खेल स्टेडियम में 3 व 4 दिसम्बर को दो दिवसीय मुख्यमंत्री परिवार उत्थान योजना के तहत लगने वाले मेले में जिला उपायुक्त यश गर्ग व अतिरिक्त उपायुक्त विक्रम मीणा मौजूद रहेंगे। इनके अलावा सभी बैंक शाखाओं के अधिकारी अपनी पूरी टीम के साथ रहेंगे। नगर परिषद के सचिव सुमित शर्मा ने बताया कि उपायुक्त अपनी हाजिरी में लाभार्थियों को रोजगार उपलब्धी योजनाओं का लाभ देंगे। उन्होने बताया कि लाभार्थी को तुरन्त प्रभाव से लाभ देने के लिए बैंक शाखाओं समेत अन्य विभाग अधिकारियों को अपनी पूरी टीम के साथ आने के आदेश जारी कर दिए है। सचिव ने बताया मेले को लेकर मंगलवार को उपायुक्त यश गर्ग ने एक बैठक जिला स्तर पर बुलाई। जिसमें मेले को सफल बनाने के लिए दिशा निर्देश जारी कर दिए है। ताकि योजना मुख्यमंत्री की योजना को जल्द से जल्द अमलीजामा पहनाया जा सके। अभी तक इस योजना को लेकर नगर परिषद में तीन बार शिविर लगाए गए थे, लेकिन बैंक अधिकारियों की निष्क्रियता के चलते अधिक लोगों को लाभ नहीं मिल सका है।

## अदालत ने तीन याचिकाओं को किया खारिज

**सोहना।** उपमंडलिय अदालत ने वन विभाग के खिलाफ फार्म हाउस मालिकों द्वारा दायर की गई तीन याचिकाओं को खारिज कर दिया है। जिससे वन विभाग ने राहत की सांस ली है। जल्द ही अन्य याचिकाएं भी खारिज होने की संभावना जताई जा रही है। करीब दो माह पहले वन विभाग द्वारा अरावली अंसल में अवैध निर्माण के दिए गए नोटिसों के खिलाफ गोल्डन हाइट व रायसीना में 40 के करीब फार्म हाउस मालिकों को नोटिस जारी किए गए थे। जिसमें से 32 के लगभग फार्म हाउस मालिकों ने वन विभाग के दिए गए नोटिसों को जवाब कोर्ट में याचिका दायर करके दिया गया था। फार्म हाउस मालिकों द्वारा दायर याचिकाओं को जवाब देते हुए वन विभाग को राहत मिली है। अदालत ने शीतल गौढ़, सुधीर अग्रवाल की दो में से एक तथा मारिया कप्रियल की याचिकाओं को खारिज कर दिया है। वहीं अब वन विभाग के खिलाफ याचिका दायर करने वालों की गिनती उल्टी होने की संभावना है। वन विभाग के स्थानीय रेंज अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि अभी भी विभाग के खिलाफ अरावली अंसल के करीब 29 और याचिकाएं है। उन्हे उम्मीद है कि जल्द ही अन्य याचिकाओं का फैसला भी विभाग के पक्ष में ही आएगा। विभाग द्वारा सर्वे के आधार पर अवैध निर्माण करने के नोटिस फार्म हाउस मालिकों को दिए गए थे। विभाग के पास अवैध निर्माण के सभी सबूत पुख्ता है। सोहना और रायसीना से लगती अरावली पहाड़ी में करीब 434 फार्म हाउस बनें है।

## गाड़ी की टक्कर मारने के दोषी को तीन साल की कैद

**गुरुग्राम।** पुलिस राईडर पर तैनात पुलिसकर्मी को टक्कर मारकर घायल कर देने के मामले व सरकारी काम में बाधा डालने के मामले की सुनवाई करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अश्विनी कुमार की अदालत ने पुख्ता सबूतों व गवाहों के आधार पर वाहन चालक को दोषी करार देते हुए 3 वर्ष की कैद व 8 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। भुगतान न करने पर दोषी को अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। जानकारी के अनुसार 18 अगस्त 2019 को पुलिस राईडर पर तैनात पुलिसकर्मी रोहित ने न्यू कालोनी थाना पुलिस में शिकायत दी थी कि वह होमगार्ड कर्मी के साथ रात्रि में पुलिस राइडर पर गश्त पर था। मध्यरात्रि में एक सफेद रंग की कार का चालक तेजी से अपनी कार दौड़ा कर लाया। उन्होंने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन वह रुका नहीं और उसने जान से मारने की नीयत से उसे सीधी टक्कर मारी। जिससे वह टक्कर लगते ही कार के बोनट पर उछल कर गिर गया और चालक कार दौड़ाता रहा। मदनपुरी क्षेत्र में वह किसी तरह से बोनट से उतरा और कार चालक अपनी कार भगाकर ले गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर शिवाजी नगर क्षेत्र के कृष्णपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया था। मामला अदालत में चला।

## ग्रैप की अवहेलना पर अब तक 162 लोगों के हुए चालान

**गुरुग्राम।** पर्यावरण प्रदूषण (रोकथाम और नियंत्रण) प्राधिकरण द्वारा जारी ग्रेडिड रैस्पांस एक्शन प्लान की पालना नहीं करने वाले 162 लोगों के नगर निगम गुरुग्राम द्वारा चालान किए गए हैं। इनमें कचरा जलाने, मलबा फैंकने, धूल उड़ाने वाली गतिविधियां करने, कचरा फैलाने, बिना ढके निर्माण सामग्री, मलबा एवं कचरा परिवहन करने, तंदूर जलाने तथा प्रतिबंध के बावजूद निर्माण गतिविधियां करने वाले लोग शामिल हैं। इन पर 17.14 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त मुकेश कुमार आहुजा के अनुसार नगर निगम क्षेत्र में ग्रैप की पालना सुनिश्चित करने के लिए डिवीजन वाइज एवं जोन वाईज टीमें कार्य कर रही हैं। अब तक 162 उल्लंघनकर्ताओं के 17.14 लाख रुपये के चालान किये गये हैं। इनमें कचरा जलाने पर तीन व्यक्तियों के 15000 रुपये चालान, मलबा फैंकने पर 44 व्यक्तियों के 4.95 लाख रुपये, धूल उड़ाने पर 70 व्यक्तियों के 8.32 लाख रूपये, कचरा डालने पर 19 व्यक्तियों के 1.20 लाख रुपये, बिना ढके निर्माण सामग्री, कचरा एवं मलबा परिवहन पर 12 व्यक्तियों के 76000 रुपये, तंदूर जलाने पर 5 व्यक्तियों के 25 हजार रुपये और प्रतिबंध के बावजूद निर्माण गतिविधियां करने पर 9 व्यक्तियों के 1.51 लाख रुपये के चालान किए गए हैं।

## बीपीएल धारक को अब मकान मरम्मत को मिलेंगे 80 हजार

**गुरुग्राम।** हरियाणा अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा मकान मरम्मत के लिए डॉ. बीआर अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना के तहत दी जाने वाली वित्तीय सहायता 50 हजार रुपये से बढ़ाकर 80 हजार करने के साथ ही यह मदद अब सभी बीपीएल परिवारों को प्रदान की जाएगी। अभी तक यह लाभ केवल अनुसूचित जाति के बीपीएल परिवारों को ही दिया जा रहा था। जिला उपायुक्त डॉ. यश गर्ग ने बताया कि हरियाणा सरकार की यह आवास नवीनीकरण योजना अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग से संबंधित है तथा बीपीएल सूची में शामिल आवेदकों को इस योजना के लिए पात्र बनाया गया है।

# हरियाणा में शीघ्र हो ब्राह्मण विकास बोर्ड का गठन: गौरी शंकर



बैठक में मौजूद ब्राह्मण समाज के अग्रणी लोग।

**गुरुग्राम।** राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष आचार्य गौरी शंकर गौतम की अध्यक्षता में भगवान परशुराम परामर्श केंद्र राजीव नगर में एक अहम बैठक हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि समाज के अग्रणी लोग मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मुलाकात करके हरियाणा में ब्राह्मण विकास बोर्ड के गठन की मांग करेंगे।

आचार्य गौरी शंकर गौतम ने कहा कि मंदिरों में काम कर रहे सभी ब्राह्मण पुजारियों को 100-100 गज के प्लॉट दिए जाएं। जिसके लिए हरियाणा सरकार एक अध्यादेश जारी कर शीघ्र इसको अमल में लेकर आएं। कोरोना काल में मंदिर में काम करने वाले ब्राह्मणों की हालत दयनीय हो गई है।

उनको सरकार एक मुआवजा राशि भी प्रदान करें। जिससे उनका गुजारा अच्छी तरह से हों सके। उन्होंने मांग की है कि मंदिरों में काम करने वाले ब्राह्मण परिवार के बच्चों की स्कूल फीस एक साल के लिए माफ की जाए। ब्राह्मण वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष अजय शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण विकास बोर्ड का गठन चार राज्यों में हो गया हैं। हरियाणा में ब्राह्मण विकास बोर्ड का गठन अभी तक नहीं किया गया है।

# दिल्ली-अजमेर एक्सप्रेस ट्रेन में बम की सूचना पर हड़कंप

### गुरुग्राम रेलवे स्टेशन के कंट्रोल रूम में आया था अनजान शख्स का फोन

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**दिल्ली** से अजमेर जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन में बम रखे होने की सूचना के बाद दिल्ली से गुरुग्राम तक हड़कंप मच गया। सुरक्षा एजेंसियों ने तत्परता दिखाई। गुरुग्राम के रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को रोककर सघन जांच की गई। दो घंटे तक यहां अफरा-तफरी का माहौल रहा। पूरी तलाशी के बाद ही ट्रेन को यहां से रवाना किया गया।

जानकारी के अनुसार बुधवार देर रात दिल्ली से अजमेर के लिए ट्रेन रवाना हुई। गुरुग्राम पुलिस के कंट्रोल रूप में एक अनजान शख्स ने कॉल करके सूचना दी कि ट्रेन में बम रखा हुआ है। कॉल करने वाले शख्स ने कहा कि वह भी इसी ट्रेन के सी-3 कोच में सवार था। वह रेवाड़ी स्टेशन पर ही उतर गया। ट्रेन में बम होने की यह सूचना कंट्रोल रूप में पहुंची तो हड़कंप मच गया। पुलिस कंट्रोल रूम की तरफ से रेलवे से संपर्क किया गया। गुरुग्राम के रेलवे स्टेशन को अलर्ट किया गया। साथ ही बम निरोधक दस्ते को स्टेशन पर रवाना किया गया।

ट्रेन जैसे ही गुरुग्राम रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो ट्रेन को खाली करा दिया गया। इसके बाद सुरक्षा कर्मियों ने ट्रेन के एक-एक कोच की जांच शुरू की। बम निरोधक दस्ते ने ट्रेन के सभी कोच खंगाले। करीब 12 बजे पूरी ट्रेन की तलाशी, जांच पूरी हो पाई। जांच के दौरान कुछ ऐसा नहीं मिला, जो कि संदिग्ध हो। इसके बाद ट्रेन में सभी यात्रियों को बैठने की अनुमति दी गई। रात 12 बजे के बाद ट्रेन को गुरुग्राम रेलवे स्टेशन से रवाना किया गया।

गुरुग्राम जीआरपी थाना प्रभारी रामफल ने बुधवार को बताया कि कंट्रोल रूम से उनके पास 12016 शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन में कोच नंबर-06171 में बम रखने के संबंध में प्राप्त हुई। इसके बाद में जैसे ही यह ट्रेन गुरुग्राम रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो ट्रेन में सवार सभी यात्रियों को सुरक्षा के दृष्टिगत तथा ट्रेन में विस्फोटक अथवा बम की तलाशी के लिए खाली करवाया गया। ट्रेन में बम रखने की सूचना देने वाले अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी पहचान सहित तलाश का काम शुरू कर दिया गया।



गुरुग्राम रेलवे स्टेशन पर दिल्ली-अजमेर एक्सप्रेस ट्रेन में बम की सूचना की जांच के दौरान स्टेशन पर खड़े ट्रेन के यात्री।

# शहर में अतिक्रमण चरम सीमा पर अधिकारी बैठे हैं मौन

### दुकानदार छोटे कारोबारियों को बिठाकर हर माह लाखों रुपये कमा रहे

### सरकार के तहबाजारी समाप्त करने के बावजूद दुकानदार लागू किए हुए



सोहना में गुरुग्राम-अलवर राष्ट्रीय मार्ग के साथ अतिक्रमण करके बैठे रेहड़ी मालिक।

**पायनियर समाचार सेवा। सोहना**

**लोक** निर्माण विभाग और नगर परिषद की निष्क्रियता के चलते शहर की सड़कों पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों के हौसले बुलंदियों को छू रहे हैं। दुकानदार अतिक्रमण के साथ-साथ अपनी दुकान के आगे सरकारी जमीन पर छोटे कारोबारियों को बैठाकर हर माह लाखों रुपये की कमाई कर रहे है।

प्रदेश सरकार ने शहरी क्षेत्र में तहबाजारी को समाप्त कर दिया है। लेकिन स्थानीय शहर में दुकानदार और व्यापारियों द्वारा बनाया गया तहबाजारी का कानून आज भी बरकरार है। शहर के बाजारों में दुकानों के आगे लगती नगर परिषद और बीएण्डआर की जमीन छोटें कारोबारियों को बैठाकर दुकानदार व व्यापारी हर माह लाखों रुपये की कमाई कर रहे हैं। छोटे कारोबारी दुकानदार व व्यापारी को एक माह का किराया चार हजार से लेकर 10 हजार रुपये तक दे रहे हैं। शहर स्थित बिजली निगम के एसडीओ कार्यालय के साथ नगर परिषद की 40 के लगभग दुकानें हैं। इन दुकानों के आगे वाले चौक पर परिषद की दुकानों में बैठे दुकानदारों ने सब्जी, फल, टैलर, लुहार, मोटर वाइंडिंग, चाय, कपड़े बेचने वाले छोटे दुकानदारों के तख्त या रेहड़ियां लगाई हुई हैं।

जिनसे एक दिन का किराया 200 से 300 रुपये ले रहे हैं। गुरुग्राम-सोहना मार्ग के साथ बना सर्विस रोड के साथ लगती जमीन लोक निर्माण विभाग की है, लेकिन सर्विस मार्ग के साथ बनी निजी व स्टेडियम की दुकानों में बैठे दुकानदार भी कुल्चा, चाउमीन, बर्गर, चाय बनाने वालों से एक दिन का 200 से 250 रुपये का किराया वसूल रहे हैं।

**अतिक्रमण को मिल रहा बढ़ावा :** दुकानदारों ने अपने साथ-साथ शहर में छोटे कारोबारियों को अपने सामने बैठाकर अतिक्रमण को बढ़ावा दे रहे हैं। शहर में लगने वाला जाम का कारण अतिक्रमण सबसे बड़ा पहलू बन चुका है। जिसके कारण पैदल चलने वालों को भी परेशानियां होती है।

**दुकानदारों** को दुकान-दुकान जाकर अतिक्रमण हटाने के लिए परिषद कर्मचारी मौखिक रूप से कह रहे हैं। इसके साथ अतिक्रमण का सफाया करने के लिए पुलिस आयुक्त और जिला उपायुक्त को पत्र लिखकर ड्यूटी मजिस्टेट व पुलिस बल की मांग की गई है। उन्हें उम्मीद है कि शुक्रवार तक यह सब मिलने के बाद अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा।

**अतरसिंह**
**कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद**

**अधिकारी** को सोहना का कार्यभार संभाले मात्र दो माह हुए हैं। उनकी संज्ञान में यह मामला नहीं आया है। जल्द ही इस पर गौर करके अतिक्रमण को हटाया जाएगा।

**विजय कुमार**
**( एसडीओ बीएण्डआर विभाग )**

# रहस्यम्य परिस्थियों में महिला की मौत

**पायनियर समाचार सेवा। होडल**

**कस्बा** हसनपुर के गांव कानपुर नगला में मंगलवार देर रात एक विवाहिता की रहस्मय परिस्थियों में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही हसनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पलवल के सिविल अस्पताल में भेज दिया है। खबर लिखे जाने तक महिला के मरने की कारणों के बारे में ज्ञात नहीं हो सका है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

हसनपुर थाना प्रभारी राजेश कुमार ने जानकारी में बताया कि उन्हें गांव कानपुर नगला के ग्रामीणों द्वारा फोन पर सूचना मिली कि गांव में एक विवाहिता महिला की मृत्यु हो गई है। पुलिस ने सूचना के आधार पर गांव में जाकर महिला के शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने मृतक विवाहिता के परिजनों व ससुराल वालों से महिला के मरने के कारणों के बारे में जानकारी ली, लेकिन उन्हें मरने के कारणों के बारे में कुछ पता नहीं लग सका। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने महिला के मरने के कारणों को लेकर जांच में जुटी है।

# ससुराल में रातभर घर के बाहर ठिठुरती रही विवाहिता

### ससुरालियों पर प्रताड़ित करने का लगाया आरोप



गुरुग्राम में अपनी ससुराल में घर के बाहर सामान के साथ बैठी विवाहिता।

**गुरुग्राम।** वैसे तो रोज सामाजिक ताने-बाने को लेकर चिंताएं जाहिर की जाती हैं। बड़ी-बड़ी बातें होती हैं, लेकिन यह चिंता का विषय है कि जब समाज में किसी परिवार में महिलाओं या अन्य लोगों पर जुल्म होते हैं तो सामाजिक लोगों का अता-पता नहीं होता। जिम्मेदार लोगों को चाहिए कि वे गंभीर मुद्दों पर पहल करते हुए पीड़ितों की मदद करें।

महिला उत्पीड़न का एक मामला गांव तिघरा में सामने आया है। यहां ससुरालियों पर आरोप है कि उन्होंने अपनी बहु को तो घर से बाहर निकाल दिया और बच्चों को घर में ही बंधक बना लिया। बहु रातभर घर के बाहर बैठी ठंड में ठिठुरती रही। हां, विवाहिता सुष्मिता के ससुर ज्ञानेंद्र सिंह ने उस पर दया करके अंदर ले जाना चाहा, लेकिन आरोप है कि उसकी सास ओमलता, दादा ससुर फतेह सिंह व पति अमित ने ऐसा नहीं होने दिया। उन्होंने सुष्मिता से हाथापाई करके घर से निकाल दिया। डायल 112 से भी विवाहिता को मदद नहीं मिल पाई। पीड़ित सुष्मिता ने बताया कि पहले भी कई बार उस पर ऐसे अत्याचार किए जा चुके हैं। पहले कई गांवों की पंचायत के फैसले के बाद उन्हें वापिस बुला लिया गया। पीड़िता के पिता ने बताया कि इससे पूर्व भी दहेज की मांग को लेकर उनकी बेटी पर हमला भी किया जा चुका है, परन्तु पंचायती फैसलों के बाद मनमुटाव को दूर किया गया।

# सीओपीडी सहायता समूहों की अहम भूमिका

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**सीओपीडी** (COPD) यानी क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज- इसके नाम में शामिल ये चार शब्द इस बीमारी से पीड़ित मरीजों की हालत को दर्शाते हैं। सबसे पहली बात तो यह एक क्रॉनिक बीमारी है, यानी मरीज लंबे समय तक इस बीमारी से पीड़ित रहते हैं और बहुत से मरीज तो इस बीमारी से कभी पूरी तरह स्वस्थ नहीं हो पाते हैं। दूसरा शब्द है ऑब्सट्रक्टिव, यानी यह सांस-नली में रुकावट पैदा करती है या इसे संकुचित कर देती है, तीसरा यह बीमारी फेफड़ों से संबंधित है। जिससे सांस लेना बेहद कठिन और तकलीफदेह हो जाता है।

डॉ. पी.पी. बोस, स्पेशलिस्ट-पल्मोनरी, क्रिटिकल केयर, स्लीप मेडिसिन, मेडिकल डायरेक्टर, लॉर्ड्स इंटरनेशनल हॉस्पिटल, नई दिल्ली बताते हैं की सीओपीडी के विशेष लक्षणों की बात की जाए तो इसके दो घटक लक्षण होते हैं- क्रॉनिक ब्रोंकाइटिस और एम्फिजीम (वातस्फीति), और ये दोनों ही ज्यादा उम्र के लोगों को अधिक प्रभावित करते हैं। सांस-नली में एक तरह के म्यूकस (बलगम) की एक मोटी परत बनने की वजह से क्रॉनिक ब्रोंकाइटिस होता है, जिसे 'ब्रांकाई' के नाम से भी जाना जाता है। इसी के चलते इस बीमारी को ब्रोंकाइटिस का नाम मिला है।



समय-समय पर हम सभी को खांसी और जुकाम से पीड़ित होते रहे हैं, और खास तौर पर सर्दियों के मौसम में इसकी संभावना काफी बढ़ जाती है। लेकिन अगर साल के तीन महीनों तक खाँसी बरकरार रहे और कम-से-कम दो सालों तक यही प्रक्रिया जारी रहे, तो उस व्यक्ति के क्रॉनिक ब्रोंकाइटिस से पीड़ित होने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं।

एम्फिजीम (वातस्फीति) को भी सीओपीडी के अंतर्गत रखा जाता है। इस परिस्थिति में मरीज के फेफड़ों के अंदर हवा का आदान-प्रदान करने वाली छोटी थैलियों की दीवारें क्षतिग्रस्त हो जाती हैं। इसका मतलब है कि शरीर को कम ऑक्सीजन मिलता है, साथ ही जितनी मात्रा में कार्बन डाइऑक्साइड शरीर से बाहर निकलनी चाहिए, इतनी मात्रा में नहीं निकल पाता है। इससे पीड़ित व्यक्ति जोर-जोर से सांस लेता है फिर भी वह गहरी सांस नहीं ले पाता है।

# नियमित टीकाकरण बचाता है बच्चों को अनेक बीमारियों से : एसडीएम

### परियोजना के शुभारंभ पर एसडीएम नूंह सलोनी शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में कहा

### बड्स संस्था ने नियमित टीकाकरण दर बढ़ाने को चलाया विशेष अभियान

दीपक कुमार। नूंह



वैक्सीन नॉलेज हब के उद्घाटन के दौरान मुख्य अतिथि एसडीएम सलोनी शर्मा और अन्य।

**बाल** उमंग दृश्य संस्था द्वारा मंगलवार को नूंह जिले के फिरोजपुर नमक में एक अनूठी पहल, वैक्सीन नॉलेज हब का उद्घाटन किया गया। इस नॉलेज हब का उद्देश्य फिरोजपुर नमक के आसपास के गांवों में नियमित टीकाकरण के बारे में जानकारी एकत्र करना और समुदाय के साथ साझा करना है। इसी तरह का एक और वैक्सीन नॉलेज हब का खरकड़ी में शुरू किया गया है। परियोजना के शुभारंभ के अवसर पर एसडीएम नूंह सलोनी शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची।

एसडीएम सलोनी शर्मा ने अपने भाषण में कहा कि ये अभियान नियमित टीकाकरण के लिए शुरू किया गया है जो गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशु के लिये लगाए जाते हैं। जिस तरह कुछ सालों पहले पोलियो बीमारी को दो बूंद अभियान चला कर से जड़ से खत्म कर दिया। यह नियमित टीकाकरण भी बच्चों को अनेक बीमारियों से बचाते हैं। डॉक्टर इंदिरा तनेजा, डॉ आरएन श्रीवास्तव और जिला टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर बसंत दुबे ने इस विशेष अभियान के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक किया। बड्स संस्था के मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ राजीव सेठ ने कहा कि नियमित टीकाकरण बच्चों का मूल अधिकार है। टीकाकरण दर को बढ़ाने के लिए हम हर स्तर पर प्रयासरत हैं। फिरोजपुर नमक में पंचायत की तरफ से वैक्सीन नॉलेज हब के लिए दिए गए केंद्र पर सरपंच हनीफ का संस्था ने विशेष धन्यवाद दिया। इस विशेष अभियान को जॉन हॉपकिन यूनिवर्सिटी ब्लूमबर्ग स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ, और जॉन होपकिन मैटरनल एंड चाइल्ड हेल्थ सेंटर इंडिया यूएसए के साथ साझेदारी में आगे बढ़ाया जाएगा। बता दें कि जिले में पिछले कई वर्षो से संस्था द्वारा बच्चों के लिए फ्री मोबाइल वेन सेवा जारी है। जिसमें बच्चों का फ्री इलाज किया जाता है। आज के प्रोग्राम में संचालन निदेशक यावर कय्यूम,प्रोजेक्ट मैनेजर बेट्टी, जिला कोऑर्डिनेटर शकील उमरा, ईद मोहम्मद, सुनीता रानी समेत सभी वॉलेंटर्स मौजूद रहे।

# पेड़ से लटका मिला युवक का शव, लोगों में हड़कंप

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चलेगा कि चंद्रपाल की हत्या हुई या उसने आत्महत्या की

**मेवात।** नगीना थाना क्षेत्र अंतर्गत मांडीखेड़ा-सांठावाड़ी रोड पर एक पेड़ पर लटका युवक का शव मिला। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर अल आफिया अस्पताल मोर्चरी में रखवा दिया है। मृतक का नाम चंद्रपाल पुत्र सरजीत निवासी मांडीखेडा बताया जा रहा है। चंद्रपाल परिवार का इकलौता शख्स था, परिवार मौत की खबर से सदमे में है। ग्रामीणों में हड़कंप मच गया।

आपको बता दें कि मांडीखेड़ा गांव के पास सांठावाड़ी रोड पर एक पेड़ से युवक का शव लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सुबह होते ही ग्रामीण जंगल की तरफ जा रहे थे, तो रास्ते में पेड़ से लटका शव देख लोग घबरा गए। जिसकी सूचना नजदीक पुलिस थाने को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पेड़ से नीचे उतर वाया और पोस्टमार्टम के लिए मांडीखेड़ा के सामान्य अस्पताल भेज दिया है। आपको बता दें कि मृतक युवक की पहचान मांडीखेड़ा गांव चंद्रपाल के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। इसकी जानकारी जब परिवार को मिली तो परिवार मौके पर पहुंचा तो मंजर देखकर उनके पैरों तले की जमीन खिसक गई ।

फिलहाल पुलिस ने मृतक युवक की डेड बॉडी को मांडीखेड़ा पहुंचा दिया है। पोस्टमार्टम के बाद ही पता चल पाएगा की चंद्रपाल की हत्या हुई है या उसने आत्महत्या की है। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है। 22 साल का चंद्रपाल अब इस दुनिया को हमेशा के लिए छोड़ गया है, लेकिन उसकी मौत कई सवाल छोड़ गई, जिनकी जांच में नगीना पुलिस जुट गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### लक्ष्य का पूरा करने के लिए दो वैक्सीनेशन वैन रवाना



वैक्सीनेशन वैन का रवाना करती एसडीएम मनीषा शर्मा।

**पुन्हाना।** शत-प्रतिशत टीकाकरण करने के लिए प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान में मंगलवार को एसडीएम मनीषा शर्मा ने दो वैक्सीनेशन वैन को अलग-अलग गांवों के लिए रवाना कर टीकाकरण कार्य को गति देने का काम किया। वैक्सीनेशन वैन के साथ एक स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहेगी, जो किसी कारण वैक्सीनेशन ना कराने वाले लोगों का घर जाकर वैक्सीनेशन करेंगी। पत्रकारों को संबोधित करते हुए उपमंडल अधिकारी मनीषा शर्मा ने बताया कि जिन लोगों को किसी कारण टीका नहीं लगा, उनके घर के द्वार तक ये वैक्सीनेशन वैन जाएगी और उनका टीकाकरण किया जाएगा। हर घर दस्तक के तहत भी गांवों में काम कर रही टीमें भी घर-घर जाकर लोगों का टीकाकरण कर रही है। उपमंडल अधिकारी ने बताया कि पिछले सप्ताह हमारी वैक्सीनेशन प्रतिशत 27 था, लेकिन स्वास्थय विभाग की मेहनत, धार्मिक गुरूओं की पहल व लोगों की जागरूकता के कारण यह 54 प्रतिशत पर पहुंच गई है। पुन्हाना के दस गांवों में शत प्रतिशत वैक्सीनेशन हो चुका है जो पूरे जिले में सभी उपमंडलों से आगे है। लोग जागरूक हो रहे हैं। जिसके कारण अफवाहों पर विराम लगा है। इलाके के लोग जान चुके हैं कि ये उनकी व उनके परिवार की सुरक्षा के लिए है।

### मंगलवार का मेरे जीवन में विशेष महत्व का : थाना प्रभारी



शहर थाना प्रभारी को सम्मानित करते हुए जिला पत्रकार संघ के सदस्य।

**तावडू।** शहर थाना प्रभारी चन्द्रभान की पदोन्नति होने पर थाना परिसर में मंगलवार को हनुमानजी का भंडारा किया। जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य लोग पहुंचे। जिनके लिए थाना परिसर के अन्दर ही जलपान का आयोजन किया गया। शहर थाना प्रभारी चन्द्रभान ने बताया कि मंगलवार उनके जीवन में विशेष महत्व रखता है। मंगलवार उनके लिये कितना शुभ है कि वो जब पुलिस में भर्ती हुए और सिपाही बने तो मंगलवार ही था। जब एएसआई बने तो मंगलवार और उप निरक्षक बने तो भी मंगलवार ही था और और निरीक्षक के पद पर पदोन्नति होने के दिन दो नवबर को भी मंगलवार ही था। सिटी थाना प्रभारी चन्द्रभान ने बताया कि वो ईश्वर पर पूर्णत: विश्वास रखते हैं।

### ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारना ही मुख्य लक्ष्य: अश्विनी प्रभाकर

**पलवल।** एनजीएफ डिग्री कॉलेज में नव आरंभ के साथ फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम वर्ष व द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य से हरियाणवी नृत्य, ड्रामा, डांस, संगीत, रैम्पवॉक के अलावा गिटार की प्रस्तुति भी थी। सभी छात्र छात्राओं ने बहुत ही शानदार प्रस्तुति दी। वहां उपस्थित सभी दर्शकों का मन मोह लिया। सभी नव प्रवेश विद्यार्थी एनजीएफ कॉलेज में अपने प्रवेश को पाकर बहुत खुश थे। कार्यक्रम में छात्रों को बताया कि कॉलेज में समय-2 पर उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए अनेक प्रकार के कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं। वहीं कॉलेज में उपलब्ध सेन्टर आफ एक्सीलेंसी लैब व रेडियो स्टेशन उन्हें उनका हुनर बढ़ाने में सहायक है। जहां पर लैब में विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ रोजगारपरक शिक्षा प्रदान की जाती है। एनजीएक कॉलेज पलवल जिले में एकमात्र ऐसा कॉलेज है, जहां पर एक ही छत के नीचे इतनी सारी अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। फ्रेशर पार्टी में मुख्य रूप से कॉलेज के सीईओ अश्विनी प्रभाकर, प्रबंधक राजेश प्रभाकर, डायरेक्टर शरत कौशिक व प्राचार्य एके गुप्ता मौजूद थे। इसके अलावा सभी स्टाफ तथा अन्य लोग मौजूद थे। कॉलेज के सीईओ ने अंत में सभी का धन्यवाद किया। विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### बाल वाहिनी बस सेवा बंद होने से छात्राएं परेशान

**पुन्हाना।** लॉकडाउन के समय से रोडवेज द्वारा पुनहाना गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं के लिए बाल वाहिनी बस सेवा बंद किए जाने से कॉलेज छात्राओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छात्राएं लगभग 2 से 3 किलोमीटर पैदल चलकर कॉलेज पहुंच पाती हैं। कॉलेज छात्राओं ने जिला उपायुक्त व रोडवेज के जीएम से जल्द से जल्द बाल वाहिनी बस सेवा शुरू कराने की मांग की है। पुन्हाना गर्ल्स कॉलेज की छात्रा तबस्सुम, सनोवर, साबिया, यास्मीन, पूजा, शारदा, सोनिया, फरजाना आदि ने बताया कि रोडवेज द्वारा पुनहाना बस अड्डे से गर्ल्स कॉलेज तक छात्राओं को लाने व ले जाने के लिए एक बाल वाहिनी नि:शुल्क बस सेवा शुरू की गई थी। जिसे लॉकडाउन के समय विभाग द्वारा बंद कर दिया गया था, परंतु लॉकडाउन खुलने के बाद अब कॉलेज फिर से शुरू हो चुके हैं। परंतु विभाग द्वारा बस की सुविधा छात्राओं को उपलब्ध नहीं कराई गई है। छात्राओं ने बताया कि बस सेवा शुरू न होने के कारण उन्हें रोजाना 3 से 4 किलोमीटर पैदल चलकर कॉलेज जाना पड़ता है। ऐसे में जहां उनके समय की हानि होती है, वहीं कॉलेज के रास्ते में कुछ शरारती किस्म के लोग भी उन्हें परेशान करते हैं। छात्राओं ने बताया कि शहर से कॉलेज का रास्ता जंगल से होकर गुजरता है। ऐसे में उन्हें हमेशा असुरक्षा का भय बना रहता है। छात्राओं ने जिला उपायुक्त से रोडवेज विभाग के जीएम से जल्द से जल्द बस सेवा शुरू कराने की मांग की है। वहीं कॉलेज के प्रिंसिपल दिलबाग सिंह ने बताया कि वे कई बार रोडवेज विभाग के जीएम को बस सेवा शुरू कराने के लिए पत्र लिख चुके हैं। इसके अलावा इस संबंध में उच्च अधिकारियों को भी अवगत करा दिया गया है।

# बंद बॉडी कंटेनर लूट के बाद, चालक की हत्या

### पुन्हाना-होडल रोड पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से जांच में जुटी पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**गुजरात** से फरीदाबाद करोड़ों रुपये की कीमत के टायरों से भरे बंद बॉडी कंटेनर को लेकर निकले चालक की लूट के बाद हत्या करने का मामला सामने आया है। हत्यारोपित लुटेरे शव को ठिकाने लगाने की कोशिश में अपने आप को घिरा देखकर कंटेनर को गांव सिंगार में छोड़कर भाग निकले।

मृत कंटेनर चालक के साथियों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के जिला अस्पताल भेज दिया। मृत चालक की पहचान पुन्हाना उपमंडल के गांव रायपुर के रूप में हुई है। घटना के बाद गांव में मातम पसर गया। वहीं पुलिस पूरे मामले में गंभीरता से जांच में जुटी है। पुन्हाना-होडल रोड पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जुटाने से लेकर पुलिस की एक टीम राजस्थान के लिए भी रवाना हुई है। मृतक चालक के परिजनों के अनुसार अजरू (मृतक कंटेनर चालक) पिछले तीन सालों से ड्राइवरी का काम करता था।

# पुलिस ने वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

**तावडू।** अपराध शाखा पुलिस टीम ने उपमंडल के गांव चुंधिका निवासी व वांछित आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान समीम उर्फ भूरा के रूप में हुई है। तावडू अपराध शाखा टीम के निरीक्षक सुरेंद्र सिद्धू बताया कि मंगलवार को उन्हें सूचना मिली कि तावडू सदर थाने में वर्ष 2021 सितंबर और जून माह में दर्ज दो अलग-अलग मामलों का वांछित आरोपी शमीम उर्फ भूरा निवासी चुंधिका अपने घर पर ही मौजूद है। यदि दबिश दी जाए तो आरोपी को मौके से काबू किया जा सकता है। सूचना के मुताबिक पुलिस टीम गठित कर मौके पर दबिश देकर वांछित आरोपी समीम उर्फ भूरा को दबोच लिया गया।

# मुख्यमंत्री 27 को मेवात के लिए कई बड़ी सौगात देंगे: जाकिर हुसैन

### राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा वक्फ बोर्ड के प्रशासक जाकिर हुसैन ने सौंपी जिम्मेदारियां

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**आगामी** 27 नवंबर को महूं चौपडा, फिरोजपुर झिरका में मुख्यमंत्री की विकास रैली की तैयारियों को लेकर जिला भाजपा कार्यालय नूंह में भाजपा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र पटेल व भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा वक्फ बोर्ड के प्रशासक चौधरी जाकिर हुसैन पूर्व विधायक ने भाजपा पदाधिकारियों की बैठक ली।

जिसमें रैली से संबंधित दिशा-निर्देश दिए तथा तैयारियों को लेकर सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी। जाकिर हुसैन ने कहा कि हरियाणा प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहरलाल को मेवात क्षेत्र से विशेष लगाव है।

पिछले लगभग सात वर्षों में उन्होंने मेवात क्षेत्र का इतना विकास किया है जितना पिछले 70 वर्षों में भी नहीं हुआ। मेवात क्षेत्र के लोग भी माननीय मुख्यमंत्री जी से बहुत प्यार करते हैं। उनके संबोधन सुनने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने रैली से संबंधित दिशा-निर्देश दिए तथा सभी पदाधिकारियों से रैली को लेकर सुझाव भी लिए। बैठक के दौरान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा वक्फ़ बोर्ड के प्रशासक चौधरी जाकिर हुसैन पूर्व विधायक ने कहा कि आगामी 27 नवंबर को फिरोजपुर झिरका विधानसभा के महूँ चौपड़ा में होने वाली विकास रैली ऐतिहासिक होगी, जिसमें हजारों की तादाद में मेवात क्षेत्र के लोग भाग लेंगे और मुख्यमंत्री के संबोधन को सुनेंगे। हुसैन ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री मनोहरलाल जी मेवात क्षेत्र की प्रमुख मांगों को जरूर पूरा करके जाएंगे तथा कई बड़ी सौगात नूंह जिले को देंगे।

# भारत की आजादी में मेवात का अहम योगदान

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**आजादी** की 75 वीं वर्ष गांठ को मनाने को लेकर चलाए आजादी के अमृत महोत्सव के तहत गुमनायकों व घटनाओं को लेकर उनकी कहानियों व बलिदान की गाथों का संग्रह किया। उन्हें याद करने के लिए हम नागरिकों का यह नैतिक दायित्व बनता है कि हम सब उन वीर सेनानियों को याद कर उन्हें नमन करें। हमारी आने वाली पीढ़ियों को इन वीर सेनानी, बलिदानियों की वीरगाथा के बारे में जागरूक करें।

हमारी आने वाली पीढियां जब हमारे सैनिकों के गौरवशाली इतिहास को जान पाएंगी तो उनके मन में देशभक्ति की भावना भी उत्पन्न होगी। उन्हें यह एहसास होगा कि आज जो हम आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं यह आजादी हमें उन वीर शहीदों की कुर्बानियों के कारण ही प्राप्त हुई है। मेव समुदाय में विदेशी शासकों के विरुद्ध प्रतिशोध की भावना दीर्घकालीन समय से है। दक्षिण एशिया व उत्तरी भारत की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी मेवों ने लगातार आठवीं शताब्दी में अरबों की सिंध विजय से लेकर दिल्ली में तुर्क सल्तनत की स्थापना, राजपूत रजवाड़ों, मुगल साम्राज्य और ब्रिटिश साम्राज्यवाद के युग सहित सभी शासनों को लगातार झेला है। फिर भी बिना किसी धार्मिक और वैचारिक पहचान के इन्होंने अपने क्षेत्र को एक आज़ाद एवं स्वतंत्र क्षेत्र के रूप में अपनी संप्रभुता को बनाए रखा है। इतिहासकार केसी यादव ने लिखा है कि मेवातियों के अंदर राष्ट्रीय भावना का जोश पूरी तरह आत्मसात है और उन्होंने राष्ट्र की आजादी के लिए न केवल हर गांव से गांव तक लड़ाई लड़ी बल्कि अंग्रेजों के विरुद्ध वह प्रत्येक गली में भी लड़े। 1857 ई0 की क्रांति से पूर्व ही उन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोह करना शुरू कर दिया था। 1803 ईसवी में लार्ड लेख जब मराठों को युद्ध में पराजित करने के पश्चात दिल्ली लौट रहा था। तब रास्ते में मेवात क्षेत्र से गुजरते वक्त मेवातियों ने लार्ड लेक तथा उसके सहयोगियों को अत्यंत परेशान किया। 1835 ई0 में दिल्ली के ब्रिटिश रेजिडेंट चरित्रहीन विलियम फ्रेजर की नजर फिरोजपुर झिरका के नवाब शमसुद्दीन की बहन पर पड़ी तो इस कुकृत्य का बदला लेने के लिए नवाब समसुद्दीन ने भरमारू के नाम से प्रसिद्ध अपने दरोगा ए शिकार रंगाला राजपुर निवासी करीम खां मेव को फ्रेजर की हत्या कर सबक सिखाने के लिए दिल्ली भेजा। कई महीनों की प्रतीक्षा के बाद करीम खान ने फ्रेजर को गोली से उड़ा दिया। मेवात लौटते समय दिल्ली गेट स्थित कुएं में अपनी बंदूक फेंक दी और अपने घोड़े पर मेवात के लिए रवाना हो गए। दिल्ली में ही घोड़े के पैर में नुकीली कील लगने के कारण पैर से खून बहने लगा। जिसके निशान फिरोजपुर झिरका तक पहुंच गए अंग्रेज फिरोजपुर झिरका पहुंचे और उन्होंने फ्रेजर की हत्या के प्रतिशोध में तीन अक्टूबर 1835 को शहीद करीम खान मेव को फांसी दी। 7 अक्टूबर 1835 को नवाब समसुद्दीन को फांसी पर चढ़ा दिया। लोगों को यह धमकी दी कि इनके जनाजे में जो भी शामिल होंगे। उन्हें तोप से उड़ा दिया जाएगा परंतु फिर भी दस हजार मेव नवाब सम्सुद्दीन और करीम खां भरमारू के जनाजे में शामिल हुए।

अब बात करते हैं दक्षिण हरियाणा के मेवात क्षेत्र की जहां के लोगों ने अट्ठारह सौ सत्तावन के स्वतंत्रता संग्राम में बढ़ चढ़कर भाग लिया। अंग्रेजों को यह एहसास करवा दिया की बहुत दिनों तक भारत अब अंग्रेजों का गुलाम नहीं रहेगा। अट्ठारह सौ सत्तावन के स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वाले मेवात के कुछ ऐसे गांव भी हैं।

# नूंह के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के लिए मुख्याध्यापक पद को मांगे आवेदन

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**जिला** नूंह में चल रहे पांच कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों नामत: नगीना, पुन्हाना, फिरोजपुर झिरका, तावडू, नूंह में मुख्याध्यापकों के रिक्त पदों को भरने के लिए जिला परियोजना संयोजक, समग्र शिक्षा, नूंह ने आवेदन आमंत्रित किए है।

अतिरिक्त उपायुक्त एवं समग्र शिक्षा की अध्यक्षा डा. सुभिता ढाका ने बताया कि मुख्याध्यापकों के रिक्त पदों के लिए अधिकतम 64 वर्ष की आयु वाले सरकारी/अर्द्ध सरकारी सेवानिवृत मुख्याध्यापकों से भरने के लिए सादा कागज पर आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। चयनित अभ्यर्थी को हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद, पंचकूला (हरियाणा) द्वारा निर्धारित नियमानुसार मासिक मानदेय दिया जाएगा। आवेदक अपने सभी स्व सत्यापित दस्तावेज 6 दिसंबर 2021, सायं 5 बजे तक जिला परियोजना संयोजक, समग्र शिक्षा, नूंह के पते लघु सचिवालय, द्वितीय तल, कमरा नं 316, पिन कोड 122107, ई-मेल वातडॉटडीपीसीडॉटएचएसएसपीपीड ब्ल्यूऐटदरेटजीमेलडॉटकॉम पर भेज सकते हैं। यहां यह भी बता दे कि महिला अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी। साक्षात्कार/लिखित परीक्षा के लिए सूचना बाद में दी जाएगी। अभ्यर्थी विस्तृत जानकारी के लिए जिला परियोजना संयोजक, समग्र शिक्षा, नूंह (हरियाणा) कार्यालय में या दूरभाष नंबर 01267-297622 संपर्क कर सकते हैं।

# लापरवाही के चलते डेढ़ हजार नागरिकों के नहीं बने वोट

### नपा अफसरों ने राजनैतिक लोगों से साठगांठ कर वोट नहीं बनने दी

ललित गर्ग। पुन्हाना

**पुन्हाना** नगर पालिका प्रशासन की लापरवाही के चलते शहर के लगभग 1500 मतदाता आगामी नगरपालिका चुनावों में मतदान नहीं कर पाएंगे। जिससे शहर के लोगों में भारी नाराजगी है। शहर के लोगों का आरोप है कि नगर पालिका अधिकारियों ने राजनैतिक लोगों से साठगांठ कर शहर के लोगों की वोट नहीं बनने दी। जिसके कारण वे मतदान से वंचित रहेंगे।

शहर के लोगों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर व जिला उपायुक्त से नगर पालिका प्रशासन के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। समाजसेवी धर्मवीर सैनी, पूर्व नपा चेयरमैन कपूर चंद्र गोयल, पूर्व नपा उपाध्यक्ष विकास अग्रवाल, पूर्व पार्षद मंतूराम, पूर्व पार्षद दीपक राजस्थानी, पूर्व पार्षद सुरेंद्र आर्य, राहुल गोयल, फूल सिंह दिवाकर, राकेश कुमार आदि ने बताया कि सरकार व जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए नई फोटो को बनाने का अभियान चलाया जाता है। जिसके तहत लगभग तीन माह पहले भी जिला प्रशासन द्वारा वोट बनवाने का कार्य शुरू कराया गया था।

कार्यक्रम के तहत प्रशासन द्वारा नियुक्त बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर नई वोट बनवाने का कार्य शुरू किया गया था। जिसके तहत पुनहाना नगरपालिका के लगभग 1500 नये मतदाताओं ने वोट बनवाने के लिए आवेदन पत्र भरे थे। सभी बीएलओ द्वारा नए मतदाताओं के विधानसभा व नगरपालिका की वोटों के अलग-अलग फार्म नगरपालिका कार्यालय में जमा करा दिए गए थे। जहां से नगर पालिका प्रशासन द्वारा उन सभी फार्म को जिला मुख्यालय पर भिजवाया जाना था, परंतु नगर पालिका प्रशासन द्वारा कोई भी फार्म जिला मुख्यालय पर नहीं भिजवाया गया। जिसके कारण शहर के लगभग डेढ़ हजार लोगों की वोट नहीं बन पाई।

# सरकार डेयरी लगाने पर दे रही 25 से 90 प्रतिशत अनुदान: डीसी

**नूंह।** हरियाणा पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा प्रदेश की प्रति व्यक्ति दुग्ध उपलब्धता में बढ़ोतरी करने तथा डेयरी व्यवसाय से बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार परक बनाने के उद्देश्य से दुग्ध एवं डेयरी से संबंधित कई नई योजनाएं चलाई जा रही हैं।

उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा हाईटेक मिनी डेयरी योजना के तहत सामान्य वर्ग के पशुपालक 4, 10, 20 तथा 50 दुधारू पशुओं की डेयरी लगा सकते हैं। विभाग द्वारा 4 व 10 दुधारू पशुओं (भैंस/गाय) की डेयरी स्थापित करने वाले व्यक्तियों को 25 प्रतिशत सब्सिडी दी जा रही है। पशुपालन विभाग के उप निदेशक डा. नरेन्द्र सिंह ने बताया कि भेड़ या बकरियों की डेयरी करने वाले व्यक्तियों को 90 प्रतिशत सब्सिडी दी जा रही है। डेयरी पालन का व्यवसाय करने के इच्छुक व्यक्तियों को सरल पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण करते समय परिवार पहचान-पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, कैंसल चैक तथा बैंक की एनओसी अपलोड करनी होगी।

# झज्जर रैली का निमंत्रण देने पहुंचे दिग्विजय सिंह चौटाला

### केंद्र सरकार के कृषि बिल वापस लेने के निर्णय को ठहराया उचित

### दुष्यंत की लोकप्रियता से हुड्डा परेशान: दिग्विजय चौटाला

पायनियर समाचार सेवा। तावडू



सम्मेलन के दौरान तावडू में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते दिग्विजय सिंह चौटाला।

**शहर** के बाईपास रोड स्थित दीपा पेट्रोल पंप के नजदीक जजपा कार्यालय पर बुधवार को जननायक जनता पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला एक कार्यकर्ता मीटिंग में शामिल हुए। वह जजपा पार्टी के तीसरे स्थापना दिवस के मौके पर झज्जर के आकूपुर गांव में आगामी 9 दिसंबर होने जा रही जन सरोकार दिवस रैली का निमंत्रण देने पहुंचे थे।

रैली के दौरान जननायक जनता पार्टी के दिग्विजय सिंह चौटाला ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सबसे पहले किसानों का जिक्र करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में नए कृषि कानूनों को वापस लेने का निर्णय लिया गया है। जिसका वह स्वागत करते हैं जो एक उचित निर्णय है।

उन्होंने कहा कि दुष्यंत चौटाला ने हमेशा से किसानों की आवाज को सर्वोपरि रखा। उन्होंने किसान के मुद्दे पर हमेशा खोल कर उनका पक्ष रखा। वहीं उन्होंने भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह 33 साल के दुष्यंत चौटाला की लोकप्रियता से घबराए हुए हैं, उन्हें दीपेंद्र हुड्डा की भविष्य की चिंता है। दुष्यंत चौटाला ने गठबंधन सरकार में मजबूती से प्रदेश के युवाओं, बुजुर्गों और महिला की पैरवी करते हुए उनका हक दिलाया है। गठबंधन सरकार में जननायक जनता पार्टी के सभी चुनावी वादे पूरे किए गए हैं। खास तौर पर निजी क्षेत्र में युवाओं को 75 फीसद आरक्षण दिलाना, जो उनकी पार्टी बड़ा वादा था। दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा जल्दी ही केएमपी के साथ कई मल्टीनेशनल कंपनियां हजारों करोड रुपये निवेश करने जा रही है। जिनमें हजारों की संख्या में क्षेत्रीय युवाओं को रोजगार मिलेगा, वहीं बुजुर्गों की पेंशन में भी वृद्धि का वादा जननायक जनता पार्टी ने किया था जिसे पूरा किया जा रहा है।

पायनियर क्लासीफाइड

बेदखली सूचना

मैं पारस राम पुत्र श्री हेमचन्द निवासी मकान नं0 2506, गांव तिगांव फरीदाबाद, हरियाणा बयान करता हूं मेरे बडे पुत्र मनोज व उसकी पत्नी कोमल व छोटा पुत्र दीपक उसकी पत्नी काजल मेरे व मेरे परिवार के साथ अभद्र व्यवहार करते है और इनका चाल-चलन मेरे प्रति ठीक नही है इनके इस व्यवहार से दुखी होकर मैने अपने पुत्र मनोज व उसकी पत्नी कोमल व दीपक उसकी पत्नी काजल को अपने तमाम चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में इनके द्वारा किए गये किसी कार्य, झगड़ा, मार-पीट, कोर्ट केस, पुलिस केस आदि से हमारा कोई सम्बन्ध नहीं होगा। भविष्य में जो कोई इनसे किसी प्रकार का कोई लेनदेन करता है तो उसका जिम्मेवार वह स्वयं होगें।

मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें

बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए

कासिम खान
ब्यूरो प्रमुख ( साउथ हरियाणा )
9050976800
9416103259
ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मत्री मार्केट पिनगवां, मेवात।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# घरेलू सहायक

## सरकार की मदद

**घरेलू** सहायकों की आमदनी बहुत कम होती है तथा उनको कोई सामाजिक संरक्षण नहीं मिलता है, पर असली समस्या व्यवहार संबंधी है। क्या हम जानते हैं कि भारत में कितने घरेलू सहायक हैं? क्या उनको कानूनों का संरक्षण प्राप्त है? क्या उनको अच्छा वेतन, अवकाश व बीमारी में छुट्टी मिलती है? इन सवालों का जवाब नहीं है। वे अकुशल, असंगठित व अनौपचारिक कार्यबल पिरामिड में सबसे नीचे हैं। वे लाखों घरों को स्वच्छ और सूखा रखते हैं, पर अपने मालिकों के साथ एक ही मेज पर बैठने के उनके कोई सामाजिक अधिकार नहीं हैं। वे मालिकों की दया पर निर्भर हैं, उनका मजाक उड़ाया जाता है, उत्पीड़न होता है, पिटाई होती है, उनको भूखा रखा जाता है, छोटी सी गलती पर वेतन काटा जाता है, दिव्यांग बना दिया जाता है, बलात्कार का शिकार बनाया जाता है तथा कभी-कभी हत्या तक की जाती है। अंततः केंद्र सरकार ने एक सेवायोजन नीति बना कर घरेलू सहायकों की सहायता का निर्णय किया है। सोमवार को उसने घरेलू सहायकों का एक अखिल भारतीय सर्वेक्षण शुरू किया ताकि उनकी संख्या, उनकी जीवन व नौकरी की स्थितियों तथा सामाजिक-जनसंख्यात्मक चरित्र का पता लगाया जा सके। हालांकि, यह राष्ट्रीय स्तर पर किया जाने वाला पहला आधिकारिक प्रयास है, पर कुछ एनजीओ सालों से इन सहायकों की स्थिति बेहतर बनाने के प्रयास कर रहे थे। वर्तमान समय में सारे कार्यक्रम और योजनायें उनके द्वारा एकत्र आंकड़ों पर आधारित हैं। यह एक मोटा



अनुमान है कि घरेलू सहायकों की संख्या 5 मिलियन से कम है जिसमें 3 मिलियन से अधिक महिलायें हैं। वे अपने मालिकों के घरों में अंधकारमय जीवन जीते हैं। उनको कामगार के रूप में स्वीकार नहीं किया जाता है। उनका वेतन अन्य क्षेत्रों की तुलना में एक तिहाई होता है। उनको कोई सामाजिक संरक्षण या बेहतर कार्यस्थितियां नहीं मिलती हैं। उनमें से लगभग आधे गरीब राज्यों के प्रवासी हैं तथा देश की सर्वाधिक भेदभाव से ग्रस्त जनसंख्या का हिस्सा हैं। उनका संबंध वंचित जातियों व आदिवासी अल्पसंख्यकों से है तथा आमतौर से वे भूमिहीन व अशिक्षित होते हैं। राज्य से कोई संरक्षण न मिलने के कारण वे अपनी सहायता के लिए एनजीओ की ओर देखते हैं। हालांकि, शहरों में उनमें से अनेक ने स्वयं को अनौपचारिक समूहों के रूप में संगठित किया है और वे ट्रेड यूनियनों से जुड़ गए हैं। इससे उनका वेतन बेहतर हुआ है, कल्याणकारी अधिकार मिले हैं तथा बच्चों के लिए शैक्षिक सहायता मिली है।

वर्तमान समय में केवल दो कानून-असंगठित श्रम सामाजिक सुरक्षा कानून, 2008 तथा कार्यस्थल पर महिला उत्पीड़न सुरक्षा, निषेध व समाधान कानून, 2013 घरेलू सहायकों को 'श्रमिक' का दर्जा देते हैं। लेकिन उनको किसी विधिक ढांचे में सहायता नहीं मिल पाती है। उनको हाल ही में स्वीकृत सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 में भी स्थान नहीं मिला है। एक समय संसद में घरेलू कामगार कल्याण व सामाजिक सुरक्षा विधेयक लाने का प्रयास हुआ था। कुछ राज्यों ने उनके लिए न्यूनतम वेतन, काम के निश्चित घंटे, छुट्टियों, सामाजिक सुरक्षा तथा मातृत्व लाभ देने का प्रयास किया, पर उनके अधिकारों को संरक्षण देने वाला कोई कानून नहीं है। राष्ट्रीय सर्वेक्षण के बाद फौरन ऐसा कानून बनाया जाना चाहिए। इससे भी ज्यादा ऐसी व्यवस्था बनाना है जो कानून का क्रियान्वयन करे। लेकिन राज्य से ज्यादा जनता की जिम्मेदारी है कि वह घरेलू सहायकों का उत्पीड़न बंद करे तथा उनको गरिमापूर्ण जीवन जीने में सहायता करे। निसंदेह उनको संगठित कार्यबल का हिस्सा बनाया जाना चाहिए, पर उनके सामने असली समस्या व्यवहार संबंधी है। क्या मालिक उनके प्रति अपना व्यवहार बदलेंगे?

# कृषि कानून वापसी के नतीजे

वास्तव में किसी राजनीतिक पार्टी को कृषि कानूनों की वापसी का कोई चुनावी लाभ नहीं मिलेगा क्योंकि कोई इनके पक्ष में नहीं था।



**अमिताभ शुक्ला**
(लेखक चंडीगढ़ दि पायनियर के स्थानीय संपादक हैं)



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीन कानूनों को वापस लेने की घोषणा की जिनको भाजपा को छोड़ कर पंजाब की सभी राजनीतिक दलों ने 'काला कानून' कहा था। लेकिन इसका चुनावी राज्य की जमीनी नीतियों पर बड़ा प्रभाव नहीं पड़ेगा, भले ही इससे कांग्रेस, शिरोमणि अकाली दल व आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं में उत्साह की भावना है जो पिछले एक साल से अधिक समय से इनका विरोध कर रहे थे। इसका कारण समझना आसान है। सिख बहुल राज्य में भाजपा का कोई गठबंधन सहयोगी नहीं है, हालांकि हटाए गए मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने कुछ सकारात्मक संकेत जरूर दिए हैं, लेकिन राज्य के ज्यादातर हिस्सों में उनकी उपस्थिति नगण्य या बहुत कम है। हालांकि, कानून वापसी की घोषणा से भाजपा को इस दृष्टिकोण से लाभ मिलेगा कि अब उसके नेताओं का राजनीतिक बहिष्कार समाप्त हो जाएगा और उनको चुनाव में प्रचार अभियान चलाने में सहायता मिलेगी। पंजाब में इस घोषणा को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए चुनाव-पूर्व राहत की तरह देखा जा रहा है जहां भाजपा तीन कानूनों के खिलाफ उभरते किसान आंदोलन का मुकाबला कर रही थी। एक वरिष्ठ नेता ने संक्षेप में कहा कि यह मोदी द्वारा पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के उद्घाटन जैसी चीज है। इस एक्सप्रेसवे से भाजपा को पूर्वी उत्तर प्रदेश में वोट मिलेंगे और कानूनों की वापसी से पश्चिम उत्तर प्रदेश में पार्टी को राहत मिलेगी जहां वह कठोर संघर्ष का सामना कर रही थी।

भाजपा पिछले लगभग पच्चीस साल से पंजाब में शिरोमणि अकाली दल-एसएडी के साथ मिल कर चुनाव लड़ रही थी। इसे एक हिंदू-सिख चुनावी गठबंधन माना जाता था और इस समीकरण ने भाजपा को शहरी क्षेत्रों में अपनी स्थिति मजबूत करने का अवसर दिया था जहां हिंदुओं की संख्या काफी है। लेकिन कानूनों के मुद्दे पर एसएडी का भाजपा से गठबंधन टूटने तथा उसकी मंत्री हरसिमरत कौर बादल के मोदी कैबिनेट से बाहर जाने के बाद यह समीकरण संकट में पड़ गया था। लेकिन कानून वापसी के बाद भी एसएडी अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने भाजपा के प्रति नरमी नहीं दिखाई है। वास्तव में एसएडी ने बहुजन समाज पार्टी के साथ गठबंधन कर दलित वोटबैंक में सेंध लगाने का प्रयास किया है जो चरणजीत सिंह चन्नी के मुख्यमंत्री बनाए जाने के बाद कांग्रेस की ओर खिसक रहा था। लेकिन कानून की वापसी से पंजाब की राजनीति पर असर नहीं होगा जो पहले की तरह भावनात्मक बदलाव के कारण अनुमान से परे है। उदाहरणार्थ, तमाम नाटक के बावजूद हमेशा यह उम्मीद थी कि नवजोत सिंह सिद्धू पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष पद से अपना इस्तीफा वापस ले लेंगे। वास्तव में ऐसा ही हुआ।

वास्तव में इस्तीफा देने के बाद उनके आक्रामक राजनीतिक व्यवहार को बदलने का कोई खास प्रयास नहीं हुआ जो अपनी ही पार्टी के राजनेताओं के साथ दृष्टिकोण में समन्वय के बजाय टकराव का अधिक है। अब स्पष्ट है कि इस्तीफे के साथ सिद्धू का तर्क निश्चित रूप से इस चुनावी राज्य में अपनी कट्टरपंथी पंथी-धार्मिक राजनीति का प्रतीक खड़ा करना था। पिछले वर्षों में कट्टरपंथी अकालियों ने यही रास्ता अपनाया था तथा धर्म के साथ राजनीति को मिलाने का प्रयास किया था। 1984 के पहले कांग्रेस पार्टी के एक हिस्से ने यही काम करते हुए खतरनाक रूप से अकालियों से मुकाबले के लिए अतिवादी नेताओं से संबंध बढ़ाए थे।

लेकिन अब अकालियों ने भी पिछले वर्षों में नरम दृष्टिकोण अपनाया है और वे धर्म तथा पंथ या समुदाय के खतरे में होने की बात करने के बजाय बेरोजगारी, संकट, किसानों के विरोध प्रदर्शन, ग्रामीण क्षेत्रों में घटती आय, आदि प्रमुख मुद्दों की बात कर रहे हैं। एक वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ने केवल धार्मिक मुद्दों के प्रति राज्य कांग्रेस अध्यक्ष के लगाव को देखते हुए कहा, 'सिद्धू की ओर देखें, वे एक दिशाहीन मिसाइल हो गए हैं और यह नहीं सोच पा रहे हैं कि जमीन पर उनको समर्थन मिल रहा है अथवा नहीं।' सिद्धू को सबसे बड़ा झटका मुख्यमंत्री की कुर्सी जाने से लगा जिस पर लंबे समय से उनकी नजर थी और जिसके लिए वे अपने धुर विरोधी अमरिंदर सिंह को पद से हटाने में सफल हुए थे।

मुख्यमंत्री चन्नी खामोशी से पूरा तमाशा देख रहे हैं और ताजा हवा की तलाश में उनका यह दृष्टिकोण ठीक भी लगता है। राज्य में पिछले दो दशकों में मुख्यमंत्री रहे कभी न मुस्कराने तथा कठोर मुखमुद्रा वाले प्रकाश सिंह बादल तथा तटस्थ दृष्टिकोण अपनाने वाले अमरिंदर सिंह की तुलना में यह एकदम अलग है। चन्नी के पास समय बहुत कम है और वे कमसे कम कांग्रेस को उस दौड़ में अंत तक ले जाने में सक्षम हुए हैं जिसमें एसएडी व आप से कड़ा मुकाबला है। चन्नी कहते हैं कि यह 'आम आदमी की, आम आदमी के लिए और आम आदमी द्वारा संचालित सरकार है।' यह चुनाव अभियान में कांग्रेस का प्रमुख नारा बन सकता है।

अमरिंदर सिंह ने अपनी नई पार्टी पंजाब लोक कांग्रेस शुरू की है, पर वे अभी इसे पूरी गति नहीं दे पाए हैं और इसमें कोई शामिल नहीं हुआ है। इसमें अभी वे लोग भी नहीं आए हैं जो सालों से उनके सहयोगी थे। अपने सीमित आकर्षण को देखते हुए अमरिंदर सिंह भी अपने फार्महाउस से निकल कर कहीं नहीं गए हैं, जबकि सभी राजनीतिक पार्टियां व उनके नेता राज्य का दौरा करने, उम्मीदवारों की सूची को अंतिम रूप देने तथा चुनावी रणनीति बनाने में व्यस्त हैं। पटियाला के पूर्व महाराजा भाजपा को संकेत दे रहे हैं। उनको शायद उम्मीद थी कि मोदी द्वारा तीन कानून वापस लेने के पहले उनको विश्वास में लिया जाएगा। वास्तव में भाजपा ने पंजाब की सभी 117 सीटों पर उतरने का फैसला किया है और संभवत: अमरिंदर सिंह को उन विद्रोही कांग्रेस उम्मीदवारों को मैदान में उतारने का मौका मिलेगा जो अंतिम समय में टिकट से वंचित हो जाएंगे।

अपने अनेक विधायकों के कांग्रेस के साथ जाने के कारण आप को भी नुकसान हुआ है और पिछले पांच साल में पार्टी का प्रदर्शन खराब रहा है। अब मूल पार्टी का बहुत कम हिस्सा उसके पास बचा है। 2017 में यह 20 विधायकों वाली प्रमुख विपक्षी पार्टी थी, पर अब इसके लगभग आधे विधायक चले गए हैं। उन्होंने इस्तीफा दिया है, उनको हटाया गया है तथा वे विद्रोही अथवा असंबद्ध हो गए हैं। इससे आप विधानसभा में खामोशी से तीसरे स्थान पर पहुंच गई। इसके बावजूद सडकों पर लड़ने की भावना, मुख्य पार्टियों के सभी हाशियाकृत तबकों के साथ मेलजोल बढ़ाने, तथा राजनीति में नयापन लाने के कारण यह पंजाब में एक समूह की पसंद बनी हुई है। हालांकि, आम आदमी पार्टी ने मुख्यमंत्री पद के लिए कोई चेहरा सामने नहीं रखा है और उसके पास नेता के रूप में पेश करने के लिए भी कोई एक चेहरा नहीं है।

तीन कानूनों की वापसी राज्य में राजनीतिक विमर्श में प्रमुखता प्राप्त करेगी क्योंकि सभी राजनीतिक पार्टी इसका श्रेय लेना चाहती हैं। लेकिन अभियान के दौरान वास्तव में कोई राजनीतिक पार्टी इसका चुनावी लाभ लेने की स्थिति में नहीं होगी क्योंकि यह एक तथ्य है कि किसी ने इसका समर्थन नहीं किया था। कानूनों का समर्थन करने वाली एकमात्र पार्टी भाजपा का राज्य में कोई खास महत्व नहीं है। हालांकि, भाजपा की केन्द्र सरकार ने करतारपुर गलियारा खोल कर सही कदम उठाया है। इसके साथ ही पंजाब में सीमा सुरक्षा बल का क्षेत्राधिकार अंतरराष्ट्रीय सीमा से 50 किलोमीटर तक विस्तारित करने का मुद्दा भी महत्वपूर्ण है, जबकि भाजपा के अलावा अन्य पार्टियां इसे देश के संघीय चरित्र का उल्लंघन मानती हैं। चूंकि कानूनों की तरह सभी राजनीतिक पार्टियां इसके भी खिलाफ थीं, इसलिए भाजपा नीत केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध एक और रूप ले रहा है।

# कृषि कानून वापसी और जीत की राजनीति

"विपक्ष की प्रतिक्रिया दिलचस्प है। कांग्रेस राहुल गांधी को लेकर छाती पीट रही है, जिन्होंने भविष्यवाणी की थी कि मोदी कानूनों को निरस्त कर देंगे"

**कल्याणी शंकर**
(लेखिका राजनीतिक टिप्पणीकार हैं)



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झुकने के लिए नहीं जाने जाते हैं। हालांकि, राजनीतिक मजबूरियों ने उन्हें पिछले हफ्ते तीन विवादित कृषि कानूनों को वापस लेने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने महसूस किया है कि जब भी राजनीतिक विरोध और जन आंदोलन एक साथ आते हैं, तो यह राजनीति को प्रभावित करता है। एक चतुर राजनेता के रूप में, उन्होंने पीछे हटने का विकल्प चुना। शुक्रवार को अपने राष्ट्रीय टेलीविजन संबोधन में उन्होंने माफी मांगी : "आज, मैं अपने देशवासियों से क्षमा मांगता हूं और शुद्ध हृदय और ईमानदार मन से कहता हूं कि शायद कुछ कमी थी।" मोदी ने हड़ताली किसानों, अपने भक्तों और अपने विरोधियों को भी चौंका दिया। उन्होंने एक झटके में आगामी संसद सत्र और विधानसभा चुनावों में विपक्ष से हमले के केंद्रीय मुद्दे को सात राज्यों में ले लिया था। मोदी के अनुयायी उनके विरोधियों से ज्यादा भ्रमित थे। वे कृषि कानूनों का इतने उत्साह के साथ बचाव कर रहे थे कि उनके नीचे चढ़ने से उन्हें विश्वासघात का अहसास हुआ। लेकिन मोदी जानते हैं कि वह क्या कर रहे हैं, भले ही ऐसा लगता है कि निरसन उनकी छवि की कीमत पर है।

रोलबैक ने उसे ख्याति और ईंट-पत्थर जीत लिया है। भारत और विदेशों में सुधार समर्थक लॉबी मोदी के ऊपर चढ़ने से स्तब्ध है क्योंकि उन्हें आशंका है कि यह सुधार प्रक्रिया को रोक देगा, जिससे नई तकनीक और निवेश आएगा। वे मोदी पर भरोसा कर रहे थे कि वह सुधार की पहल करेंगे, खासकर श्रम और कृषि में। किसान-समर्थक लॉबी उन किसानों की जीत से खुश है, जिन्होंने एक साल तक ठंड और गर्मी के साथ-साथ कोविड -19 का भी विरोध किया। विपक्ष को भी लगता है कि किसानों को उनके समर्थन का दिन जीत गया है। संयोग से, रोलबैक के परिणामस्वरूप चुनावी रणनीति में बदलाव हो सकता है-भाजपा और विपक्ष दोनों के लिए।



भाजपा मणिपुर, गोवा, उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और गुजरात में शासन कर रही है और कांग्रेस केवल पंजाब में शासन कर रही है। बीजेपी के लिए यूपी में जीत बेहद जरूरी है. पार्टी इस बात से खुश है कि विपक्ष एकजुट नहीं है और उसने अभियान को तेज करना और पार्टी मशीनरी को सक्रिय करना शुरू कर दिया है। भाजपा के पास पर्याप्त धन और बाहुबल है और साथ ही एक अच्छी तरह से तेल वाली पार्टी मशीनरी भी है। विपक्ष की प्रतिक्रिया दिलचस्प है। कांग्रेस राहुल गांधी के उस विजन को लेकर अपना सीना पीट रही है, जिसने भविष्यवाणी की थी कि मोदी कृषि कानूनों को निरस्त कर देंगे। लेकिन एक मजबूत संगठन के बिना चुनावी राज्यों में जीतना मुश्किल है। मसलन, कांग्रेस इस समय यूपी में चौथे नंबर पर है. यह केवल अपनी स्थिति में सुधार कर सकता है और राज्य को नहीं जीत सकता। समाजवादी पार्टी किसान आंदोलन को केंद्रीय चुनावी मुद्दा बनाने की उम्मीद कर रही थी। पार्टी जाटों द्वारा समर्थित राष्ट्रीय लोक दल के साथ गठबंधन करने के लिए भी तैयार हो रही है। अब उसे अपनी चुनावी रणनीति पर फिर से काम करना होगा। विभाजित विपक्ष के परिणामस्वरूप त्रिशंकु विधानसभा हो सकती है। कांग्रेस पंजाब को आसानी से जीत सकती थी, लेकिन गांधी भाई-बहनों ने पिछले महीने कैप्टन अमरेंद्र सिंह से छुटकारा पाकर इसे बिगाड़ दिया है. कैप्टन ने अपनी पार्टी बना ली है और बीजेपी के साथ गठबंधन की तैयारी कर रहे हैं। वह चुनाव नहीं जीत सकते, लेकिन वह कांग्रेस को नुकसान पहुंचा सकते हैं। आम आदमी पार्टी का उभार भी चिंता का विषय है।

उत्तराखंड का उधम सिंह नगर जिला, जहां बड़ी संख्या में सिख किसान रहते हैं, आंदोलन का एक अनिवार्य केंद्र था। राज्य में मुख्यमंत्री पद का मजबूत चेहरा भी नहीं है। अब तक कांग्रेस और भाजपा बारी-बारी से शासन करती रही हैं।

हिमाचल प्रदेश में हाल के उपचुनावों में मिली जीत से कांग्रेस उत्साहित है। हाल के उपचुनावों में बीजेपी को पूरी तरह पराजय का सामना करना पड़ा था. इसमें एक मजबूत मुख्यमंत्री का भी अभाव है।गोवा तृणमूल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी जैसी बाहरी पार्टियों को आकर्षित कर रहा है। हालांकि कांग्रेस 2017 में नंबर एक पार्टी के रूप में उभरी, लेकिन भाजपा ने गठबंधन बनाकर राज्य को छीन लिया। मणिपुर में भी यही हुआ और कांग्रेस हार गई। प्रधान मंत्री और गृह मंत्री अमित शाह दोनों के गृह राज्य गुजरात में पहले ही मुख्यमंत्री का बदलाव देखा जा चुका है। फिर भी, उसके पास एक ठोस मुख्यमंत्री पद का चेहरा नहीं है। यही हाल कांग्रेस का है। लड़ाई कड़ी होगी। किसान की समस्या अभी भी थमी नहीं है। किसान संघों ने अपना आंदोलन जारी रखने का फैसला किया है और न्यूनतम समर्थन मूल्य पर संवैधानिक गारंटी, बिजली कानून को निरस्त करने और लखीमपुर खीरी हत्याकांड के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वे इस संघर्ष में मारे गए छह सौ विषम किसानों के लिए मुआवजे की भी मांग करते हैं। क्या इन सभी मुद्दों पर सरकार झुकेगी? हमें इंतजार करना होगा और देखना होगा।

## आप की बात

### देश के वीरों का सम्मान

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में ग्रुप कैप्टन अभिनंदन वर्धमान को वीर चक्र से सम्मानित किया। देश के लिए शहीद हुए अन्य जवानों को भी मरणोपरांत कीर्ति चक्र, वीर चक्र, महावीर चक्र, शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया। अभिनंदन द्वारा दिखाई गई बहादुरी अद्वितीय है। निश्चित रूप से देश के हर नागरिक को इस पर गर्व है। देश के लिए लड़ रहे ऐसे वीरों की वीरता खासकर हर छात्र तक पहुंचनी चाहिए। क्योंकि ये देश का भविष्य हैं। साहसिक सैनिकों की कहानियाँ छात्रों तक पहुंचती रहनी चाहिए। इस कारण देश की रक्षा के लिए कैसे आगे आए? सोच कैसी रखे यह उन्हें स्कूल स्तर से ही पता चलेगा। वे देश के रक्षा बलों पर भी मोहित होंगे। यह कैसे काम करते है? और इसमें शामिल होने के लिए क्या आवश्यक है? इसकी तैयारी करके मैं रक्षा बलों में ही करियर बनाना चाहता हूं। छात्रों का यह विचार स्कूल से ही पक्का हो जाएगा। करियर के अलग-अलग रास्ते हैं। लेकिन रक्षा बलों में करियर को समाज में एक विशेष महत्व है। यहां सेवा करने वाले व्यक्ति के प्रति समाज का रवैया किसी भी अन्य करियर क्षेत्र की तुलना में बहादुर व्यक्ति ऐसा है।

- **जयेश राणे**, मुंबई

### क्यों जारी है आंदोलन?

**राकेश** टिकैत का बयान उनकी राजनीतिक मंशा को उजागर करता है और सरकार की सदाशयता को सरकार की कमजोरी समझने की भूल कर रहे हैंऔर अपनी राजनीति चमकाने के लिए अब भी किसानों को उकसाना चाह रहे हैं अब वक्त आ गया है कि किसान श्याम अपने देश का उपयोग करके तीनों के सिविल वापस लेनी जाने के बाद अपने अपने काम धंधे में लग जाएं सरकार कोई उनकी दुश्मन नहीं है इसलिए उस पर भरोसा रखें यह आंदोलन मुख्य रूप से तीनों कृषि बिल पास किए जाने के बाद और उसके विरोध में ही शुरू हुआ था। इन्हें बिना शर्त वापस लेना ही इस आंदोलन की मुख्य मांग थी, जो पूरी हो चुकी है। अब इनमें अन्य मांगों को जोड़ने का सीधा मतलब यही है कि संयुक्त किसान मोर्चा को लग रहा है कि सरकार दबाव में आ गई है, सो उससे जितना हो सके अपनी मांगें मनवा ली जाएं। यह नजरिया उचित नहीं है। इन मांगों के साथ समाज के उन हिस्सों के हित जुड़े हुए हैं, जो अपनी मांगों के साथ सड़क पर नहीं उतरे हैं और यह विश्वास बनाए हुए हैं कि उनके वोटों से निर्वाचित सरकार उनके हितों का भी ख्याल रखेगी। सिलसिला अभी चलता रहा तो एक के बाद एक मांगे बढ़ती जाएंगी।

- **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### कड़ी चेतावनी

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सखत रुख अपनाते हुए उन सभी को कड़ी चेतावनी दे डाली है जो लखनऊ में सीएए एवं एनआरसी के नाम पर धरना प्रदर्शन करने वाले हैं, एवं शाहीन बाग बनाने वाले हैं। इस बार ऐसी कोई भी साजिश कामयाब नहीं होने दी जाएगी। वे अब की बार सावधान रहें उन्हें इस बार अब कोई मौका नहीं दिया जाएगा। हम भी उनके इस बयान का स्वागत करते हैं। पिछली बार दिल्ली के शाहीन बाग को आज तक पूरा भारत नहीं भुला पाया है जब बिना वजह से एक लंबे समय तक शाहीन बाग को चलाया गया था जबकि भारतीय अल्पसंख्यकों का इस कानून से कोई भी मतलब नहीं है, कोई भी लेना देना नहीं है। सीएए- एनआरसी विदेश में रहने वाले अल्पसंख्यकों के लिए लाया गया कानून है। अत: हम सहमत हैं कि अब दिल्ली जैसा शाहीन बाग लखनऊ तो क्या पूरे देश में कहीं भी कायम नहीं होना चाहिए पिछली बार इस शाहीन बाग के कारण देश को काफी नुकसान उठाना पड़ा था।

- **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



"**हालांकि** कांग्रेस और माकपा दोनों ने त्रिपुरा पर शासन किया है, लेकिन उनमें भाजपा को हराने की क्षमता नहीं है।

- **अभिषेक बनर्जी**
तृणमूल कांग्रेस महासचिव

**जलवायु** परिवर्तन के मामले में हम कदम पीछे नहीं हटा सकते और वहां पर स्थिर बने भी नहीं रह सकते जहां पर हैं।

- **बराक ओबामा**
पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति





**बसपा** चुपचाप काम करने और कम बोलने में विश्वास रखती है, इसलिए हमारी पार्टी दूसरों की तरह घोषणापत्र जारी नहीं करती है।

- **मायावती**
बसपा सुप्रीमो"

# रैली का न्यौता देने बावल की गलियों में पहुंचे सहकारिता मंत्री

## सहकारिता मंत्री ने कहा, सात साल बेमिसाल में जिले की रही उल्लेखनीय भागीदारी

### जिला बावल हल्का को मिलने वाली विकास योजनाओं का केंद्र बिंदु रहेगा

पायनियर समाचार सेवा। रेवाड़ी



बावल शहरी क्षेत्र में लोगों को विकास रैली का निमंत्रण देते सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल।

मुख्यमंत्री मनोहरलाल के आगमन की तैयारी जोरों पर हैं। कल 26 नवंबर को बावल में होने वाली सीएम की रैली को लेकर सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल ने आज बावल शहरी क्षेत्र का दौरा कर लोगों को निमंत्रण दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शुक्रवार 26 नवंबर को रेवाड़ी जिला बावल हल्का को मिलने वाली विकास योजनाओं का केंद्र बिंदु रहेगा। करोड़ों रुपये की विकास योजनाओं को समर्पित शुक्रवार का दिन रेवाड़ी जिला के लिए विशेष रहेगा।

सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि कल मुख्यमंत्री मनोहर लाल व केन्द्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह का बावल आगमन जिले की तकदीर व तस्वीर बदलने का काम करेंगे। इस दिन मुख्यमंत्री मनोहर लाल व केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह जिले को करोड़ों रुपये की विकास योजनाओं को आमजन को समर्पित करेंगे। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार के सात साल बेमिसाल रहे हैं और जिले में भी सरकार की ओर से दी गई विकास योजनाओं के कारण पूरे जिले की उल्लेखनीय भागीदारी रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश का एक समान चंहुमुखी विकास कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों के समय में बावल क्षेत्र विकास के मामले में पिछड़ा हुआ था, लेकिन सीएम मनोहर लाल ने बावल क्षेत्र में अनेक विकास कार्य करवा कर इसके पिछड़ेपन को दूर करने का काम किया है।

### सहकारिता मंत्री ने सर छोटू राम को याद किया

सहकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री डा. बनवारी लाल ने सर छोटू राम जयंती पर बावल में दीनबन्धु सर छोटू राम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सर छोटूराम को किसानों के मसीहा के रूप में जाने जाते है। उन्होंने किसानों के अधिकारों के लिए बहुत कुछ किया। उन्होंने कहा कि सर छोटूराम जैसी शख्सियत ने किसान, मजदूर व तमाम कमेरा वर्ग के लिए काम किया तथा किसानों की लगान माफ कराने का बड़ा काम किया। उन्होंने कहा कि सर छोटूराम किसी जाति विशेष के लिए नहीं, बल्कि सभी वर्गों के मसीहा थे। इसलिए हमें भी उनके बताए मार्ग पर चलते हुए उनके जीवन चरित्र से प्रेरणा लेकर समाज में एकता व समानता के लिए कार्य करना चाहिए।



# मांगों को हल करवा कर ही किसान घर जाएंगे: सहगल

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

संयुक्त किसान मार्चा के आहवान पर चल रहे कितलाना टोल धरने पर किसान मजदूरों के महान नेता चौधरी छोटूराम की जयन्ती मनाई गई। चौधरी छोटू राम ने शोषित, पीड़ित, दलित व किसान की आवाज को ताकत देकर उनके हक में कानून बनाकर अंग्रेजी शासन व साहूकारी शिकजे से मुक्त कराया था।

वे हमेशा जनता द्वारा याद किए जाएंगे। उन्होंने सम्प्रदायिक ताकतों के विरूद्ध अनथक लड़ाई लड़ते हुए किसानों व जनता की एकता कायम की था। यह बात कितलाना टोल पर धरने को सम्बोधित करते हुए पूव सांसद व अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाषणी अली सहगल ने कही। वे आजाद हिन्द फौज में झांसी रेजिमेंट की कप्तान लक्ष्मी सहगल की बेटी है तथा वर्तमान में माकपा पोलित ब्यूरो की सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि हमारे किसान आन्दोलन में हमारे 700 से अधिक किसान शहीद हो गए है, देश के प्रधान मन्त्री ने उनके परिवारों के लिए सहानुभूति का एक शब्द नहीं बोलना अफसोसजनक है।

उन्होंने किसान आन्दोलन को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह किसानों की समस्याएं हल करवाने के साथ लोकतन्त्र व संविधान बचाने का आन्दोलन है, इसमें किसानों ने सरकारों की जुल्म ज्यादतियां सहन करते हुए जो अभूतपूर्व एकता कायम की है, उसे हर कीमत पर कायम रखना है, ताकि आन्दोलन की जीत के बाद भी अपनी समस्याएं हल करवाने वास्ते लड़ना है। जब तक एमएस पी की कानूनी गांरटी, बिजली बिल 2020, पराली कानून ठीक नहीं होंगे। लड़ाई जारी रहेगी।

# हमला कर नगदी-मोबाइल छीनने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। करनाल



पुलिस की सीआईए वन की टीम द्वारा चार ऐसे आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। जिन्होंने अपने चार अन्य साथियों के साथ मिलकर घात लगाकर व लाठी-डण्डों के साथ हमला करके चोट पंहुचाकर नगदी व मोबाइल फोन छीनने की वारदात को अंजाम दिया था।

शिकायतकर्ता विरेन्द्र शर्मा वासी गांव बैरसाल ने पुलिस को दी शिकायत दर्ज कराई थी, पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया था। एसपी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मामले की आगामी तफ्तीश सीआईए वन की टीम को सौंपी गई। पुलिस के अनुसार मुख्य सिपाही प्रवीन कुमार की अध्यक्षता में टीम द्वारा चार आरोपियों मुख्य आरोपी जतिन उर्फ छोटू, साहिल उर्फ गपला, विशाल, गौतम वासियान गांव बोडी जिला कुरुक्षेत्र को विश्वसनीय सूचना पर तरावडी बस अड्डा के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों द्वारा उपरोक्त वारदात को अपने चार अन्य साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देने के बारे में इंकार किया गया। आरोपियों ने खुलासा किया कि वे अलग-अलग तरह के नशा करने के आदी हैं।

# कांग्रेस निकालेगी 26 को महंगाई की शवयात्रा: त्रिलोचन

करनाल। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सोनिया गांधी, राष्ट्रीय नेता प्रियंका गांधी, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी तथा प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व के निर्देश पर कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे जनजागरण अभियान के अंतर्गत करनाल में जिला कांग्रेस द्वारा 26 नवम्बर को 12 बजे महंगाई की शव यात्रा निकली जायगी।

उसके बाद सरकार की नीतियों के खिलाफ डीसी को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया जायेगा। मौके पर पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा मौजूद रहेंगे। प्रदर्शन जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह के संयोजन में किया जायेगा। यह जानकारी जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि महंगाई लगातार आसमान छू रही है। टमाटर सौ रुपये प्रति किलो बिक रहा है। पेट्रोल डीजल लगातार महंगा हो रहा है।

# ब्रह्मसरोवर में नौका विहार का विरोध जारी

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



### गुलजारी लाल नंदा फाउंडेशन ने किया विरोध

ब्रह्मसरोवर में प्रस्तावित नौका विहार का विरोध अब पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न गुलजारी लाल नंदा फाउंडेशन दिल्ली के चेयरमैन केआर अरुण ने किया है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की स्थापना नंदाजी के प्रयासों से हुई थी।

उनकी आत्मा कुरुक्षेत्र और कुरुक्षेत्र के तीर्थों में बसती है। कुरुक्षेत्र के लिये नंदाजी द्वारा किये गये प्रयासों के कारण ही देश के दिग्गज राजनेता भी उन्हें राज ऋषि कहकर संबोधित करते थे।

अरुण ने कहा कि नंदाजी लंबे समय तक कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की कमान संभालते हुए अध्यक्ष पद पर सुशोभित रहे थे। अपनी इच्छा से केडीबी का अध्यक्ष पद छोड़ने के बाद भी उन्होंने अपने जीवनकाल में ब्रह्मसरोवर और अन्य तीर्थों की मर्यादा को भंग नहीं होने दिया। अरुण ने कहा कि आज नंदाजी परलोक में हैं, लेकिन उनकी स्मृति में ब्रह्मसरोवर तट पर उनका स्मारक स्थल सदाचार स्थल अनेकों लोगों की श्रद्धा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि केडीबी द्वारा ब्रह्मसरोवर में जो नौका विहार करने की योजना बनाई है, वह ना केवल नंदाजी,बल्कि ब्रह्मसरोवर जैसे पावन तीर्थ की आत्मा को छलनी करने जैसी योजना से कम नहीं है। उन्होंने श्री ब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा द्वारा किए जा रहे विरोध का समर्थन करते हुए कहा कि गुलजारी लाल नंदा फाउंडेशन इसका समर्थन करता है और उम्मीद करता है कि भविष्य में भी यदि किसी भी स्तर पर तीर्थों की मर्यादा को चोट पहुंचाई जाती है तो इसके लिए सभी इसी तरह अपनी भूमिका निभाती रहेगी।

अरुण ने कहा कि किसी भी कीमत पर ब्रह्मसरोवर की मर्यादा भंग नही होने दी जाएगी। यह तीर्थ करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का तीर्थ है। जो लोग इसे सैर सपाटा करने के लिए नौकाविहार की योजना बना रहे हैं। उन्हें शायद भारतीय संस्कृति और तीर्थ परंपराओं का रत्ती भर भी ज्ञान नहीं है।

# नशा तस्करों को सलाखों के पीछे भेजना और आमजन की सेवा करना एकमात्र लक्ष्य:अंशु

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



### नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक डा. अंशु सिंगला ने संभाला पदभार

पुलिस अधीक्षक डा. अंशु सिंगला ने कहा कि कुरुक्षेत्र जिले के एक-एक नागरिक का प्रतिनिधि बनकर सेवाभाव से काम करने के लिए हैं धर्मनगरी में पहुंची हैं। इस पवित्र और धर्मनगरी को अपना एक परिवार समझकर काम करेंगी और हर समय लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए तत्पर रहेंगी।

इस जिले में एक सेवाभावना से काम करने का उद्देश्य अपने जहन में संजोए हुए हैं। इतना ही नहीं कुरुक्षेत्र जिले में नशा तस्करों और अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजना तथा आमजन की सेवा करना एकमात्र लक्ष्य रहेगा। इसलिए सभी पुलिस अधिकारी और कर्मचारी लोगों की शिकायतों को सुनना और समाधान करने पर फोकस रखेंगे। अपनी डयूटी को निष्ठा और ईमानदारी के साथ पूरा करेंगे। पुलिस को एक जनसेवक के रूप में काम करना होगा। इसके लिए लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ मीडिया का हर कदम पर सहयोग चाहिए, क्योंकि पुलिस और मीडिया का एक ही लक्ष्य है कि लोगों की समस्याओं को सामने लाकर उनका समाधान करवाएं।

### शहर की कानून व्यवस्था को किया जाएगा दुरुस्त

एसपी ने पत्रकारों से मिली फीडबैक पर बोलते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र जिले में पिछले समय से पुलिस द्वारा जितने भी अच्छे कार्य किए जा रहे है, उनको सुचारु रुप से ओर आगे चलाया जाएगा और मीडिया और आमजन का सहयोग लेकर शहर की कानून व्यवस्था को एकदम दुरुस्त किया जाएगा।

इस शहर के प्रत्येक नागरिक को न्याय मिले, यह प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाएगा। पुलिस चौकी, थानों और एसपी कार्यालय में अमुमन व्यक्ति दुःखी होकर पहुंचता है, इसलिए पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को अपनी कार्यशैली में बदलाव लाकर लोगों के साथ अच्छा व्यवहार करना होगा। आम व्यक्ति की समस्या को पूरे मान-सम्मान के साथ दूर करना होगा। इस मामले में किसी भी तरह की शिकायत या लापरवाही सहन नहीं की जाएगी।

# सतलुज स्कूल ने जिला स्तर की हरियाणा ग्रामीण खेलों में किया शानदार प्रदर्शन

कुरुक्षेत्र। सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल शाहाबाद मारकंडा के प्रधानाचार्य डॉ. आरएस घुम्मन ने बताया कि स्कूल के विद्यार्थियों ने हरियाणा ग्रामीण खेल की जिला स्तर की चैंपियनशिप में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया।

जिसमें जेवलिन थ्रो में कर्णदीप कक्षा 12वीं ने गोल्ड मैडल जीता, 400 मीटर रिले दौड़ में नवदीप सिंह, कर्णदीप सिंह और इशांत कक्षा 12वीं व अमन, हरदीप और इशेश कक्षा 11वीं ने सिल्वर मेडल जीता। 3000 मी. दौड़ में हरदीप सिंह ने गोल्ड व शॉट पुट में कर्णदीप सिंह और डिसकस थ्रो में नवदीप सिंह ने सिल्वर मेडल जीता। इसी प्रकार वंश कक्षा आठवीं ने अंडर-14 ग्रुप में 400 मीटर रिले दौड़ में गोल्ड, 600 मीटर व 400 मीटर दौड़ में सिल्वर मेडल जीते। स्कूल प्रधानचार्य ने खिलाड़ियों व उनके अभिभावकों को इस उपलब्धि पर बधाई दी। साथ ही स्कूल के शारिरिक शिक्षा के अध्यापक जगजीत सिंह और संजीव कुमार को इन सभी खिलाड़ियों की तैयारी में योगदान के लिए प्रशंसा व बधाई दी।

# असंतुलित खानपान से बढ़ रहा ब्रेन स्ट्रोक का खतरा

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

ब्रेन स्ट्रोक यानि दिमाग की नाड़ी फटने या खून का रिसना मौत या उम्र भर के लिए अपंगता का एक बड़ा कारण है। यह मानवीय स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर खतरा है। यह आज की जीवनशैली में असंतुलित खान-पान के कारण बढ़ रहा है।

हृदय रोग व कैंसर के बाद ब्रेन स्ट्रोक के मरीजों में लगातार इजाफा हो रहा है जोकि चिंताजनक है और सबसे गंभीर पहलू यह है कि युवा वर्ग भी ब्रेन स्ट्रोक की चपेट में आ रहा है। इससे बचने के लिए व्यक्ति को अपना खान-पान तो नियंत्रित करना ही होगा साथ ही समय समय पर डाक्टरों की सलाह भी जरूरी है। इसके साथ ही यदि प्रतिदिन 20 या 30 मिनट के लिए साइकिल चलाना, सैर करना भी शरीर को फिट रख सकता है। करनाल में एक कार्यक्रम

### ब्रेन स्ट्रोक के युवा भी हो रहे शिकार

के तहत फोर्टिस अस्पताल मोहाली के डाक्टरों ने लोगों को जागरूक करते हुए यह जानकारी दी। फोर्टिस अस्पताल के इंटरवेंशनल न्यूरोरेडियोलॉजी के एडीशनल डायरेक्टर डा. विवेक गुप्ता ने बताया कि ब्रेन स्ट्रोक यानि दिमाग का दौरा दिमाग के किसी भी हिस्से में खून का प्रभाव रूक जाने, थक्का जमने या खून का दबाव बढ़ने के कारण रक्त वाहिक के फटने से होता है।

इससे मस्तिष्क की कोशिकाओं में आक्सीजन की कमी होने लगती है। जिसके बाद धीरे-धीरे मस्तिष्क का वह हिस्सा काम करना बंद कर देता है। जिस कारण दिमाग सुन्न होना शुरु होता है और व्यक्ति को लकवा मार जाता है। उन्होंने बताया कि शराब के ज्यादा सेवन, धूम्रपान, वसा युक्त आहार, नशीले पदार्थ व बढ़ता वजन युवाओं में ब्रेन स्ट्रोक का खतरा बढ़ा रहा है। डा. विवेक गुप्ता के मुताबिक दिमागी दौरे के बाद तुरंत मरीज को अस्पताल लाया जाए।

# निमड़ीवाली धरने के किसानों ने चौधरी छोटू राम को भारत रत्न देने की मांग की

भिवानी। किसानों के मसीहा चौधरी छोटूराम की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए निमड़ीवाली के किसानों ने केन्द्र सरकार से चौधरी छोटू राम को भारत रत्न देने की मांग की। यह जानकारी देते हुए राजेन्द्र सिंह डोहकी ने बताया कि धरने पर उपस्थित किसानों ने चौधरी छोटू राम के जीवन पर प्रकाश डाला तथा उनके दिखाए हुए मार्ग पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि चौधरी छोटू राम किसानों के सच्चे हितेशी थे उन्होंने अपना पूरा जीवन किसान व मजदूर वर्ग को न्याय दिलाने में लगा दिया। उन्होंने कहा कि आज जरूरत है।


प्रेरणा



विकेश भारतीय
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर

दो गज जमीन या दो गज कफन के लिए,
अपने घर, परिवार या वतन के लिए,
जो भी करना है जी भर के करो यारो,
मरने से पहले कुछ करो वतन के लिए।


### रेनो इंडिया ने कुरुक्षेत्र में ग्रामीण महोत्सव का आयोजन किया

# ग्रामीण इलाकों में अपनी उपस्थिति को और मजबूत बनाने के लिए इस अनोखी पहल की शुरुआत की

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

विगत 10 वर्षों से भारत में अपने कारोबार का संचालन करने वाले रेनो ने ग्रामीण इलाकों में अपनी उपस्थिति को और मजबूत बनाने के लिए, आज कुरुक्षेत्र के थानेसर तहसील के मथाना गांव में ग्रामीण महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य अतिथि के रूप में, मथाना गाँव के सरपंच, तेजपाल मथाना ने इस विशेष कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर रेनो इंडिया के मार्केटिंग प्रमुख, श्री निकोला जी भी उपस्थित थे। सीएससी के जिला प्रबंधक, मोहित शर्मा के साथ 40 से ज्यादा सीएससी व्हीएलई ने इस ग्रामीण महोत्सव में भाग लिया।

रेनो इंडिया का ग्रामीण महोत्सव, देश के ग्रामीण इलाकों के उन सभी ग्राहकों तक पहुंचने और उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए शुरू की गई पहल है, जो विभिन्न कारणों से कंपनी के आउटलेट या शोरूम तक नहीं पहुंच पाते हैं। रेनो इंडिया ने दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों के ग्राहकों को सुविधाजनक तरीके से वाहन उपलब्ध कराने के इरादे के साथ इस पहल की शुरुआत की है, ताकि उन्हें रेनो इंडिया के बेमिसाल प्रोडक्ट्स की पूरी रेंज को देखने के साथ-साथ इस शानदार अनुभव को अपने साथ घर ले जाने का अवसर प्राप्त हो सके।

इस ग्रामीण महोत्सव में पूरे जिले से, खासकर ग्रामीण बाजारों से 150 से ज्यादा संभावित ग्राहकों ने भाग लिया, जिन्हें रेनो इंडिया की इस दिलचस्प पहल का हिस्सा बनने और अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिला। इस कार्यक्रम में रेनो ने ग्रामीण बाजार में अपने संभावित ग्राहकों के लिए अपने प्रोडक्ट की पूरी रेंज को प्रदर्शित किया, जिसमें रेनो काइगर भी शामिल था जो इस सेगमेंट में ईंधन की बचत के लिहाज से सबसे बेहतर है। बेहद आकर्षक, इनोवेटिव एवं किफायती गेम-चेंजर, रेनो 'क्विड' के साथ-साथ रेनो ट्राइबर भी इस कार्यक्रम का हिस्सा बना, जिसे हाल ही में ग्लोबल एनकैप 4-स्टार सेफ्टी रेटिंग से सम्मानित किया गया है। रेनो की पूरी उत्पाद श्रृंखला को प्रदर्शित करने के अलावा, रेनो की ओर से ग्राहकों के लिए कई मनोरंजक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया, जिससे उनका यह अनुभव बेहद रोमांचक और आनंददायक बन गया।

हाल ही में, रेनो ने ग्रामीण इलाकों में अपनी उपस्थिति को मजबूत बनाने तथा दूरदराज के इलाकों में ग्राहकों के करीब जाने के उद्देश्य से सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड के सहायक प्रतिष्ठान, सीएससी ग्रामीण ई-स्टोर के साथ भागीदारी की है।

# संक्षिप्त समाचार

### रोटरी क्लब ने बाबैन स्कूल को समर्पित किया वॉटर कूलर



बाबैन के स्कूल में वॉटर कूलर समर्पित करते समाज सेवी संदीप गर्ग।

कुरुक्षेत्र। रोटरी क्लब शाहाबाद की ओर से बाबैन के गांव मंगौली जाटान में स्थित सर छोटू राम हाई स्कूल में वॉटर कूलर समर्पित किया गया। यह वॉटर कूलर स्कूल में आयोजित सादे कार्यक्रम के तहत मुख्यातिथि संदीप गर्ग ने स्कूल को सौंपा। मुख्य अतिथि संदीप गर्ग ने रोटरी क्लब के सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की। कहा कि इस तरह की संस्थाओं की बदौलत सामाजिक ताना-बाना मजबूत हो रहा है। स्कूल के खेलों में जिला स्तरीय प्रतियोगिता जीतने वाले 7 विद्यार्थियों को खेल किट व वॉटर कूलर संदीप गर्ग की ओर से दिया गया। क्लब के प्रधान राजकुमार ने कहा कि संदीप गर्ग समाज सेवा के क्षेत्र में मसीहा के तौर पर काम कर रहे हैं और जिलेभर की संस्थाओं को संदीप गर्ग का पूरा सहयोग है। स्कूल के प्राचार्य सुरेन्द्र ने मुख्यातिथि संदीप गर्ग व क्लब के सदस्यों का स्वागत किया। इस अवसर पर डा. आरएस घुम्मन, प्रितपाल सिंह ढिल्लो, सुरेश गोगिया, कुलदीप गुप्ता, डा.एसएस आहुजा, वीरेन्द्र ठकराल मौजूद रहे।

### योग शिविर का हुआ समापन



कुरुक्षेत्र। श्रीकृष्णा आयुष विश्वविद्यालय में चल रहे मधुमेह प्रबंधन शिविर का बुधवार को समापन हुआ। इस अवसर पर हरियाणा योग आयोग एवं श्रीकृष्णा आयुष विवि के बीच योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा में शोध को लेकर समझौता प्रस्ताव साझा किया गया। मुख्य अतिथि हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन जयदीप आर्य रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति डॉ. बलदेव कुमार ने की। डीन एकेडमिक अफेयर डॉ. अशोष मेहता ने उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। आयुष विवि के कुलसचिव ने कार्यक्रम योग एवं आयुर्वेद कार्यक्रमों के नियमित आयोजन के लिए आश्वासन दिया। श्रीकृष्णा आयुर्वैदिक कॉलेज के प्रचार्य डॉ. देवेंद्र खुराना ने कहा कि शिविर के माध्यम से योग को जन-जन तक पंहुचाने का उद्देश्य सफल हुआ है। काफी संख्या में मरीजों ने योग शिविर में भाग लिया। योग सरल-स्वाभाविक क्रिया है। जिससे सारे रोग ठीक हो जाते हैं। इसलिए हर व्यक्ति को नियमित रूप से योग करना चाहिए। मंच का संचालन योग शिक्षक डॉ. योगेंद्र ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जयदीप आर्य ने कहा कि कुलपति डॉ. बलदेव कुमार के नेतृत्व में आयुष विवि निरंतर ऊंचाइयां छू रहा है। उनका पूरा जीवन आयुर्वेद को समर्पित है। इस अवसर पर हरियाणा योग आयोग के रजिस्ट्रर हरिश चंद्र, डॉ. सुरेंद्र सहरावत, मनोज कुमार उपस्थित रहे।

### 220 ग्राम गांजा पत्ती सहित एक आरोपी गिरफ्तार

करनाल। पुलिस ने टीम ने एक आरोपी को 220 ग्राम गांजा पत्ती के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ असंध थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज आगामी कार्यवाही शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार उप निरीक्षक रमेश चन्द थाना असंध की अध्यक्षता में पुलिस टीम ढोल चौक बाईपास असंध पर मौजूद थी कि उसी समय टीम को विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि शमशेर सिंह उर्फ श्यामा वासी वार्ड नं.-6 डेरा गामा रोड असंध अपने रिहायशी मकान में गांजा पत्ती बेचने का काम करता है। जो आज कहीं से गांजा पत्ती लेने के लिये गया हुआ है और डेरा गामा मोड असंध की तरफ आयेगा। प्राप्त सूचना के आधार पर टीम द्वारा डेरा गामा मोड पर नाकाबंदी की गई। दौराने नाकाबंदी आरोपी शमशेर सिंह उर्फ श्यामा उपरोक्त को काबू किया गया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से हाथ में ली हुई पोलीथीन में से 220 ग्राम गांजा पत्ती बरामद की गई। दौराने तफ्तीश पूछताछ में आरोपी द्वारा खुलासा किया गया कि वह उपरोक्त गांजा पत्ती को सस्ते दाम पर पानीपत से एक व्यक्ति से खरीदकर लाया था ताकि असंध के एरिया में नशे के आदी लोग को महंगे दाम पर बेचकर मुनाफा कमा सके। आरोपी को आज पेश अदालत करके न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

### फिल्म अभिनेता मुस्ताक खान 28 को भिवानी आएंगे

भिवानी। बालीवुड के फेमस फिल्म अभिनेता मुस्ताक खान 28 नवम्बर को भिवानी आऐंगे। उक्त जानकारी देते हुए, कार्यक्रम के संयोजक बेद प्रकाश भारतीय ने बताया कि भारत रत्न डाक्टर अम्बेडकर शिक्षा समिति एवं धाकड़ है हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में रविवार 28 नवम्बर को टिबड़ेवाल सभागार में भारतीय प्रशासनिक एवं दूसरा डाक्टर अंबेडकर कला रत्न अवार्ड समारोह का आयोजन किया जायेगा। जिसमें शामिल होने के लिए विशेष तौर पर बालीवुड के फिल्म अभिनेता मुस्ताक खान आयेंगे।

### श्रीराम पाठशाला के बच्चों को सर्दियों का तोहफा मिला

भिवानी। प्रमुख समाजसेवी संजय गुप्ता लिबर्टी होम्स ने श्रीराम पाठशाला के सभी बच्चों को सर्दियों से बचाव के लिए जैकेट भेंट की। सपरिवार पधारे संजय गुप्ता ने कहा कि हमें जरूरतमंद की सेवा करने का अवसर मिला है और सबको यह सद्कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस पाठशाला के संचालन में जिस तरह की मदद चाहिए उसके लिए वह सदा तत्पर रहेंगे। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि श्रीराम पाठशाला चैरिटी ट्रस्ट निशुल्क शिक्षा देने का अभियान जारी रखेगा और बच्चों को हर संभव सहायता जैसे किताबें, कापियां, पेन, ड्रैस, जूते आदि भी निशुल्क मिलते रहेंगे। स्कूल के बच्चियों ने हरियाणवी भजन सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।


AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

## एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड़, जयपुर-302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

### सिक्युरिटाईजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र

अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी है।''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की''धारा 13(2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी ने ऋण खातों के गैर निष्पादनीय आस्तियों (एन.पी.ए.) होने पर नीचे दी गई तालिका के अनुसार ऋणीयों/सह-ऋणीयों/ गारण्टर बंधककर्ताओं (जिन्हें आगे ऋणी/ऋणीयों के नाम से सम्बोधित किया जायेगा) को 60 दिनों के नोटिस प्रेषित किये थे, नोटिस के अनुसार यदि ऋणी 60 दिनों के भीतर सम्पूर्ण ऋण राशि जमा नही करवाते है तो प्राधिकृत अधिकारी प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में अधिनियम की धारा 13 उपधारा 4 व 14 के अन्तर्गत कदम उठाने हेतु स्वतंत्र होगा। जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ उसे प्रतिभूत आस्तियों का कब्जा लेने की शक्ति तथा उनका विक्रय करना सम्मिलित है। अतः आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि निम्न सूची में दी गई सम्पूर्ण बकाया ऋण राशि भविष्य के ब्याज तथा खर्चो एवं लागतों इत्यादि के साथ 60 दिवस के भीतर जमा करवा दें। इसके अतिरिक्त आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त 13(13) में निर्दिष्ट सूचना की प्राप्ति के पश्चात प्रतिभूत लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना सूचना में निर्दिष्ट अपनी किन्ही प्रतिभूत आस्तियों को विक्रय द्वारा या पट्टे द्वारा अथवा किसी माध्यम से अन्तरित नहीं करेंगे। ऋणीयों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13(8) सपठित नियम 3 (5) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अनुसार ऋणी अपनी बंधक सम्पत्ति को उसके द्वारा उपगत सभी खर्चो प्रभारों और व्ययों के सहित प्रतिभूत लेनदार द्वारा विक्रय या अन्तरण के लिये नीलामी सूचना के प्रकाशन से पूर्व किसी भी समय भुगतान करके मुक्त करवा सकते है।

| ऋण खाता संख्या / ऋणी/सहऋणी/ बन्धकर्ता/गारन्टर का नाम | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| (खाता सं.) L9001060122843853 **भारत (ऋणी)** चेतन (सह-ऋणी), सुनीता रानी (सह-ऋणी) | 13 अक्टूबर 2021 ₹ 675929/- रु. छः लाख पिचहत्तर हजार नो सौ उनतीस मात्र दिनांक 13 अक्टूबर 2021 तक | सम्पति स्थित म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन मोहल्ला सैनियान, हिसार, हरियाणा **क्षेत्रफल 34.3 वर्गगज** |
| (खाता सं.) L9001061122569426 **शर्मा गारमेन्ट्स (ऋणी)**, मनीष कुमार (सह-ऋणी), अनिल कुमार (सह-ऋणी), अजय शर्मा (सह-ऋणी) | 13 अक्टूबर 2021 ₹ 309414/- रु. तीन लाख नौ हजार चार सौ चोदह मात्र दिनांक 13 अक्टूबर 2021 तक | सम्पति स्थित फ्रीहोल्ड - म्यूनिसिपल लिमिट सेमी अर्बन एंड रूरल नयी आबादी सम्भू दयाल के पास रेवाड़ी, हरियाणा **क्षेत्रफल 150 वर्गगज** |
| (खाता सं.) L9001060123623328 **कृष्णा एजेन्सीज (ऋणी)**, वीरेन्द्र सिंह (सह-ऋणी), शांति देवी (सह-ऋणी) | 13 अक्टूबर 2021 ₹ 667706/- रु. छः लाख सडसठ हजार सात सौ छः मात्र दिनांक 13 अक्टूबर 2021 तक | सम्पति स्थित फ्रीहोल्ड - म्यूनिसिपल लिमिट सेमी अर्बन एंड रूरल वार्ड नं. 08 0 सोभा सागर तालाब के पास मालीटिब महेन्द्रगढ़, नारनौल, हरियाणा **क्षेत्रफल 150 वर्गगज** |

स्थान : हरियाणा दिनांक: 24-11-2021 प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

# हरियाणा प्रदेश में ऐसे कैसे रुकेगा क्राइम, पुलिस में 22,671 पद खाली

## पुलिस में आईपीएस, एचपीएस के अलावा इंस्पेक्टर से कांस्टेबल तक का टोटा

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** की गठबंधन सरकार बेहतर कानून व्यवस्था के कितने ही दावे क्यों न करे, लेकिन कड़वा सच यह है कि पुलिस फोर्स में स्टॉफ का भारी टोटा है। पुलिस विभाग में 22,671 पद खाली हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इनमें से महज 8,794 पदों पर ही भर्ती करने के लिए सरकार ने हरियाणा लोकसेवा आयोग और हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग को डिमांड भेजी है।

पुलिस कांस्टेबल के पांच हजार पदों पर भर्ती प्रक्रिया आयोग शुरू भी कर चुकी है, लेकिन लिखित परीक्षा रद्द होने के चलते यह भर्ती फिलहाल लटकी हुई है। पेपर का नया शेड्यूल जारी होगा। सबसे अधिक चिंतनीय यह है कि फोरेंसिक लैब्स के कुल 298 पद स्वीकृत हैं और इनमें से 183 यानी 60 प्रतिशत से अधिक खाली पड़े हैं। आईपीएस के 144 स्वीकृत पदों में से 109 भरे हुए हैं, जबकि 35 आईपीएस अधिकारियों की कमी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के स्वीकृत 35 पदों में से 6 खाली हैं। डीएसपी के 329 पद हैं और 268 भरे हुए हैं, जबकि 61 डीएसपी की जरूरत राज्य को है। पुरुष इंस्पेक्टर के 1076 पदों में से 229 खाली हैं। वहीं लेडी इंस्पेक्टर के 84 स्वीकृत पदों के मुकाबले 79 भरे हुए हैं और 5 खाली हैं। सब-इंस्पेक्टर पुरुष के 3045 स्वीकृत पदों में से 992 और लेडी सब-इंस्पेक्टर के 276 पदों में से 66 रिक्त हैं।

एएसआई (पुरुष) के 5310 कुल पर स्वीकृत हैं और इनमें से



1448 खाली हैं। एएसआई (महिला) के 24 पद खाली हैं, जबकि इनकी स्वीकृत संख्या 543 है। हेड-कांस्टेबल (पुरुष) के 11,466 पदों में से 3,793 रिक्त हैं। वहीं महिला हेड-कांस्टेबल के 917 स्वीकृत पदों में से 249 रिक्त हैं। पुरुष सिपाही के 43,706 स्वीकृत पदों में से 31,047 भरे हुए हैं और 12,659 खाली हैं। महिला कांस्टेबल के 4,138 पदों में से 1272 खाली हैं।

**फोरेंसिक लैब में स्टॉफ का संकट**

क्राइम रोकने और घटना के बाद उसकी जांच में फोरेंसिक लैब की अहम भूमिका है। पुलिस अकादमी मधुबन में मुख्य लैब है। वहीं गुरुग्राम, रोहतक, हिसार व पंचकूला के मोगीनंद में क्षेत्रीय फोरेंसिक लैब बनाई हुई हैं। इन लैब में विभिन्न कैटेगरी के कुल 298 पद स्वीकृत हैं। इनमें से 60 प्रतिशत से अधिक पद खाली पड़े हैं। लैब में 183 कर्मचारियों की जरूरत है। यह आंकड़ा भी पुराने पदों के हिसाब से है। राज्य में जिस तरह से पुलिस थानों व चौकियों की संख्या बढ़ी है, उसके हिसाब से फोरेंसिक लैब में स्टॉफ के नए पद स्वीकृत नहीं हुए हैं। ग्रुप-डी के 1441 पद खाली

राज्य में ग्रुप-डी के 3,898 पद स्वीकृत हैं। इनमें से 2,457 भरे हुए हैं और 1441 खाली हैं। इसी तरह से लिपिक वर्ग में 682 स्वीकृत पदों में से 474 भरे हुए हैं। 208 पद यहां भी खाली हैं। प्रशासनिक अधिकारी का एक ही पद स्वीकृत है और यह भी रिक्त है। निजी सचिव के दो ही पद हैं और दोनों खाली हैं।



**हरियाणा** में पुलिस कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया शुरू हो गई है। कुल 22,671 खाली पदों की एवज में सरकार ने 8,794 पदों पर भर्ती करने को कहा है। इनमें 7 डीएसपी, 400 सब-इंस्पेक्टर (पुरुष), 65 लेडी सब-इंस्पेक्टर, 5500 पुरुष कांस्टेबल तथा 1100 महिला कांस्टेबल के पद भरे जाएंगे। इसी तरह से वरिष्ठ आशुलिपिक के 2 पदों, ग्रुप-डी के 502, हरियाणा आर्म्ड पुलिस यानी दुर्गा-1 में महिला सिपाली के 698 तथा कमांडो के 520 पदों पर भर्ती होगी।

**अनिल विज, गृहमंत्री हरियाणा।**

# सरकारी सेवाओं का लाभ जनता को समयबद्ध मिले: मुख्यमंत्री खट्टर

## सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत प्रदेश में 546 सेवाएं हुईं अधिसूचित

### लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों पर लगाई जाए पैनेल्टी

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश सरकार ने जनहित की सरकारी सेवाओं व योजनाओं का लाभ समयबद्ध व सम्मानजनक तरीके से लोगों पहुंचाने के उद्देश्य से ही सेवा का अधिकार अधिनियम बनाया गया है।

मुख्यमंत्री बुधवार को सचिवालय के कांफ्रेंस हाल में सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत विभिन्न विभागों द्वारा की जा रही कार्यवाही की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोगों का जीवन और अधिक सरल बनाने के लिए विभिन्न विभागों से संबंधित सेवाओं व योजनाओं को चिन्हित कर सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत सूचीबद्ध किया गया है। सरकार द्वारा 31 विभागों से संबंधित 546 सेवाओं को अधिसूचित किया गया है, जिनमें से 297 सेवाओं का लाभ अंत्योदय सरल पोर्टल के माध्यम से दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो विभाग अधिसूचित सरकारी सेवाओं का समयबद्ध लाभ नहीं देगा, तो आस पोर्टल पर संबंधित शिकायत ऑटो मोड में अपील में जाएगी।

इसके बाद विभाग में उच्च अधिकारियों को एक के बाद दूसरे को दो बार अपील जाने के बाद यह शिकायत व समस्या सेवा का अधिकार आयोग के पास स्वत- पहुंच जाएगी, जिसे आयोग द्वारा 30 दिन के अंदर निपटाया जाएगा।

आयोग के पास संबंधित अधिकारी व कर्मचारी पर 20 हजार रुपए तक पैनल्टी करने का अधिकार होगा। इस संबंध में अगर किसी विभाग में कोई समस्या है तो उसका भी समाधान किया जाए।

उन्होंने प्रशासनिक सचिवों को निर्देश दिए कि वे 25 दिसंबर सुशासन दिवस तक अपने विभाग की जो सेवाएं सेवा का अधिकार अधिनियम तहत सूचीबद्ध नहीं हुई हैं, उन्हें भी इसमें शामिल कर लें, ताकि जनता को अधिक से अधिक इन सेवाओं का समयबद्ध लाभ मिल सके।

हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग के मुख्य आयुक्त टीसी गुप्ता ने इस मौके पर राइट टू सर्विस एक्ट के तहत संबंधित विभागों द्वारा की जा रही कार्यवाही की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस बैठक में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव डीएस ढेसी, मुख्य सचिव हरियाणा विजय वर्धन, अतिरिक्त मुख्य सचिव संजीव कौशल, विरेंद्र सिंह कुंडू, पीके दास, आलोक निगम सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



# गुरु तेग बहादुर ने धर्म और समाज की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया: दत्तात्रेय

### युवाओं से नशामुक्ति और अहिंसा के मार्ग चलने की अपील की

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने सिखों के नौवें गुरू तेग बहादुरजी के शहीदी दिवस पर पंचकूला के ऐतिहासिक गुरूद्वारा नाडा साहिब में माथा टेका। उन्होंने गुरू तेग बहादुरजी को नमन किया।

राज्यपाल ने कहा कि गुरू तेग बहादुरजी एक आध्यात्मिक, वीर योद्धा और देशभक्त थे। उन्होंने कहा कि गुरू तेग बहादुर जी ने गुरू नानक देवजी के द्वारा सिख धर्म की स्थापना करने उपरांत धर्म को आगे बढाने के लिए उस समय की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए अंध विश्वास, छूआ-छूत व जाति-पाति जैसी सामाजिक बुराइयों को दूर करने के लिए समाज में जागृति पैदा की। राज्यपाल ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी ऐसे महापुरुष, तपस्वी और देशभक्त थे, जिन्होंने धर्म, देश और समाज के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। उन्होंने युवा पीढ़ी को गुरु तेग बहादुर जी द्वारा दिखाए मार्ग पर चलते हुए नशामुक्ति, अहिंसा और सबको साथ लेकर चलने के लिए समाज में जागरूकता पैदा करने का आह्वान किया। दत्तात्रेय ने कहा कि उन्हें खुशी है कि नाडा साहिब गुरुद्वारा द्वारा कोविड के दौरान समर्पण भाव से हजारों लोगों को लंगर खिलाया गया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह गुरूद्वारा इसी प्रकार से सेवा भाव से लोगों की मदद करता रहेगा। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा, एसडीएम ऋचा राठी, तहसीलदार पुण्य दीप शर्मा, नाडा साहिब गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रबंधक सरदार मलकीत सिंह भी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### सतलुज स्कूल ने जिला स्तर के खेलों में किया शानदार प्रदर्शन



**प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते प्रधानाचार्य डॉ. आरएस घुम्मन और मौजूद अन्य लोग।**

**कुरुक्षेत्र।** सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल शाहाबाद मारकंडा के प्रधानाचार्य डॉ. आरएस घुम्मन ने बताया कि स्कूल के विद्यार्थियों ने हरियाणा ग्रामीण खेल की जिला स्तर की चैंपियनशिप में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। जिसमें जेवलिन थ्रो में कर्णदीप कक्षा 12वीं ने गोल्ड मैडल जीता, 400 मीटर रिले दौड़ में नवदीप सिंह, कर्णदीप सिंह और इशांत कक्षा 12वीं व अमन, हरदीप और इतेश कक्षा 11वीं ने सिल्वर मेडल जीता। 3000 मी. दौड़ में हरदीप सिंह ने गोल्ड व शॉट पुट में कर्णदीप सिंह और डिसकस थ्रो में नवदीप सिंह ने सिल्वर मेडल जीता। इसी प्रकार वंश कक्षा आठवीं ने अंडर-14 ग्रुप में 400 मीटर रिले दौड़ में गोल्ड, 600 मीटर व 400 मीटर दौड़ में सिल्वर मेडल जीते। स्कूल प्रधानचार्य ने खिलाड़ियों व उनके अभिभावकों को इस उपलब्धि पर बधाई दी। साथ ही स्कूल के शारीरिक शिक्षा के अध्यापक जगजीत सिंह और संजीव कुमार को इन सभी खिलाड़ियों की तैयारी में योगदान के लिए प्रशंसा व बधाई दी। इस अवसर पर स्कूल के उपप्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह, एडमिनिस्ट्रेटर मनोज भसीन व स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

### शिक्षा के बल पर बड़ी से बड़ी मंजिल को पा सकते आसानी से

**कुरुक्षेत्र।** दीया संस्था ने लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने में अहम भूमिका निभाई है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए दीया संस्था के संस्थापक डॉ जयश्री देवगन ने बताया कि दिए संस्था का असल मकसद ही लोगों को शिक्षा के बारे जागरूक करना है। दीया संस्था लोगों को गांव गांव घर घर जाकर शिक्षा के प्रति जागरूक करते हैं। डॉक्टर जयश्री देवगन ने बताया कि वह ओर उनकी टीम लड़के और लड़कियों महिला पुरुषों और बुजुर्गों को शिक्षा के प्रति जागरूक करते हैं, जिनसे उनके जीवन में एक नया रास्ता खुल जाता है क्योंकि शिक्षा ही एक ऐसा साधन है जिससे व्यक्ति अंधेरे में भी रोशनी को तलाश कर लेता है। शिक्षा के बल पर आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति भी बड़ी से बड़ी मंजिल को आसानी से पा लेता है। दीया संस्था ने यह बीड़ा उठाया है कि हर व्यक्ति शिक्षित हो।

### 26 दिसम्बर को शिक्षामंत्री के आवास पर प्रदर्शन: सांगवान

**भिवानी।** निदेशक सैकेंडरी शिक्षा की वायदा खिलाफी के विरोध में हेमसा का 26 दिसम्बर को शिक्षामंत्री के यमुनानगर आवास पर प्रदर्शन का ऐलान। हरियाणा एजुकेशन मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन की ओर से प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष संदीप सांगवान, उप-महासचिव हितेंद्र सिहाग, राज्य सचिव राजेश लाम्बा, जिला प्रधान सुकेश कुमार व सचिव सहदेव रंगा ने निदेशक सैकेंडरी शिक्षा द्वारा 23 नवम्बर की बैठक को फिर से स्थगित करने पर कड़ा विरोध दर्ज करवाते हुए 26 दिसम्बर को शिक्षामंत्री के निवास पर प्रदर्शन करने का ऐलान कर दिया है। हेमसा राज्य सचिव राजेश लाम्बा ने कहा कि 23 नवम्बर की बैठक में अधिकारियों ने वरिष्ठता सूची को अपडेट करने, ऑन लाईन ट्रान्सफर में दूर दराज बदले लिपिकों का समायोजन करने, अधीक्षक, उपाधीक्षक व सहायक के खाली पड़े पदों पर पदोन्नति करने, पलवल जिला सहित वर्कलोडनुसार नए पद स्वीकृत करने, पोस्ट को कैप्ट करने के पीछे वैज्ञानिक तर्क बारे जवाब देना था परन्तु बैठक को स्थगित कर अधिकारी अपनी जवाब देही से बच रहे हैं। हेमसा अपनी समस्याओं के समाधान को लेकर 21 सितम्बर व 27 अक्तूबर को दो बार शिक्षा सदन पंचकूला पर प्रदर्शन कर चुका है, लेकिन हर बार बैठक की तिथि पर तिथि निश्चित कर दी जाती है। मुददों का कोई समाधान नहीं किया जा रहा उल्टे असीस्टेंट की प्रमोशन के बाद स्टेशन अलॉट करते वक्त पोस्टों को कैप्ट कर दिया गया है। जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है। इन सबके विरोध में 26 दिसम्बर को शिक्षामंत्री के निवास पर प्रदर्शन किया जायेगा।

### शताब्दी में बम की सूचना पर डॉग स्क्वायड ने जांच की

**रेवाड़ी।** शताब्दी एक्सप्रैस में बम रखने की मिली सूचना के बाद स्थानीय रेलवे पुलिस व प्रशासन में हड़कंप मच गया। आरपीएफ ने जहां तुरंत स्टेशन पर सर्च अभियान चलाया, वहीं डॉग स्कावयड ने भी छानबीन की। बाद में सूचना देने वाले अज्ञात व्यि1त के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। हुआ यूं कि रात करीब पौने नौ बजे शताब्दी एक्सप्रैस अजमेर से आई थी, उसे दिल्ली होते हुए पंजाब जाना था। गाड़ी के यहां से रवाना होने के बाद किसी व्यक्ति ने आरपीएफ को सूचना दी कि उसने शताब्दी एक्सप्रेस में बम रख दिया है। बम की सूचना मिलते ही पुलिस व रेलवे प्रशासन में हड़कंप मच गया। आरपीएफ के जवान तुरंत एक्शन में आ गए तथा स्टेशन पर सर्च अभियान चलाया। इस दौरान स्टेशन पर मौजूद हर व्यक्ति से पूछताछ की गई। पुलिस ने डॉग स्कावयड की भी सहायता ली। पुलिस ने उनकी सहायता से भी हर जगह जांच की। साथ ही पुलिस व रेलवे प्रशासन ने शताब्दी एक्सप्रैस की लोकेशन का पता लगाया। उस समय ट्रेन गुड़गांव और रेवाड़ी के बीच थी। ट्रेन में बम रखे जाने की सूचना गुड़गांव जीआरपी को दी गई, जहां भी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। इसी दौरान यहां डीएसपी जमाल खान, थाना शहर एसएचओ, थाना साईबर सैल व जीआरपी थाना प्रभारी भी मौके पर पहुंच गए तथा स्टेशन पर सघन अभियान चलाया गया। आरपीएफ थाना से मिली जानकारी के अनुसार रात करीब साढ़े नौ बजे कंट्रोल रूम से पुलिस को सूचना मिली थी कि किसी व्यि1त ने सूचना दी है कि उसने शता4दी ए1सप्रैस गाड़ी में बम रख दिया है और वह ट्रेन से उतर गया है। पुलिस के अनुसार जिस नंबर से कंट्रोल रूम में फोन किया गया था, उस पर कई बार फोन करने की कोशिश की जा चुकी है, लेकिन नंबर बंद आ रहा है। गुड़गांव थाना पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

# मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण कार्य होगा 30 तक

### एक जनवरी को क्वालीफाई तिथि मानकर हो रहा पुनरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

**उपायुक्त** एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 1 जनवरी 2022 को क्वालीफाईंग तिथि मानकर मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम 30 नवम्बर तक चलेगा।

इस कार्यक्रम के तहत यदि किसी व्यक्ति की आयु 1 जनवरी 2022 को 18 वर्ष या उससे अधिक है तो वह अपना नया वोट बनवा सकता है। मतदाता सूची में नाम दर्ज करवा सकता है। उन्होंने जन साधारण से अपील की कि वे वोट बनवाने के इस अभियान में बढ़चढ़ कर हिस्सा लें। उन्होंने बताया कि नया वोट बनवाने के लिए फार्म नम्बर 6, मतदाता सूची से नाम कटवाने के लिए फार्म नम्बर 7, मतदाता सूची में नाम, पिता का नाम, आयु इत्यादि ठीक करवाने के लिए फार्म नम्बर 8 भरें। एक जगह से दूसरी जगह वोट स्थानांतरण करने के लिए फार्म नम्बर 8क भर सकते हैं। यह सभी फार्म संबंधित बीएलओ से मिलेंगे और भरने के उपरांत उन्हीं के पास जमा करवाना होगा। कोई भी पात्र व्यक्ति नेशनल वोटर सर्विस पोर्टल वेबसाइट पर नया वोट बनवाएं।

## किसान फसल अवशेषों के प्रबंधन को करें कृषि यंत्रों का करें उपयोग

**करनाल।** उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर जिला के गांव-गांव में पहुंचकर किसानों को खेतों में फसल अवशेष न जलाने बारे जागरूक किया जा रहा है।


उन्होंने किसानों से अपील की कि वे फसल अवशेषों का समुचित प्रबंधन करने के लिए आधुनिक कृषि यंत्रों का उपयोग करें, कहीं पर भी खेतों में फसल अवशेष न जलाएं। उपायुक्त ने फसल अवशेषों में आग लगाने की घटनाओं का जिक्र करते कहा कि मानव स्वास्थ्य से जुड़े इस मुद्दे को लेकर अब सर्वोच्च न्यायालय, एनजीटी और प्रदूषण नियंत्रण विभाग गम्भीर है और ऐसे मामलों में भारी जुर्माना और सजा का प्रावधान कर दिया है।

# सरकार की स्कीमों के लाभार्थ जिले के सभी खंडों में लगेंगे अंत्योदय मेले

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

**मुख्यमंत्री** अंत्योदय परिवार उत्थान योजना से जुड़े पात्र व्यक्तियों को सरकार के भिन्न-भिन्न विभागों की स्कीमों का लाभ देने के मकसद से जिला के सभी खंडों में अंत्योदय मेले आयाजित किए जाएंगे।

पहला अंत्योदय मेला आगामी 29 नवम्बर को करनाल खंड के लिए लगाया जाना प्रस्तावित किया गया है, जो सैक्टर 12 स्थित एचएसवीपी के ग्राऊंड में लगेगा। इसी प्रकार भिन्न-भिन्न तिथियों में अन्य खंडों में भी ऐसे मेले लगेंगे, जिनका तिथिवार शैड्यूल तैयार किया जा रहा है। बुधवार को उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने मेलों के आयोजन को लेकर लघु सचिवालय के सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ एक मीटिंग कर उन्हें, अंत्योदय परिवार उत्थान योजना की विस्तृत जानकारी देकर, उनकी क्या-क्या जिम्मेदारियां हैं, उस बारे विस्तार से बातचीत की। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त योगेश कुमार, सभी उपमंडलाधीश, सीटीएम, डीडीपीओ और योजनाओं से जुड़े करीब 18 विभागों के अधिकारी/प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



**अधिकारियों को मेलों के बारे में जानकारी देते हुए डीसी।**

बता दें कि मेलों के आयोजन को लेकर बीती 11 नवम्बर को मुख्यमंत्री हरियाणा ने सभी उपायुक्तों के साथ वीडियो कांफ्रैंस कर निर्देश दिए थे और कहा था कि सभी जिलों में ऐसे मेले लगाए जाएं ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति स्कीमों का लाभ लेने से वंचित न रहे।

# किसानों को सिंचाई के लिए पानी मुहैया करवाएं : कृषि मंत्री

### जेपी दलाल ने ली अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश

### नहरों में पानी की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

**पायनियर समाचार सेव।** चंडीगढ़



**हरियाणा** के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि प्रदेश के हर घर में नल से स्वच्छ जल और हर खेत में सूक्ष्म सिंचाई तकनीक से पर्याप्त पानी दिया जाएगा। उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया कि रबी फसलों की बुवाई के दौरान उन्हें कोई परेशानी नहीं होगी। साथ ही, उन्होंने लोगों से टैंकों और तालाबों में पानी संग्रहित करने का आग्रह किया ताकि जल स्तर को बनाए रखा जा सके और पानी की कमी के दौरान इसका उपयोग किया जा सके।

उन्होंने विभाग के अधिकारियों को सिंचाई के लिए नहरों में पानी की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कृषि मंत्री ने बुधवार को सिंचाई विभाग के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दक्षिण हरियाणा के महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, चरखी दादरी, भिवानी और झज्जर जिलों की उठान सिंचाई परियोजनाओं के लिए मोटर और पम्प सेट की मरम्मत के कार्य में तेजी लाने के भी निर्देश दिए। दलाल ने अधिकारियों को रजवाहों की सफाई का काम भी जल्द पूरा करने के निर्देश दिए ताकि हर गांव में पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

उन्होंने कहा कि जल-जीवन मिशन योजना के तहत अगले दो महीने में प्रदेश में हर घर में नल से स्वच्छ जल भी पहुंचाया जाएगा। बैठक के दौरान सिंचाई विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव देवेंद्र सिंह और इंजीनियर इन चीफ सतबीर सिंह कादियान सहित सिंचाई विभाग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## किसानों को सिंचाई के लिए मिलेंगे 15 हजार बिजली कनेक्शन: रणजीत सिंह



**चंडीगढ़।** हरियाणा के बिजली,नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा व जेल मंत्री रणजीत सिंह ने कहा कि उनका प्रयास है कि किसानों को खेतों में सिंचाई के लिए अधिक से अधिक बिजली कनैक्शन जल्द दिए जाएं और खेतों में सोलर पंप इंस्टाल करवाए जाएं, ताकि उन्हें फसल उत्पादन करने में कोई समस्या न आए।

बुधवार को सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में रणजीत सिंह ने बताया कि दो एकड़ से पांच एकड़ तक की खेती के लिए किसान 5 हार्स पावर व 10 हार्स पावर के सोलर पंप को काफी पसंद कर रहे हैं। किसानों की सुविधा के लिए 20 हजार सोलर पंप मंजूर किए गए थे, जिनमें से 6 हजार सोलर पंप लगाए जा चुके हैं तथा 14 हजार सोलर पंप जल्द ही इंस्टाल कर दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सोलर पंप पर भारत सरकार की ओर से 35 प्रतिशत तथा हरियाणा सरकार की ओर से 40 प्रतिशत सब्सिडी दी जाती है, जोकि कुल मिलाकर 75 प्रतिशत सब्सिडी बनती है और किसान को केवल कुल लागत का 25 प्रतिशत खर्च ही वहन करना पड़ता है।उन्होंने बताया कि बिजली निगम की ओर से 15 हजार बिजली के नए ट्यूबवैल कनैक्शन को मंजूरी दी गई है, जो जल्द ही किसानों को दिए जाएंगे और जून 2022 तक प्राप्त सभी आवेदनकर्ता किसानों को कनैक्शन दे दिए जाएंगे।

# रिलायंस ज्वेल्स ने क्लासिक ब्राइडल ज्वेलरी कलेक्शन को लॉन्च किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**भारत** में आभूषणों के सबसे भरोसेमंद ब्रांड, रिलायंस ज्वेल्स ने इस बार बेमिसाल कारीगरी से तैयार किए हेरिटेज गोल्ड और डायमंड ज्वैलरी के साथ ब्राइडल लुक को और ज्यादा शानदार बनाने के लिए उम्दा डिजाइनों वाले क्लासिक ज्वैलरी कलेक्शन को लॉन्च किया है। नई ज्वेलरी लाइन के लॉन्च के साथ, रिलायंस ज्वेल्स भावी दुल्हनों को उनके आने वाले जीवन के लिए शुभकामनाएं देता है और उनकी खुशहाली की कामना करता है। कला की बारीकियों को ध्यान में रखकर तैयार किए गए ये आभूषण सिर्फ शादी समारोह के लिए ही नहीं, बल्कि सगाई, संगीत, मेहंदी, रिसेप्शन और कई अन्य अवसरों के लिए एकदम उर्पयुक्त हैं।

अद्भुत कारीगरी के साथ तैयार किए गए गोल्ड एवं डायमंड के नेकवियर कलेक्शन में लेयर्ड स्टाइल ज्वेलरी, खूबसूरत चोकर्स, लंबी चेन एवं बेहद जटिल कलाकारी वाले हारम् के अलावा एंटीक डिजाइनों के साथ येलो गोल्ड में बनाई गई क्लासिक ब्राइडल ज्वैलरी शामिल हैं। सोने के विशेष आभूषणों के डिजाइनों में गुलाबी मीनाकारी कला के साथ उत्कृष्ट विरासत और मंदिर शैली के आभूषण भी शामिल हैं, जो पुराने जमाने के सौंदर्य तथा नए जमाने के बेहद खास स्टाइल के माध्यम से भारतीय संस्कृति को खूबसूरती से प्रस्तुत करते हैं। डायमंड ज्वैलरी की रेंज में क्लासिक चोकर्स, येलो, ह्वाइट एवं रोज़ गोल्ड फिनिश में शानदार नेकलेस सेट और विभिन्न डिजाइनों में हीरों से जड़े आभूषण शामिल हैं, जिनमें हर दुल्हन की इच्छा समाहित है कि उसके गहने भी हर अवसर के लिए उपयुक्त और समय की कसौटी पर खरे हों। इस विस्तृत कलेक्शन को उनके जीवन के सबसे बड़े दिन को यादगार बनाने के लिए डिजाइन किया गया है।

शादी के गहनों के बिल्कुल नए कलेक्शन को प्रस्तुत करने के अलावा, रिलायंस ज्वेल्स ने 23 दिसंबर तक स्पेशल वेडिंग ऑफ़र की घोषणा की है, जिसमें गोल्ड ज्वेलरी मेकिंग चार्ज और डायमंड ज्वैलरी के मूल्य पर 20 फीसदी तक की छूट शामिल है।

इस नए कलेक्शन के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए श्री सुनील नायक, सीईओ, रिलायंस ज्वेल्स, ने कहा, इस कलेक्शन के जरिए हम प्रत्येक दुल्हन के सुखी एवं समृद्ध वैवाहिक जीवन की कामना करते हैं। पारंपरिक और आधुनिक डिज़ाइनों वाला यह कलेक्शन भारत की समृद्ध विरासत और कला के विभिन्न रूपों से प्रेरित है।

# गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान का ब्योरा देना सभी का कर्तव्य: कोविंद

**एजेंसी।** कानपुर (उत्तर प्रदेश)



**राष्ट्रपति** रामनाथ कोविंद ने कहा कि देश को तमाम लोगों के महत्वपूर्ण योगदान के बाद स्वतंत्रता प्राप्त हुई है और आजादी में भूमिका निभाने वाले गुमनाम लोगों का भी ब्योरा जनता तक पहुंचाना सभी का कर्तव्य है। जिले के दो दिवसीय दौरे पर आए राष्ट्रपति कोविंद बुधवार को चौधरी हरमोहन सिंह यादव के जन्म शताब्दी समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा, आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में देश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इस दौरान हम स्वतंत्रता संग्राम के उन गुमनाम नायकों के योगदान को याद करेंगे जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानियों अजीजन बाई, मैनावती, जयदेव कपूर, शिव वर्मा, विजय कुमार सिन्हा और डॉ. गया प्रसाद को याद करते हुए राष्ट्रपति ने कहा, ऐसे कई स्वतंत्रता सेनानियों के महत्वपूर्ण योगदान के कारण भारत को स्वतंत्रता मिली है, इसलिए हम सभी का कर्तव्य है कि ऐसे गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान की जानकारी जनता तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा, किसी भी राष्ट्र के उज्जवल भविष्य की नींव, अतीत के अनुभव और पूर्वजों की विरासत से मजबूती प्राप्त करती है। एक सुदृढ़, यशस्वी, विकसित और समृद्ध भारत के लिए निर्माण में हम सबकी सक्रिय भागीदारी होनी चाहिए। चौधरी हरमोहन सिंह यादव के जीवन पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रपति कोविंद ने कहा, हरमोहन सिंह का जीवन सादगी और जनसेवा का उत्तम उदाहरण है। 1984 में उन्होंने सांप्रदायिक सौहार्द का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। अपनी जान जोखिम में डालकर उन्होंने उन्मादी भीड़ का डटकर मुकाबला किया और बड़ी संख्या में लोगों की लजान बचाई।

उन्होंने कहा, उनका जीवन भावी पीढ़ी के लिए अनुकरणीय है। हरमोहन सिंह सादगी और जनसेवा के प्रेरणास्रोत थे। उन्होंने लोगों के जीवन में, विशेषकर हाशिए पर रहने वालों और किसानों के जीवन में खुशियां लाने का प्रयास किया। राष्ट्रपति ने कहा कि ग्राम सभा से लेकर राज्यसभा तक, कृषि के बारे में हरमोहन सिंह के विचारों को नीति निर्माताओं ने बहुत गंभीरता से सुना।

### शिक्षा हर परिवार और समाज की प्रगति का आधार

शिक्षा के क्षेत्र में हरमोहन सिंह के प्रयासों की सराहना करते हुए राष्ट्रपति ने कहा, वह समझते थे कि शिक्षा हर परिवार और समाज की प्रगति का आधार है। वह कहते थे कि शिक्षा लोगों के जीवन को बेहतर बनाने और समाज तथा देश को बेहतर बनाने का सबसे अच्छा साधन है। इससे पहले राष्ट्रपति का स्वागत उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चकेरी हवाईअड्डे पर किया। बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति कोविंद हरकोर्ट बटलर तकनीकी विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह में शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि चौधरी हरमोहन सिंह यादव विधान परिषद और राज्यसभा के सदस्य समेत कई महत्वपूर्ण राजनीतिक पदों पर रहे और और उन्हें 1984 के दंगों में सिखों की रक्षा के लिए राष्ट्रपति ने 1991 में शौर्य चक्र से सम्मानित किया था। शौर्य चक्र वीरता के कार्यों के लिए नागरिकों को दिया जाने वाला पदक है।

# 'कोलकाता में एक और हवाईअड्डा के लिए स्थान तलाश रही सरकार'

**एजेंसी।** मुंबई



**नागरिक** उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सभी मेट्रो शहरों में नए हवाईअड्डों की जरूरत पर जोर देते हुए बुधवार को कहा कि सरकार पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में दूसरे हवाई अड्डे के लिए जगह तलाश रही है। सिंधिया ने इंडियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स के एक वार्षिक सत्र को संबोधित करते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से आगे आने और देश में नागरिक उड्डयन क्षेत्र में मौजूद विशाल अवसरों में हिस्सा लेने का भी आग्रह किया।

उद्योग निकाय की वार्षिक आमसभा (एजीएम) में उन्होंने कहा कि देश के महानगरों के हवाईअड्डों पर यात्रियों का दबाव बहुत अधिक है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में 7.5 करोड़ यात्री, तो मुंबई में करीब पांच करोड़, बेंगलुरु में चार करोड़ और हैदराबाद में ढाई करोड़ यात्रियों का दबाव होता है। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि देश के सभी महानगरों में नए हवाईअड्डे की जरूरत है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दिल्ली और मुंबई में नए हवाईअड्डे के निर्माण की प्रक्रिया पहले से ही जारी है, लेकिन कोलकाता सहित अन्य नगरों में भी हवाईअड्डे बनाने की जरूरत है। सिंधिया ने आगे कहा, 'मैं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री से बात करने का प्रयास कर रहा हूं, साथ उन मुद्दों पर भी विचार कर रहा हूं, जो पश्चिम बंगाल से संबंधित हैं, क्योंकि यह देश के पूर्वोत्तर और दक्षिण-पूर्व हिस्सों में सामरिक गतिविधियों की दृष्टि से प्रमुख कारक है।' उन्होंने पश्चिम बंगाल में हवाईअड्डों की संख्या और हवाई संपर्क दोनों को बढ़ाने की आवश्यकता जताते हुए कहा, 'मैं कोलकाता में एक नए हवाईअड्डे के लिए भी जगह की प्रतीक्षा कर रहा हूं। इसलिए मैं पश्चिम बंगाल सरकार से अनुरोध करता हूं कि वह आगे आए और भारत में विशाल अवसर का लाभ उठाए।

केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय उन देशों के लिए अंतरराष्ट्रीय उड़ानें बढ़ाने पर विचार कर रहा है, जिनके साथ उसने एयर बबल व्यवस्था की गई है।

सिंधिया ने कहा, 'मैं हर देश में उत्तरोत्तर देख रहा हूं और यह सुनिश्चित कर रहा हूं कि हम एयर बबल व्यवस्था के तहत उड़ानों की संख्या में वृद्धि करें। वर्तमान में मैं एयर बबल व्यवस्था के तहत कई उड़ानें शुरू करने पर विचार कर रहा हूं, जहां हमारी मौजूदा उड़ानों पर लोड फैक्टर 75 से 80 प्रतिशत से अधिक बढ़ गया है। हालांकि, उन्होंने कहा कि इस तरह का निर्णय अकेले उनके मंत्रालय द्वारा नहीं लिया जा सकता है और इसमें नागरिक उड्डयन, गृह और स्वास्थ्य मंत्रालयों का संयुक्त निर्णय होना चाहिए, क्योंकि भगवान न करे, कोरोना वायरस की तीसरी लहर आती है तो गृह और स्वास्थ्य मंत्रालयों को ही इसे संभालना होगा और उनकी ही इसमें महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

### भारत के पास अगले एक दशक में हवाई यात्रा क्षेत्र में शीर्ष पर पहुंचने की क्षमता: सिंधिया

**कोलकाता।** नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को कहा कि भारत में लगभग एक दशक में हवाई यात्रा में शीर्ष पर पहुंचने की क्षमता है। उन्होंने विमानन क्षेत्र को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि सरकार क्षेत्रीय और लंबी दूरी के अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर कनेक्टिविटी में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। सिंधिया ने बताया कि सरकार ने 2025 तक हवाईअड्डों की संख्या मौजूदा के 136 से बढ़ाकर 220 तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। सिंधिया ने कहा, 70 वर्ष में 74 हवाईअड्डे बने थे। हमने पिछले सात साल में 62 और हवाईअड्डे बनाए हैं। अब हमारे पास 136 हवाईअड्डे हैं। लेकिन यहीं पर हम रुकने वाले नहीं हैं। हमारा लक्ष्य 2025 तक कुल 220 हवाईअड्डों तक पहुंचने का है और इसमें हेलीपोर्ट और वाटर पोर्ट भी शामिल हैं। हमारे सामने बहुत कार्य हैं, जिन्हें पूरा करना है। गुरुवार को हम जेवर हवाईअड्डे (नोएडा के पास) का शुभारंभ करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संपर्क और यात्रा के लिए एक नया बाजार खुल गया है, नागर विमानन क्षेत्र में अब विकास को दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों द्वारा संचालित किया जाएगा। पहली श्रेणी के शहर अपनी परिपक्वता तक पहुंच चुके हैं। मंत्री ने कहा कि ज्यादातर महानगरों को दूसरे हवाईअड्डे की जरूरत है।

### अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवाएं इस साल के अंत तक सामान्य होंगी: राजीव बंसल

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन सचिव राजीव बंसल ने बुधवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवाओं के इस साल के अंत तक सामान्य होने की उम्मीद है। कोविड महामारी के कारण पिछले साल मार्च के बाद से भारत में आने वाली और यहां से अन्यत्र जाने वाली अंतरराष्ट्रीय यात्री उड़ान सेवाएं निलंबित हैं। भारत ने अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के संचालन के लिए 25 से अधिक देशों के साथ एयर बबल समझौता किया है। वैश्विक गंतव्यों तक उड़ान सेवाएं सामान्य होने के बारे में बंसल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवाओं के बहुत जल्द और इस साल के अंत तक सामान्य होने की उम्मीद है। एयर बबल समझौता दो देशों के बीच उड़ान सेवाओं को फिर से शुरू करने की एक अस्थाई व्यवस्था है। द्विपक्षीय एयर बबल समझौते के तहत, दोनों देशों की एयरलाइंस कुछ शर्तों के साथ अंतरराष्ट्रीय उड़ानें संचालित कर सकती हैं।

# सरकार पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण के प्रति संवेदनशील है: गडकरी

**विजय कुमार सिंह।** नई दिल्ली



**प्रस्तावित** चारधाम परियोजना को लेकर उत्पन्न चिंताओं के बीच केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने उत्तराखंड में सड़क निर्माण के कारण भूस्खलन होने की खबरों को गलत सूचना करार दिया और कहा कि सरकार विकास परियोजनाओं को अंजाम देते समय पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण के प्रति संवेदनशील रहती थी। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि चालू वित्त वर्ष में देश में राजमार्ग निर्माण की गति 40 किलोमीटर प्रतिदिन को पार कर जाएगी। वित्त वर्ष 2020-21 में देश में राजमार्ग निर्माण की गति रिकॉर्ड 37 किलोमीटर प्रतिदिन को छू गई।

उच्चतम न्यायालय ने हाल ही में महत्वाकांक्षी परियोजना के संबंध में दायर याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। गौरतलब है कि 12,000 करोड़ रुपये की लागत वाली रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण 900 किलोमीटर लंबी इसी परियोजना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि उत्तराखंड के चार पवित्र शहरों यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ में हर मौसम में रास्ते खुले रहें। गडकरी ने एजेंसी से कहा, ये गलत प्रचार है। यहां पहले भी बाढ़ आती थी और बादल फटने की घटनाएं होती थीं, जिनसे व्यापक स्तर पर नुकसान हुआ है और कई लोगों क मौत हुई है। उनकी टिप्पणी चारधाम परियोजना के लिए सड़कों को चौड़ा करने को लेकर कुछ लोगों के पारिस्थितिक मुद्दों के बारे में चिंताए व्यक्त करने के बाद आई है। गडकरी ने कहा कि अब, पहाड़ी इलाकों को एक सुरंग (चंबा शहर के नीचे) के निर्माण से सुरक्षित कर दिया गया है। उन्होंने कहा, हम विकास परियोजनाओं को अंजाम देते समय पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण के प्रति संवेदनशील रहते हैं।

न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की खंडपीठ ने रक्षा मंत्रालय की याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रखा है। मंत्रालय ने सड़क चौड़ीकरण को लेकर न्यायालय के पहले के आदेश और एक गैर सरकारी संगठन सिटीजन फॉर ग्रीन दून की याचिका में संशोधन का अनुरोध किया है।

### डीयूके ने केरल विवि के साथ समझौता किया

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के उच्च शिक्षा क्षेत्र में नया अध्याय लिखते हुए डिजिटल यूनिवर्सिटी केरल (डीयूके) और केरल विश्वविद्यालय ने शिक्षा तथा अनुसंधान के क्षेत्र में सहयोग के लिए समझौते ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। देश में सबसे पुराने और नए विश्वविद्यालयों में से एक के बीच 10 साल के इस समझौते से शिक्षा के क्षेत्र में नए अवसरों की शुरुआत होने की तैयारी हो गई है। केरल विवि (केयू) के सिंडिकेट चैम्बर में सोमवार को हुए कार्यक्रम में डीयूके के पंजीयक पी सुरेश बाबू और केयू के पंजीयक के एस अनिल कुमार ने कुलपति क्रमश: डॉ. साजी गोपीनाथ और डॉ. वी पी महादेवन पिल्लई की मौजूदगी में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

## संक्षिप्त समाचार

### पटना की सड़कों पर खुद को जीप चलाते नजर आए लालू



**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू यादव बुधवार को पटना में खुली जीप चलाते हुए नजर आए। लालू जीप को अपनी पत्नी और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास के आसपास की सड़कों पर चलाते दिखे। गुर्दे, हृदय समेत अन्य बीमारियों से जूझ रहे 73 वर्षीय अपने नेता के इस अंदाज को देखकर उनके समर्थक भी काफी उत्साहित दिखे और उन्होंने इस दौरान लालू यादव जिंदाबाद के नारे लगाए। वहीं राजद सुप्रीमो लालू ने अपना गाड़ी चलाते हुए वीडियो ट्विटर पर साझा करते हुए लिखा, वर्षों बाद अपनी प्रथम गाड़ी को चलाया। इस संसार में जन्मे सभी लोग किसी न किसी रूप में ड्राइवर ही तो है। आपके जीवन में प्रेम, सद्भाव, सौहार्द, समता, समृद्धि, शांति, सब्र, न्याय और खुशहाली रूपी गाड़ी सबको साथ लेकर सदा मजे से चलती रहे।

### पानी की बर्बादी रोकने के लिए होंगे पुरजोर प्रयास: भूजल

**जयपुर।** राजस्थान के नवनियुक्त जलदाय एवं भूजल मंत्री डॉ. महेश जोशी ने बुधवार को कहा कि उनके विभाग का पूरा ध्यान प्रदेश की जनता को निर्बाध, नियमित और पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल मुहैया कराने पर रहेगा। जोशी ने बुधवार के शासन सचिवालय में कार्यभार ग्रहण कर लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा है कि विभाग का पूरा ध्यान प्रदेश में जनता को निर्बाध, नियमित और पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल मुहैया कराने पर है साथ ही पानी की बर्बादी को रोकने के लिए पुरजोर प्रयास किए जाएंगे। उल्लेखीय है कि अशोक गहलोत मंत्रिमंडल में सरकारी मुख्य सचेतक रहे डॉ महेश जोशी को मंत्रिमंडल पुनर्गठन में जलदाय एवं भूजल मंत्री बनाया गया है। जोशी ने डॉ बीडी कल्ला की जगह ली है। कल्ला को शिक्षा मंत्री (प्राथमिक और माध्यमिक) बनाया गया है।

### कानफोड़ू संगीत के कारण मुर्गियों के मरने की शिकायत दर्ज

**बालासोर।** ओडिशा के बालासोर में एक व्यक्ति ने दावा किया है कि पड़ोसी में शादी के दौरान तेज आवाज में बज रहे संगीत के कारण उनकी मुर्गियों की मौत हो गई है। बालासोर जिले में पॉल्ट्री फर्म चलाने वाले इस व्यक्ति ने मंगलवार को पुलिस में दी गई शिकायत में आरोप लगाया है कि कानफोड़ू संगीत के कारण उसकी 60 से ज्यादा मुर्गियां मर गई हैं। निलगिरि थाने में दर्ज प्राथमिकी में रंजीत परिदा ने कहा है कि अनुरोध करने के बावजूद दूल्हे के परिवार ने संगीत की आवाज कम करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि संगीत बजने पर मुर्गियां बाड़े के भीतर अलग-अलग दिशाओं में उड़ने लगीं और फिर गिर कर मर गईं। पुलिस अधिकारी ने परिदा द्वारा शिकायत दर्ज कराए जाने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

### पार्कू ने सिकोया कैपिटल, अन्य निवेशकों से 2.5 करोड़ डॉलर जुटाए

**नई दिल्ली।** कार चालकों को ऐप पर कई तरह की सुविधाएं प्रदान करने वाली कंपनी पार्कू ने सिकोया कैपिटल इंडिया, मैट्रिक्स पार्टनर्स इंडिया और एपिक कैपिटल की अगुवाई में विभिन्न निवेशकों से 2.5 करोड़ डॉलर (करीब 186 करोड़ रुपये) जुटाए है। कंपनी ने बुधवार को एक बयान में कहा कि वित्तपोषण के इस दौर में एडवांटएज, सोमानी इन्वेस्टमेंट्स एलपी के कोष दो-ए श्रृंखला और मदरसन लीज सॉल्यूशन लिमिटेड सहित कई मौजूदा और नए निवेशकों ने भाग लिया। पार्कू इस राशि का उपयोग अपनी प्रौद्योगिकी को मजबूत करने और कार मालिकों के लिए नए समाधान तैयार करने पर करेगी। कंपनी अपने भौगोलिक विस्तार पर भी विचार कर रही है। उसने वित्तपोषण के पहले दौर में सिकोया कैपिटल इंडिया और मैट्रिक्स पार्टनर्स इंडिया सहित अन्य निवेशकों से 1.1 करोड़ डॉलर जुटाए थे। पार्कू के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमित लखोटिया ने कहा कि कोविड की शुरुआत के बाद से लोगों के सार्वजनिक परिवहन से यात्रा करने में कमी आई है। लोग अब अपने निजी वाहन से यात्रा करना पसंद कर रहे हैं।

### पाक की सांस्कृतिक राजधानी दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर

**लाहौर।** पाकिस्तान की सांस्कृतिक राजधानी लाहौर के ऊपर धुंध का घना बादल छा गया है और इसके साथ ही बुधवार को यह दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर बन गया। एक स्विस वायु गुणवत्ता निगरानी कंपनी ने यह जानकारी दी है। आईक्यूएयर मंच ने कहा कि लाहौर प्रदूषित शहरों की उसकी सूची में सबसे ऊपर है और अमेरिकी पैमाने के अनुसार लाहौर का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 203 रहा जबकि दिल्ली दूसरे नंबर पर है और वहां का सूचकांक 183 दर्ज किया गया। कंपनी के अनुसार ढाका (बांग्लादेश) 169 सूचकांक के साथ तीसरे और कोलकाता 168 सूचकांक के साथ चौथे नंबर पर रहा। एक दिन पहले लाहौर तीसरे स्थान पर था। लाहौर को कभी बागों का शहर कहा जाता था और 16वीं से 19वीं शताब्दी के बीच मुगल काल के दौरान यहां बड़ी संख्या में बाग थे। तेजी से शहरीकरण और बढ़ती आबादी के कारण अब शहर में बहुत कम हरियाली बची है। लाहौर, कराची के बाद पाकिस्तान का दूसरा सबसे बड़ा शहर है। डॉक्टर लोगों को सांस संबंधी बीमारियों से बचने के लिए मास्क पहनने की सलाह दे रहे हैं।

### इजराइल ने मध्य सीरिया में किया हवाई हमला, दो की मौत

**दमिश्क।** सीरियाई सेना ने कहा कि इजराइल के युद्धक विमानों ने मंगलवार देर रात देश के मध्य क्षेत्र में सेना के ठिकानों पर हमला किया, जिसमें दो नागरिकों की मौत हो गई और सात लोग घायल हो गए। घायलों में से छह सैनिक हैं। सरकारी मीडिया ने एक अज्ञात सैन्य अधिकारी के हवाले से बताया कि युद्धक विमानों ने पड़ोसी लेबनान के हवाई क्षेत्र में उड़ान भरते हुए मिसाइलें दागीं। सरकारी समाचार एजेंसी सना ने अधिकारी के हवाले से बताया कि हमला देर रात करीब एक बजकर 26 मिनट पर हुआ। अधिकारी ने बताया कि सीरिया की वायुसेना ने ज्यादातर मिसाइलों को मार गिराया। इजराइल ने पिछले कुछ वर्षों से सरकार के नियंत्रण वाले सीरियाई क्षेत्र में ठिकानों पर हमला किया है, लेकिन उसने बमुश्किल ही कभी ऐसे हमलों की जिम्मेदारी ली है। हालांकि उसने ईरान समर्थित मिलीशिया जैसे कि लेबनान के हिजबुल्ला समूह के ठिकानों पर हमलों की जिम्मेदारी ली हैं। हिजबुल्ला ने सीरिया में अपने लड़ाकों को तैनात किया है। हिजबुल्ला दशकों पुराने गृह युद्ध में सीरियाई राष्ट्रपति बशर असद की सेनाओं की ओर से लड़ाई लड़ रहा है।

# श्रेय लेने में उस्ताद हैं बड़बोले अखिलेश यादव: भाजपा

**एजेंसी।** लखनऊ

उत्तर प्रदेश में अगले वर्ष की शुरुआत में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा और राज्य के मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। भाजपा ने अखिलेश यादव पर अधूरे उद्घाटन कर श्रेय लेने का आरोप लगाया है।

सपा सरकार के कार्यों को अपना दिखाने के सपा प्रमुख अखिलेश यादव के आरोपों पर पलटवार करते हुए भाजपा ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर बुधवार को एक वीडियो डाला जिसका शीर्षक था अधूरे उद्घाटन कर नाम चिपकाने में उस्ताद हैं बड़बोले अखिलेश यादव। पार्टी ने इसी ट्वीट में कहा, कुछ लोगों के काम नहीं कारनामे बोलते हैं। ट्वीट में भाजपा ने आगे कहा, ऐसी ही कहानी उत्तर प्रदेश के एक राजकुमार (अखिलेश यादव) की भी है, जिन्होंने अपने शासन में काम तो किया नहीं, और जो किया वो पूरा नहीं किया और अब भाजपा सरकार के कार्यों पर अपना टैग चिपकाने में लगे हुए हैं। भाजपा ने कहा, जनता से आग्रह है, ऐसे नक्कालों से सावधान रहें। इसी वीडियो में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, इटावा का लायन सफारी और लखनऊ का जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर, गोमती रिवर फ्रंट आदि कार्यों का जिक्र कर यह आरोप लगाया गया है।

### पुरी में 331 करोड़ की विरासत गलियारा परियोजना की आधारशिला रखी गई

**पुरी।** ओडिशा के पुरी में गजपति महाराज दिव्यसिंह देब ने मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की उपस्थिति में बुधवार को 331 करोड़ रुपये की विरासत गलियारा परियोजना की आधारशिला रखी। श्रीमंदिर परिक्रमा परियोजना की आधारशिला भगवान जगन्नाथ मंदिर की चार दीवारी के निकट चल रहे तीन दिवसीय महायज्ञ के समापन के अवसर पर रखी गई। इस दौरान पूरा क्षेत्र पुजारियों द्वारा श्लोकों के पाठ से गुंजायमान हो रहा था। गजपति महाराज भगवान जगन्नाथ के प्रथम सेवक माने जाते हैं। उन्होंने महायज्ञ की रस्में निभाईं। इस अवसर पर पटनायक ने कहा, जय जगन्नाथ, आज पूरी दुनिया में जगन्नाथ के सभी अनुयायियों के लिए ऐतिहासिक दिन है। यह ओडिशा के लोगों के लिए भी पवित्र दिन है।

# 'कोविड से जान गंवाने वाले हर व्यक्ति के परिवार को चार लाख का मुआवजा मिले'

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि सरकार को कोविड-19 के कारण जान गंवाने वाले हर व्यक्ति के परिवार को चार लाख रुपये का मुआवजा देना होगा और इसके लिए उनकी पार्टी सरकार पर दबाव बनाएगी। उन्होंने ट्विटर पर एक वीडियो भी जारी किया, जिसमें गुजरात में कोविड के कारण जान गंवाने वाले कई लोगों के परिजनों का पक्ष रखा गया है और दावा किया गया है कि राज्य में कोरोना वायरस के संक्रमण के कारण करीब तीन लाख लोगों की मौत हुई।

राहुल गांधी ने इस वीडियो के माध्यम से भाजपा सरकार के गुजरात मॉडल पर सवाल खड़े किए और पूछा कि आखिर यह किस प्रकार की सरकार है? कांग्रेस नेता ने कहा, गुजरात मॉडल की बहुत चर्चा होती है। हमने जिन परिवारों से बात की है, उनका कहना है कि कोविड के दौरान उन्हें अस्पताल में बेड नहीं मिला, ऑक्सीजन नहीं मिली और वेंटलेटर भी नहीं मिला। उन्होंने सवाल किया, जब लोगों की मदद करनी थी तब आप (सरकार) नहीं थे। जब उनको सहायता राशि की जरूरत है तो भी आप नहीं हैं। यह किस प्रकार की सरकार है? कांग्रेस नेता ने दावा किया, गुजरात की सरकार कहती है कि कोविड के कारण 10 हजार लोगों की मौत हुई। हमने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को घर-घर भेजा जिससे यह पता चला कि कोविड से गुजरात में करीब तीन लाख लोगों की मौत हुई है। गुजरात मॉडल वाले गुजरात में सिर्फ 10 हजार लोगों के परिवार को 50-50 हजार रुपये दिए जा रहे हैं, जबकि तीन लाख मृतकों के परिवारों को ज्यादा पैसा मिलना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा, प्रधानमंत्री के पास अपने लिए हवाई जहाज खरीदने के लिए 8500 करोड़ रुपये हैं, लेकिन कोविड से जिन लोगों की मृत्यु हुई, उनके परिवारों के लिए कोई पैसा नहीं है।

# एस-400 मामले में भारत को कात्सा से छूट पर अब तक कोई निर्णय नहीं: अमेरिका

**ललित के झा।** वाशिंगटन



**अमेरिकी** राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका ने रूस से एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली की खरीद पर भारत को काउंटरिंग अमेरिकाज एडवर्सरीज थ्रू सैंक्शंस एक्ट (कात्सा) से किसी भी संभावित छूट पर अब तक ठोस निर्णय नहीं लिया है। अमेरिकी कांग्रेस ने कात्सा को 2017 में लागू किया और इसे रूस की रक्षा और खुफिया कंपनियों के साथ खरीद-फरोख्त करने वाले देशों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई के लिए बनाया गया है।

बाइडन प्रशासन ने कहा कि इस कानून में देश-विशिष्ट छूट का प्रावधान नहीं है और इस विषय से संबंधित द्विपक्षीय बातचीत जारी रहेगी। अमेरिका के विदेश विभाग की यह टिप्पणी भारत को रूस से एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली मिलना शुरू होने के एक सप्ताह बाद और रिपब्लिकन एवं डेमोक्रेटिक पार्टी के शीर्ष सांसदों द्वारा भारत पर कात्सा के तहत प्रतिबंध नहीं लगाने के अनुरोध के बीच आई है। विदेश विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि अमेरिका भारत के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी को महत्व देता है। हालांकि उन्होंने यह कहकर इस मुद्दे पर रहस्य बनाए रखा कि कात्सा में किसी देश-विशिष्ट को छूट का प्रावधान नहीं है। विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने कहा, एस-400 प्रणाली की आपूर्ति पर आपको भारत सरकार से प्रश्न करना चाहिए, लेकिन जब अधिनियम की बात आती है तो न केवल भारतीय बल्कि अधिक व्यापक संदर्भ में भी अमेरिका ने अपने सभी सहयोगियों, सभी भागीदारों से रूस के साथ लेन-देन त्यागने का आग्रह किया है, अन्यथा कात्सा के तहत प्रतिबंधों को लागू करने का जोखिम हो सकता है। हमने रूस के साथ भारत के हथियार लेन देन के संबंध में छूट पर अभी कोई ठोस निर्णय नहीं लिया है।

प्राइस ने कहा, कात्सा में किसी प्रकार के देश-विशिष्ट छूट का प्रावधान नहीं है। हम यह भी जानते हैं कि हाल के वर्षों में भारत के साथ हमारे रक्षा संबंधों का विस्तार हुआ है और ये काफी प्रगाढ़ हुए हैं। प्राइस ने एक सवाल के जवाब में कहा, हम उम्मीद करते हैं कि हमारे रक्षा संबंधों में यह मजबूती जारी रहेगी। हम निश्चित रूप से भारत के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी को महत्व देते हैं। जैसा कि आप जानते हैं, कुछ समय पहले ही मुझे भारत यात्रा का अवसर मिला था। अगस्त में कई बार विदेश मंत्री जयशंकर से मुलाकात हुई। हमने इस चिंता पर शीर्ष अधिकारियों सहित सीधे भारत सरकार से भी चर्चा की है।

### अमेरिका का एक कड़ा कानून है कात्सा

कात्सा एक कड़ा अमेरिकी कानून है जो प्रशासन को उन देशों पर प्रतिबंध लगाने की मंजूरी देता है, जो 2014 में क्रीमिया पर रूस के कब्जे और 2016 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों में कथित हस्तक्षेप की खबरों के बाद रूस से प्रमुख रक्षा साजो सामान खरीदते हैं। अक्टूबर 2018 में भारत ने पांच एस-400 वायु रक्षा मिसाइल तंत्र की खरीद के लिए रूस के साथ पांच अरब डॉलर के समझौते पर हस्ताक्षर किया था। उस वक्त पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने इस कानून के तहत भारत पर प्रतिबंध लगाए जाने की चेतावनी भी दी थी। अमेरिका इससे पहले रूस से एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणालियों की खरीद के लिए तुर्की पर कात्सा के तहत प्रतिबंध लगा चुका है। तुर्की पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद कयास लगाए जा रहे थे कि अमेरिका भारत पर भी ऐसे ही दंडात्मक प्रतिबंध लगा सकता है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी कांग्रेस के कई सदस्यों ने इस मुद्दे पर गहरी दिलचस्पी दिखाई है। प्राइस ने कहा कि टू प्लस टू वार्ता जल्द वाशिंगटन में होगी। उन्होंने कहा, हम टू प्लस टू के लिए फिर से प्रतिबद्ध हैं, क्योंकि भारत के साथ हमारे महत्वपूर्ण संबंध हैं, और वह हमारा प्रमुख रक्षा साझेदार भी है। पिछले महीने अमेरिकी सांसदों और इंडिया कॉकस के सह-अध्यक्ष मार्क वार्नर और जॉन कॉर्निन ने राष्ट्रपति जो बाइडन को पत्र लिखा था, जिसमें रूस से सैन्य हथियार खरीदने पर भारत के खिलाफ कात्सा के तहत प्रतिबंध नहीं लगाने का उनसे अनुरोध किया गया था। उन्होंने कहा, भारत ने रूसी सैन्य उपकरणों की खरीद को कम करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। भारत का सोवियत संघ और बाद में रूस से हथियार खरीदने का एक लंबा इतिहास रहा है।

### प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 3.61 लाख घरों के निर्माण को मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत 17 राज्यों और संघ शासित प्रदेशों में 3.61 लाख घरों के निर्माण को मंजूरी दे दी है। इस मंजूरी के साथ योजना के तहत स्वीकृत घरों की कुल संख्या 1.14 करोड़ हो गई है। एक बयान में बुधवार को यह जानकारी दी गई। केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई केंद्रीय मंजूरी एवं निगरानी समिति (सीएसएमसी) की बैठक में यह मंजूरी दी गई। बयान के अनुसार, केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने कहा कि 1.14 करोड़ स्वीकृत घरों में से 89 लाख से अधिक का निर्माण किया जा रहा है और 52.5 लाख मकान लाभार्थियों को वितरित किए गए हैं। इसके अलावा सचिव ने राज्यों और संघ शासित प्रदेशों को बिना देरी किए मुद्दों को हल करने के लिए कहा है ताकि घरों के निर्माण में तेजी लाई जा सके।

# पीएम मोदी की जनसभा आज, ट्रैफिक एडवाइजरी जारी

## यमुना एक्सप्रेसवे व जेवर की तरफ से आने वाले वाहनों को बनवारीवास स्थित पार्किंग नंबर 8 में भेजा जाएगा

## बुलंदशहर-सिकंदराबाद से जेवर की ओर जाने वाले यातायात को झाझर से जहांगीरपुर की ओर डायवर्ट किया जाएगा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट का शिलान्यास करने 25 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जेवर आ रहे हैं। इसको लेकर शासन-प्रशासन उच्च स्तर की व्यवस्था करने में जुटा है।

मंगलवार रात कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने ट्रैफिक एडवाइजरी जारी करते हुए 25 नवंबर को जनपद में यातायात डायवर्जन और कार्यक्रम स्थल पर आने वाले वाहनों की पार्किंग के लिए गाइडलाइंस जारी की है।

इसमें यमुना एक्सप्रेसवे व जेवर की तरफसे आने वाले वीआईपी वाहनों को कार्यक्रम स्थल के बराबर से बनवारीवास मार्ग पर स्थित पार्किंग नंबर 8 में पार्क कराया जाएगा। डीसीपी ट्रैफिक गणेश साहा ने बताया कि बुलंदशहरए सिकंद्राबाद व खुर्जा से आने वाले वीआईपी व मीडिया के लिए रन्हेरा चौकी पर पकिंग नंबर 4 में जाना होगा। यमुना एक्सप्रेसवे के रास्ते व जेवर की तरफसे सभा स्थल पर आने वाले बस ट्रैक्टर किशोरपुर गांव से आगे जेवर.बुलंदशहर मार्ग पर बाईं तरफ बनी पार्किंग नंबर 1 में अपने वाहनों को खड़ा करेंगे।

इसी रूट से आने वाली कार व मोटरसाईकिल रोड के दाईं तरफबनी पार्किंग नंबर 2 में खड़े किए जाएंगे। खुर्जा बुलंदशहर सिकन्दराबाद दादरी से ककोड झांझर होते हुए आने वाले बस एट्रैक्टर रन्हेरा चौकी से पहले रोड के बाईं तरफबनाई गई पार्किंग 5 में खडे किए जाएंगे। जेवर.खुर्जा मार्ग से आने वाले सभी छोटे वाहन कार मोटर साइकिल टैक्टर थोरा भटटा से रोही गांव को जाने वाले मार्ग से रोही गांव में बनी पर्किंग नंबर 7 में पहुंचेगे। दयानतपुर फलैदा की तरफ से नगला छीतर होतें हुए आने वाले वाहन कार व मोटरसाइकिल पार्किंग नंबर 9 में पहुचेंगे। वहीं मीडिया के सभी वाहन फलैदा कट से होते हुए करौली नगला हुकमसिंह रजवाहे से होते हुए नगला छीतर गांव मार्ग से पार्किंग नंबर 3 में पहुचेंगे। अन्य गंतव्य को जाने वाले वाहनों के लिए रूट डायवर्जन किया गया। बुलंदशहर-सिकंदराबाद से जेवर की ओर जाने वाले यातायात को झांझर से जहांगीरपुर की ओर डायवर्ट किया जाएगा। यह यातायात जहांगीरपुर से जेवर होकर गंतव्य को जाएगा।

साथ ही यमुना एक्सप्रेसवे पलवल नोएडा जेवर से सिकंदराबाद बुलंदशहर की ओर जाने वाला यातायात जेवर.खुर्जा मार्ग पर कस्बा जहांगीरपुर से कस्बा झांझर होकर गंतव्य को जा सकेगा। जेवर.बुलंदशहर मार्ग पर साबोता तिराहा पर बैरियर लगाकर यातायात का डायवर्जन किया जाएगा। थोरा गांव भट्टा तिराहा पर बैरियर लगाकर कार्यक्रम स्थल की ओर भारी वाहन जैसे बस ट्रक आदि का आवागमन प्रतिबंधित किया जाएगा जनसभा में आने वाले छोटे वाहन पार्किंग पी.7 में जा सकेंगे। फरीदाबाद की ओर से आकर नगला क्षेत्र गांव की ओर जाने वाले यातायात को यमुना एक्सप्रेस वे के नीचे फलैदा रोड पर डायवर्ट किया जाएगा।

### अखिल भारतीय गुर्जर परिषद का ऐलान, दिखाएंगे काले झंडे

*नोएडा। इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर का शिलान्यास की तैयारी जोर शोर से चल रही है वहीं दूसरी तरफदादरी में गुर्जर मिहिर सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा के अनावरण के बाद हुए बवाल ठंडा होने का नाम नहीं ले रहा है।*

*अखिल भारतीय गुर्जर परिषद ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट के रोजा जलालपुर गांव में स्वाभिमान समिति की बैठक का आयोजन किया। जिसमें निर्णय लिया गया है कि मुख्यमंत्री ने माफी नहीं मांगी तो 25 नवंबर को नोएडा एयरपोर्ट के शिलान्यास कार्यक्रम में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को काले झंडे दिखाकर गुर्जर समाज विरोध करेगा। अखिल भारतीय गुर्जर परिषद के अध्यक्ष रविंद्र भारती ने बताया कि 22 सितंबर को दादरी में स्थित मिहिर भोज कॉलेज में गुर्जर प्रतिहार सम्राट वीर भोज की प्रतिमा का अनावरण के दौरान शिलावट से सम्राट मिहिर भोज के नाम के आगे से गुर्जर शब्द हटाए जाने का प्रकरण में गुर्जर समाज को ठेस पहुंचाने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी चुप्पी साधे बैठे हैं। सर्वसम्मति से फैसला लिया गया है कि यदि मुख्यमंत्री ने माफी नहीं मांगी तो शिलान्यास कार्यक्रम में आ रहे प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को काले झंडे दिखाकर गुर्जर समाज विरोध प्रदर्शन करेगा। इस बैठक के दौरान संजय नागर विपिन नागर दीपक नागर मोहित नागर संजय गौरव अनिल कसाना सत्यप्रकाश चपराना बृजेश विनीत मोहित आदि समाज के लोग मौजूद रहे।*

### यूपी विस चुनाव में विकास का एजेंडा सेट करेंगे प्रधानमंत्री

**नोएडा।** यूपी विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) अपने पक्ष में माहौल बनाने के लिए उतर चुकी है। इसका शंखनाथ प्रधानमंत्री नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से करेंगे। इस दौरान पश्चिमी यूपी के लिए कई मेगा परियोजनाओं की सौगात दी जा सकती है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनने के बाद पश्चिमी यूपी के विकास के पंख लग जाएंगे।



जेवर हवाईअड्डे के शुरू होने पर दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, अलीगढ़, आगरा, फरीदाबाद और आसपास के अन्य जिलों के निवासियों को भी फायदा होगा। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया है कि जेवर हवाईअड्डा उत्तर भारत के लिए एक प्रवेश-द्वार साबित होगा और इससे उत्तर प्रदेश की सूरत ही बदल जाएगी। भारतीय जनता पार्टी ने बड़ी जनसभा का आयोजन किया है। जिसमें गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, गाजियाबाद, हापुड़, मेरठ, दिल्ली, अलीगढ़, फरीदाबाद, गुरुग्राम और पलवल से लाखों की संख्या में भाजपा समर्थक जुटेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनसभा को संबोधित करने के बाद दोपहर 1:10 पर मंच से वापसी कर जाएंगे। अगले 5 मिनट में वह हेलीपैड पर होंगे और 1:15 पर उनका हेलीकॉप्टर दिल्ली के लिए टेकऑफ करेगा। कुल मिलाकर करीब 85 मिनट प्रधानमंत्री जेवर में रहेंगे।




## अब ग्रेटर नोएडा के बच्चे भी लाएंगे गोल्ड मेडल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



अब खेल सुविधाएं ग्रेटर नोएडा के सेक्टरों तक ही सीमित नहीं रहेंगी बल्कि गांवों में भी अच्छी सुविधाएं मिल सकेंगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण हर गांव में खेल मैदान बनाने जा रहा है। प्राधिकरण ने पहले चरण के पांच गांव चिंहित कर लिए हैं।

खेल मैदान बनाने के लिए बहुत जल्द टेंडर भी जारी होने वाले हैं। इसके बाद काम शुरू हो जाएंगे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण ने हर गांव में खेल के मैदान बनाने के लिए जगह चिंहित करने की जिम्मेदारी नियोजन विभाग को दी थी। नियोजन ने अब तक पांच गांव चिंहित कर लिए हैं। ये गांव पाली खोदना खुर्द चुहड़पुर सैनी और धूममानिक पुर हैं। इनकी डिजाइन अप्रूव्ड हो गई है। टेंडर शीघ्र जारी होने जा रहा है। चुनावी अधिसूचना लागू होने से पहले निर्माण शुरू कराने की योजना है। इन खेल ग्राउंड में दो बैडमिंटन कोर्ट वालीबॉल कोर्ट कबड्डी कोर्ट रेसलिंग कोर्ट डेढ़ मीटर चौड़ा रेसिंग ट्रैक ओपन प्ले ग्राउंड आदि खेल सुविधाएं होंगी। इन खेल ग्राउंड में ओपन जिम की भी सुविधा दी जाएगी। इन पांचों खेल ग्राउंड पर एक करोड़ रुपए से अधिक खर्च होने का आकलन है।

- 5 गांवों में बनेंगे 5 करोड़ के प्ले ग्राउंड

इनके बाद अन्य गांवों में भी खेल ग्राउंड चिंहित कर सुविधाएं विकसित की जाएंगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण ने इन सभी खेल ग्राउंड को शीघ्र विकसित करने के निर्देश दिए हैं। सीईओ ने नियोजन विभाग से कहा है कि जिन गांवों में खाली जगह मिल सकेए उसे खेल के मैदान के रूप में चिंहित करें, ताकि वहां खेल सुविधाएं विकसित की जा सकें। इससे गांवों के बच्चों का खेलों के प्रति झुकाव बढ़ेगा। यहां के बच्चे खेलों में जिला, प्रदेश और देश का प्रतिनिधित्व कर सकेंगे।

## पहलवानों को दम दिखाने का मिलेगा मौका, अखाड़ों में खर्च होंगे 60 लाख

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

अब ग्रेटर नोएडा के खिलाड़ी भी कुश्ती की बारीकियां सीख सकेंगे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर.37 में प्रस्तावित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में रेसलिंग कोर्ट जल्द बनाने जा रहा है। इस पर करीब 60 लाख रुपये खर्च होंगे। इसका टेंडर जारी हो चुका है। निर्माण करने वाली कंपनी का चयन शीघ्र कर काम शुरू कराने की तैयारी है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण के निर्देश पर खेलो इंडिया के तहत ग्रेटर नोएडा के अंतर्गत आने वाले गांवों में खेल सुविधाएं बढ़ाने पर काफी जोर दिया जा रहा है। प्राधिकरण अब ग्रेटर नोएडा के सेक्टर.37 में रेसलिंग कोर्ट बनाने जा रहा है। दरअसलए सेक्टर.37 में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के लिए करीब 4 हेक्टेयर जगह पहले से चिंहित है। उसी में से 50 गुणा 15 मीटर एरिया में रेसलिंग कोर्ट बनाया जा रहा है जिसमें दो रिंग जल्द बनाने की योजना है। ये दो रिंग 12 गुणा 12 वर्ग मीटर के बनेंगे। एक रिंग कच्चा और दूसरा पक्का होगा। इसके अलावा चेंजिंग रूम और ट्वॉयलेट भी होगा।

## दादरी विधायक का घेराव करने वाले 200 किसानों पर मुकदमा दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

दादरी के विधायक तेजपाल नागर का घेराव करने वाले सुखबीर पहलवान समेत 200 किसानों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है।

दरअसल इन किसानों ने अपनी मांगों को लेकर मंगलवार की दोपहर को यमुना एक्सप्रेसवे के जीरो पॉइंट पर दादरी विधायक का घेराव किया था। इस दौरान एक्सप्रेसवे काफी प्रभावित हुआ। एक्सप्रेसवे पर जाम लग गया थाए जिसके कारण कई एंबुलेंस भी फंस गई थी। इसके लिए इन किसानों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी विशाल पांडे ने बताया कि मंगलवार को थाना क्षेत्र नालेज पार्क के अंतर्गत किसान संगठन नेता सुखबीर ने अपने साथियों सहित जीरो प्वाइंट एक्सप्रेसवे पर धारा 144 सीआरपीसी का उल्लंघन करते हुए जाम लगाया था। जिस कारण एक्सप्रेसवे पर यातायात पूर्ण रूप से प्रभावित रहा और कई एम्बुलेंस जाम में काफी देर तक फंसी रहीं थी। जिस कारण एम्बुलेंस में जा रहे मरीजों को खतरे का सामना करना पडा था। इस सूचना पर तत्काल उच्च अधिकारी और पुलिस बल मौके पर पहुंची।

## डीएम ने किया राशन की दुकान व टीकाकरण केंद्र का किया निरीक्षण

पायनियर सामचार सेवा। हापुड़

जिलाधिकारी अनुज सिंह ने राशन की दुकान , सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गढ़ रोड एवं महिला चिकित्सालय कोठी गेट पर पहुंचकर वैक्सीनेशन का निरीक्षण किया गया।

जिलाधिकारी ने राशन डीलर को निर्देश दिए कि टीकाकरण किए गए व्यक्ति को प्राथमिकता पर राशन उपलब्ध कराया जाए उसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा कोठी गेट महिला चिकित्सालय अस्पताल में पहुंचकर वहां पर हो रहे टीकाकरण का निरीक्षण किया। महिला चिकित्सालय पर प्रथम एवं द्वितीय डोज का टीकाकरण किया जा रहा था। जिलाधिकारी ने सीएससी गढ़ रोड में पहुंचकर वहां पर चल रहे टीकाकरण की जानकारी ली जिलाधिकारी ने सीएचसी में धूल एवं गंदगी को देखकर कड़ी नाराजगी व्यक्त की उन्होंने सीएचसी प्रभारी को निर्देश दिए कि तत्काल सीएचसी में साफ सफाई कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रेखा शर्मा व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।



राशन की दुकान व महिला चिकित्सालय वैक्सीनेशन का निरीक्षण करते डीएम।

## नोएडा में पुराने वाहनों के निपटारे के लिए बना संयंत्र

- केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मारुति सुजुकी और टोयोटा तसुशी ग्रुप द्वारा मिलकर जॉइंट वेंचर के अंतरगत नॉएडा में तैयार किए गए वाहन निष्पादन संयंत्र उद्घाटन किया गया।

इस वेंचर का नाम मारुति सुजुकी तोयोत्सु इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एमएसटीआई) होगा जहां, संगठित और पारदर्शी तरीके से पर्यावरण को बिना नुकसान पहुंचाए पुराने पड़ चुके वाहनों का निष्पादन किया जाएगा। 10,993 स्क्वायर मीटर में बने इस संयंत्र में हर साल 24,000 पुराने पड़ चुके वाहनों का निष्पादन किया जा सकेगा। 44 करोड़ की लागत से बने इस संयंत्र में आधुनिक और स्वचालित मशीनों द्वारा वाहनों का निष्पादन किया जाता है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद मिनिस्ट्री ऑफ रोड ट्रांसपोर्ट एंड हाईवे के मंत्री नितिन गडकरी ने कहा की मिनिस्ट्री ऑफ रोड ट्रांसपोर्ट एंड हाईवे पुराने वाहनों के निष्पादन को ध्यान में रखते हुए नेशनल ऑटोमोबाइल कबाड़ पॉलिसी बनाई है, जिससे पुराने पड़ चुके और प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के निष्पादन के लिए एक इकोसिस्टम तैयार हो पाएगा। और इसके लिए हमें इस तरह के की कई स्टेट आफआर्ट फैसिलिटी तैयार करनी होगी। मैं मारुती और उनकी सहायक कंपनियों से अनुरोध करूंगा कि वह इस प्रकार के और संयंत्र स्थापित करें। ताकि सडको को और भी सुरक्षित पर्यावरण को साफ और गाड़ियों के लिए रॉ मैटेरियल सस्ता मिल सके।

केनिची आयुकावा, अध्यक्ष, एमएसटीआई और प्रबंध निदेशक और सीईओ, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने कहा कि मारुति सुजुकी में पूर्ण रूप से एफिशिएंट रिसोर्स ऑप्टिमाइजेशन एंड कंजर्वेशन के माध्यम से उत्पादन में भरोसा रखते हैं।

उत्पाद कम, छोटे, हल्के, स्वच्छ और छोटे के सिद्धांतों पर आधारित हैं। भविष्य में सहभागीयों के साथ देशभर में और भी इस तरीके के संयंत्र स्थापित करने के लिए कटिबद्ध है।

## कुख्यात खान मुबारक गिरोह का एक शातिर बदमाश गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की नोएडा शाखा ने कुख्यात बदमाश खान मुबारक गिरोह के एक सदस्य को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया।

अपर पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) रणविजय सिंह ने बताया कि दिल्ली के रहने वाले व्यापारी मुकेश भार्गव के ऊपर 16 अगस्त 2017 को सेक्टर 26 में गोली चलाई गई थी और इस मामले में गजेंद्र सिंह, के पी सिंह, अजय राघव के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने गजेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया, तथा उससे गहनता से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान इस घटना में मुंबई के रहने वाले हारीश खान, राम प्रकाश वर्मा तथा कुख्यात बदमाश जफर सुपारी के छोटे भाई खान मुबारक का नाम सामने आया।

हारीश खान की गिरफ्तारी पर गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था और इस मामले की जांच उत्तर प्रदेश एसटीएफ को सौंपी गई थी। उन्होंने बताया कि घटना की जांच कर रहे हैं एसटीएफ के निरीक्षक सचिन कुमार ने हारीश खान को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया।

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी सेक्टर-19 फरीदाबाद

### मेष

आप जिम्मेदारियों को पूरा कर सकेंगे। नए काम को लेकर यात्रा कर सकते हैं। काम को आगे बढ़ाने के मौके मिलेंगे। लोन संबंधी काम हो सकता है। किसी बात को लेकर विवाद होने की आशंका है। शांत रहना होगा। काम की अधिकता से थकान महसूस करेंगे। क्रोध की अधिकता रहेगी। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा और दांपत्य जीवन खुशहाल होगा। सेहत को लेकर सतर्क रहें। खानपान का ध्यान रखें।

(चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)

**भाग्यांक:** 2
**विशेष:** अपने गुरु का सम्मान करें।

### वृष

कॅरियर के लिए अधिक प्रयास करेंगे। जीवनसाथी से मतभेद होने की संभावना है, जो उचित है, इस विचार को रखने में आप जरा भी न घबराएं। यात्रा करते समय सतर्क रहें। विरोधी सक्रिय रहेंगे। आज आपको नुकसान हो सकता है। धन की स्थिति सामान्य रहेगी। परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी और लाभ प्राप्त होंगे। मौसमी बीमारियों से भी परेशानी हो सकती है। आज का दिन सामान्य रहेगा।

(ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)

**भाग्यांक:** 1
**विशेष:** माथे पर केसर का टीका लगाएं।

### मिथुन

आप खेल-कूद में हिस्सा ले सकते हैं। आर्थिक तंगी से बचने के लिए अपने तयशुदा बजट से ज्यादा खर्च न करें। परिवार में समझौता कराने वाले का दायित्व निभाएंगे। परिवार के किसी सदस्य को कुछ दिक्कत हो सकती है। नई जानकारी मिलेगी। जोखिम न लें। अपना नजरिया और व्यवहार सकारात्मक रखेंगे, तो रिश्तों में मजबूती आएगी। बेरोजगारों को रोजगार की प्राप्ति हो सकती है।

(का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा)

**भाग्यांक:** 8
**विशेष:** पंछियों को मीठा डालें।

### कर्क

कारोबार से जुड़ी समस्या हल होगी, धैर्य बनाए रखें। कारोबार में मुनाफा के योग बन रहे हैं। नई खुशखबरी चेहरे पर खुशी ला सकती है। शाम का वक्त दोस्तों के साथ समय बिता सकते हैं। छात्रों की दिक्कत दूर होगी। युवाओं को नई जानकारी मिलेगी। कॅरियर से जुड़ी समस्या का समाधान होगा। लाइफ पार्टनर का सहयोग मिलेगा। अपनी वाणी पर संयम रखें। खान-पान का ध्यान रखें।

(ही, हू ,हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)

**भाग्यांक:** 9
**विशेष:** भगवान विष्णु को पीला टीका लगाएं।

### सिंह

रिश्तेदार से मुलाकात हो सकती है। उधार से मुक्ति मिलेगी। काम को लेकर हो रही परेशानी दूर होगी। परिवार के किसी सदस्य के साथ मतभेद होने की संभावना है। बेहतर होगा तनाव न लें। धन लाभ होगा। वृद्धों को सेहत को लेकर परेशानी का सामना करना पड़ेगा। कारोबार में व्यस्तता रहेगी, फिर भी परिवार को समय दे पाएंगे। परिवार का माहौल आपके अनुकूल रहेगा। दांपत्य जीवन में खुशहाली रहेगी।

(मा, मी ,मू, में, मो, टा, टी, टू, टे)

**भाग्यांक:** 8
**विशेष:** पीपल के वृक्ष पर हल्दी मिला जल अर्पित करें।

### कन्या

साथी काफी सकारात्मक रवैया अपना सकता है। नई जगह घूमने जा सकते हैं। कुंवारों को रिश्ते की सूचना मिल सकती है। युवाओं को काम को लेकर दिक्कत होगी। पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ेगी। नए सदस्य का आगमन हो सकता है। बाहर खानपान से बचें। पारिवारिक जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वाह करेंगे। संतान की चिंता हो सकती है। अविवाहित लोगों को विवाह के प्रस्ताव मिल सकते हैं। स्टूडेंट्स के लिए मेहनत का दिन है।

(टो ,पा, पी, पू, ष, ष, ण, ठ, पे, पो)

**भाग्यांक:** 6
**विशेष:** विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें।

### तुला

रिश्ते में गलतफहमी पैदा न होने दें। ऑफिस में सहयोगियों की मदद मिलेगी। अनुभवी लोगों की सलाह जरूर लें। शत्रु पक्ष बेहद सक्रिय रहेगा। नुकसान होने की आशंका है। बोलचाल के दौरान सावधान रहें। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्यभार की अधिकता रहेगी। जिससे मानसिक और शारीरिक रूप से थकान का अनुभव करेंगे। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा। आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा।

(रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते, )

**भाग्यांक:** 8
**विशेष:** देव गुरु बृहस्पति के मंत्रों का जाप करें।

### वृश्चिक

किसी के प्रति मन में द्वेष न रखें। सामाजिक रूप से सराहना होगी। नई जिम्मेदारी मिलेगी। शत्रु पक्ष पर आप हावी रहेंगे। धन लाभ होगा। विवाद न करें। बेवजह खर्च करने से बचें। कार्यस्थल पर नई जिम्मेदारी मिलेगी। कुसंगति से बचें। तनाव दूर होगा। आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में कठिन परिश्रम रहेगा। जिससे कार्यों में सफलता मिलेगा, लेकिन ऑफिस या फील्ड में किसी भी तरह की रिस्क न लें।

तो, ना ,नी, नू, ने, नो, या, यी, यू, )

**भाग्यांक:** 1
**विशेष:** बृहस्पति के यंत्र की स्थापना करें।

### धनु

रिश्तेदारों से काफी दिनों बाद मुलाकात हो सकती है। कॅरियर को नई दिशा मिलेगी। धनलाभ होगा। यात्रा करने से बचें, चोट लगने की संभावना रहेगी। बोलते हुए सावधान रहें। शब्दों से गलतफहमी हो सकती है। धर्म-कर्म में मन लगेगा। समस्या दूर होगी। आफिस की स्थितियों में कुछ बदलाव हो सकते हैं। दोस्तों के साथ मुलाकात हो सकती है। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा। व्यर्थ की भागदौड़ से बचें एवं मानसिक संतुलन बनाए रखें।

(ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)

**भाग्यांक:** 7
**विशेष:** गले में सोने की चेन धारण करें।

### मकर

परेशानियों को छोड़ें और अपने साथी के साथ रोमांटिक समय बिताएं। मेहनत का श्रेय कोई और ले सकता है। धर्मसंकट में फंस सकते हैं। निर्णय ले पाने में असमर्थ महसूस करेंगे। सेहत ठीक रहेगी। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगी। अज्ञात लोगों की वजह से दिक्कत हो सकती है। शासकीय कार्य पूरे होंगे। मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। क्रोध पर नियंत्रण एवं वाणी पर संयम रखें, अन्यथा जीवनसाथी से अनबन हो सकती है।

(भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी)

**भाग्यांक:** 7
**विशेष:** पीले रंग के वस्त्र का दान करें।

### कुंभ

दूसरों की मदद करने के लिए आगे आएंगे। सेहत पर ध्यान दे। बड़ी जिम्मेदारियों को पूरा करेंगे। अपने आप को साबित करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी होगी। कार्य क्षमताओं से हर किसी को प्रभावित करेंगे। जोखिम लेने से बचें। नई जानकारी मिलेगी। कारोबारी पास के शहर की यात्रा कर सकते हैं। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं और तंत्र-मंत्र में रुचि बढ़ेगी। दांपत्य जीवन अच्छा रहेगा। स्टूडेंट्स के लिए समय थोड़ा ठीक नहीं रहेगा। खान-पान का ध्यान रखें।

(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो ,दा)

**भाग्यांक:** 5
**विशेष:** पपीते का दान करें।

### मीन

सेहत खराब हो सकती है। दिन भर व्यस्तता रहेगी। थकान महसूस कर सकते हैं। निजी बातें शेयर न करें। कारोबार में मंदी के चलते परेशानी बढ़ सकती है। विवाद से बचने के लिए बुजुर्गों से चर्चा करें। परिवार के साथ घूमने जाएं, बच्चों से बातचीत करें। कर्ज न दें। यात्रा को टालने का प्रयास करें। परिश्रम का उन्हें अच्छा परिणाम मिल सकता है। बेरोजगारों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। सेहत थोड़ी नरम रहेगी। खान-पान पर विशेष ध्यान दें।

(दी, दू ,थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)

**भाग्यांक:** 3
**विशेष:** घर के प्रवेश द्वार पर हल्दी से स्वास्तिक बनाएं।

# दया की शक्ति

**संत राजिंदर सिंह का कहना है कि हमारे आध्यात्मिक विकास का एक हिस्सा दयालु भावना विकसित करना है। ऐसा करने के लिए, हमें दूसरों को समझने की जरूरत है**



साल भर में ऐसे कई मौके आते हैं जब हम उपहार लेते और देते हैं। यह जन्मदिन, वर्षगांठ या विभिन्न छुट्टियों के अवसरों पर हो सकता है जो उपहार देने से जुड़े होते हैं। जब हम अपने घर में लिपटे हुए उपहारों के ढेर को देखते हैं, तो हम पाते हैं कि उनमें से अधिकांश भौतिक वस्तुएं हैं। हमें कपड़े, आभूषण, खिलौने, खेल, गैजेट या उपहार कार्ड और चीजें खरीदने के लिए मिले होंगे। फिर भी, इनमें से हर एक उपहार का समय के साथ क्षय होना तय है। पदार्थ से बना कुछ भी स्थायी नहीं रहता है और न ही ये उपहार, जिन्हें कि हम संजोते हैं। क्या कोई ऐसा उपहार है जिसे हम प्राप्त कर सकते हैं और जो अधिक मूल्यवान है और हमेशा रहेगा?

यह दया का उपहार है। दया हृदय को आकर्षित करती है और हृदय को अन्य के प्रति प्रेम से भर देती है। अगर हम अपने दिलों में दया उत्पन्न करते हैं, तो हम देखेंगे कि लोग हमारे करीब आते हैं। इससे उनमें बदलाव आएगा।

अपने जीवन में उन लोगों के बारे में सोचें जो आपके प्रति दयालु थे। हो सकता है कि हमने उनके लिए विशेष आकर्षण या स्नेह महसूस किया हो। हमारे जीवन में सबसे पहले जो लोग हमारे प्रति दयालु होते हैं, वे हमारे माता-पिता हैं। हम पहले उन लोगों के साथ आजीवन प्रेमपूर्ण बंधन विकसित करते हैं जो हमारी देखभाल करते हैं जब हम छोटे और असहाय होते हैं।

जैसे-जैसे हम बड़े होते हैं, कुछ लोग, जो हमारे प्रति दयालु होते हैं, अंततः हमारे मित्र बन जाते हैं। जब हम उस व्यक्ति से मिलते हैं जिससे हम शादी करने वाले हैं, तो हम पाते हैं कि उनमें हमारे प्रति एक विशेष प्रेमपूर्ण दया है जो गहरे प्रेम से उत्पन्न हुई है।

पहली छाप अक्सर स्थायी होती है। अगर लोगों को लगता है कि किसी के प्रति उनका पहली छवि अलग, असभ्य, लापरवाह और आक्रामक सी बनती है, तो वे उस व्यक्ति को अस्वीकार कर सकते हैं भले ही वो व्यक्ति कैसा भी प्रतिनिधित्व करता हो। दूसरी ओर, यदि वे किसी ऐसे व्यक्ति से मिलते हैं जो प्यार करने वाला, दयालु और देखभाल करने वाला है, तो वे उस व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत हर चीज के प्रति आकर्षित होंगे। व्यक्ति की दयालुता के प्रति लोग आकर्षित होते हैं।

हमारे पास प्रेममयी दया दिखाने के कई अवसर होते हैं, जिसमें दूसरों को बदलने की शक्ति होती है। उनमें से एक है कर्म में दया। यह दया का एक बड़ा कार्य हो सकता है जैसे बीमारों की सेवा करना, भूखे को खाना खिलाना या बेघरों के लिए घर उपलब्ध कराना। यह एक छोटा सा कार्य हो सकता है लेकिन इसे जीवन भर याद रखा जाता है। आप किसी के लिए दरवाजा खोल सकते हैं जिसके हाथ खाली नहीं हैं। आप किसी के लिए किराने का सामान खरीद सकते हैं या किसी को उसकी कार के खराब होने पर कहीं के लिए लिफ्ट दे सकते हैं। यह सिर्फ एक मुस्कान भी हो सकती है जो किसी को प्यार और परवाह का एहसास कराती है। हमें नहीं पता कि कैसे एक प्यार भरा चेहरा या मुस्कान किसी का दिन याजीवन के लिए कितना महत्व रखते हैं।

**शब्दों के माध्यम से दया:** हमारे शब्दों के माध्यम से प्रेमपूर्ण कृपा दिखाने के अवसर होते हैं। एक दयापूर्ण शब्द और प्रोत्साहन, स्वीकृति या प्रशंसा का एक शब्द किसी को हमारे करीब महसूस कराने में बहुत मदद करता है। लोगों को यह बताना कि हम उनसे प्यार करते हैं, वे हमें जीवन भर के लिए प्रिय हैं। कुछ प्रेमपूर्ण, दयालु शब्द लोगों को हमारे प्रति सम्मान और आदर अनुभव करा सकते हैं।

**विचारों में दया:** अपने विचारों में भी प्रेममयी कृपा होना महत्वपूर्ण है। हमें लगता है कि हमारे विचार निजी हैं लेकिन दूसरे लोग उन्हें पढ़ सकते हैं क्योंकि वे कंपन पैदा करते हैं। विचार हमारे चेहरे पर दिखाई देते हैं। वे हमारी आंखों से दिखते हैं और हमारे खड़े होने और चलने के तरीके से व्यक्त होते हैं। लोग अपनी शारीरिक भाषा और अमूर्त संप्रेषण द्वारा बता सकते हैं कि हम उनकी देखभाल करते हैं या नहीं।

**हमारे कर्मों में दया:** हमारे आध्यात्मिक विकास का एक हिस्सा दया-भावना विकसित करना है। ऐसा करने के लिए, हमें खुद को दूसरों के स्थान पर रखना होगा। इसका अर्थ है दूसरों के सुख-दुख को महसूस करना। इसके लिए हमें स्वयं से यह पूछने की आवश्यकता है कि क्या हम जो शब्द बोलते हैं वे वही शब्द हैं जो हम चाहते हैं कि दूसरे हमसे कहें। इसका अर्थ यह है कि जो कर्म हम दूसरों के साथ करते हैं वे वही हैं जो हम चाहते हैं कि दूसरे हमारे साथ करें। इसका मतलब है कि इस ढंग से कार्य करना जैसे भगवान चाहते हैं कि हम कार्य करें।

प्रेम-कृपा विकसित करने से लोग हमारे आस-पास रहकर प्रसन्नता अनुभव करेंगे। हम उन्हें सुरक्षित महसूस कराएंगे। उन्हें लगेगा कि हम प्रेम करने वाले और मददगार हैं। हम इस किस्म के लोग होंगे जिनके साथ दूसरे रहना चाहेंगे। फिर वे पूछेंगे कि हम इतने दयालु कैसे हो गए। वे उस जीवन के बारे में सोचेंगे, जो हम जी रहे हैं। यदि हम सकारात्मक मूल्यों के साथ एक अच्छा जीवन जी रहे हैं, तो यह सकारात्मक जीवन के लाभों को दिखाने की दिशा में सबसे बड़ा प्रभाव होगा और जो उन्हें बदल देगा।

इसलिए, आइए हम प्रेमपूर्ण दयालुता विकसित करें। यदि हम कोई सेवा परियोजना करते हैं, तो हम भी प्रेम-कृपा विकसित करें, क्योंकि यह वो धारणा होगी जिस पर लोग सेवापूर्ण जीवन के मूल्य का मूल्यांकन करते हैं।

संत ईश्वर की दया का प्रतिबिम्बन प्रदर्शित कर आत्माओं को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। वे प्रेममयी दया के धाम हैं। जब वे हमसे प्यार करते हैं, देखभाल करते हैं और स्नेही होते हैं, तो हमारी आत्मा वापस भगवान की यात्रा की ओर झुक जाती है। प्रेममयी कृपा द्वारा हम परमेश्वर के प्रेम की झलक दिखा सकते हैं और उन सभी के जीवन को प्रभावित कर सकते हैं जो हमसे मिलते हैं। हम आध्यात्मिक जीवन का अनुसरण करके प्रेममयी दया विकसित कर सकते हैं।

दयालुता विकसित करने का एक तरीका ध्यान के माध्यम से भी है। ध्यान करना, अपने मन, वचन और कर्म का आत्मनिरीक्षण करना और निःस्वार्थ सेवा करना हमारे भीतर दया विकसित कर सकता है।

ध्यान में, हम ईश्वर के साथ एकाकार हो रहे हैं, जो सभी दया और प्रेम का स्रोत है। जब हम ध्यान के माध्यम से अपने भीतर की ओर जाते हैं, तो हम आंतरिक यात्रा पर पुनः भगवान की ओर बढ़ते हैं। यह प्रेम और दया की यात्रा है। हम प्रेम के सुरक्षात्मक आलिंगन में लिपटे हुए हैं। उस अवस्था में दया के सिवा किसी चीज के लिए कोई स्थान नहीं होता।

ध्यान हमें उन क्षेत्रों में ले जाता है जहां हम खुद को आत्मा के रूप में देखते हैं और जानते हैं कि हम सृष्टिकर्ता के अंश हैं। हम सर्व-सचेत हो जाते हैं।

यह उस स्तर पर होना है कि हम अधिक प्यार करने वाले और देखभाल करने वाले इंसान बन जाते हैं।

ध्यान से हमें जो परिवर्तन मिलता है वो वह है जो हमारे पास नहीं है। यह एक दिव्य सुगंध की तरह है जो वातावरण में फैलती है। जब हम अपने लिए इस उपहार को प्राप्त करने के लिए तैयार होंगे, तो हमें दुनिया को बदलने में ज्यादा समय नहीं लगेगा।

**- लेखक एक आध्यात्मिक नेता हैं।**

# उपरांत कोविड -19 : आस्था मायने रखती है





प्रमोद पाठक

मानवता के विश्वास डगमगाने से कोविड-उपरांत दुनिया में सुधार आसान नहीं होगा। इन दो वर्षों में कोरोना का डर एक बुरा सपना था, जिसे भूलना हममें से ज्यादातर लोगों के लिए मुश्किल होगा। एकमात्र रास्ता विश्वास है। ईश्वर पर भरोसा। मानवता में विश्वास। अपने आप में विश्वास। लेकिन विश्वास को समझना कठिन है। इसका अधिक से अधिक अभ्यास करें। पैथोफोबिया से प्रेरित समूची मानवता के लिए, 1960 के दशक की बॉलीवुड फिल्म गाइड का एक एपिसोड कुछ सुराग दे सकता है। इस फिल्म ने न केवल मनोरंजन प्रदान किया, बल्कि उन लोगों की भी आत्मा को समृद्ध किया जो देख और सुन सकते थे। राजू गाइड, देव आनंद द्वारा अभिनीत नायक, परिस्थितियों से मजबूर होकर सामान्य भलाई के लिए संन्यासी बन जाता है। सूखी भूमि पर वर्षा लाने के लिए उनके अनशन पर बैठने की खबर फैलते ही चारों ओर से भीड़ उमड़ पड़ती है, जो उस स्थान को तीर्थ में बदल देती है। इस खबर के दूर-दूर तक फैलने के साथ ही इस कार्यक्रम को कवर करने के लिए एक विदेशी पत्रकार भी मौजूद होता है। महिला और नायक के बीच संवाद दिलचस्प है। "स्वामी, क्या आप मानते हैं कि आपके उपवास से जगह-जगह बारिश होगी!" महिला पूछती है। स्वामी ने दार्शनिक भाव से उत्तर दिया कि यदि 40 करोड़ लोग (तब भारत की आबादी) एक दिन भोजन छोड़ देते हैं, तो यह उतने ही लोगों को एक दिन के लिए भोजन करा सकता है। सवाल यह नहीं है कि बारिश होगी या नहीं, यह भी नहीं है कि वह रहता है या मर जाता है। सवाल यह है कि क्या इस खूबसूरती से सजी धजी दुनिया के पीछे कोई है, और यदि हां, तो क्या वह अपने लोगों की सुनता है। टेलीलॉजिकल तर्क का यह टुकड़ा एक लोकप्रिय ईश्वरवादी दावा है जो ईश्वर के अस्तित्व का प्रमाण प्रदान करता है। लेकिन इससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि फिल्म में बाद में क्या होता है। स्वामी की मृत्यु हो जाती है, लेकिन बारिश होती है, फिर भी, अपनी बात साबित करते हुए। ईश्वर है, और वह सुनता है। यही इस मामले कि जड़ है।

विश्वास है कि ईश्वर है और विश्वास है कि संकट के समय वह अपने लोगों के साथ खड़ा होता है। अनिश्चितताओं से भरी इस दुनिया में केवल विश्वास ही काम करता है। आस्था ईश्वर है। विश्वास शक्ति है। आस्था धर्म है। किसी भी धार्मिक क्रम में सृष्टि की कहानी को कभी भी वैज्ञानिक विवरण का अंश नहीं माना जाना चाहिए। इसे इस विश्वास की शास्त्रीय पौराणिक अभिव्यक्ति के रूप में देखा जाना चाहिए कि संपूर्ण प्राकृतिक व्यवस्था एक दैवीय रचना है। ईश्वर ही इस दुनिया का एकमात्र शासक और राज्यपाल है और हर चीज के पीछे की दिव्य योजना है। आस्था कई चमत्कारों का आधार है। आप देखते हैं कि आप क्या मानते हैं। कभी-कभी आप वही बनाते हैं जो आप मानते हैं। लेकिन अंतर्निहित शर्त है - सौ फीसदी आस्था। इसलिए मेडिकल कॉलेजों में विद्यार्थियों को कहा जाता है कि जो मन नहीं जानता वह आंखें नहीं देख सकतीं। प्राचीन ग्रीक पौराणिक कथाओं में, साइप्रस के मूर्तिकार राजा, पाइग्मेलियन ने आदर्श महिला की एक मूर्ति बनाई, उस अपनी रचना से प्यार हो गया, और अपनी इच्छा के बल पर और देवी वीनस की सहायता से, उसने उसे जीवित कर दिया। सदियों बाद, जॉर्ज बर्नार्ड शॉ ने इसी तरह की थीम का उपयोग करते हुए विश्व प्रसिद्ध नाटक पाइग्मेलियन लिखा। आधुनिक प्रबंधन साहित्य में, पाइग्मेलियन प्रभाव नामक घटना की पहचान की गई है। यह सुझाव देता है कि यदि बातों पर विश्वास किया जाता है, तो वे स्वतः पूर्ण भविष्यवाणियां बन जाती हैं। इच्छाएं, तब, घोड़े बन सकती हैं।

**- पाठक प्रबंधन, लेखक, सार्वजनिक वक्ता और प्रशंसित प्रोफेसर हैं।**

# हम अक्सर अपने मानसिक स्वास्थ्य का करें उपचार

**अनामिका यदुवंशी कहती हैं कि आपका मानसिक स्वास्थ्य स्वस्थ रिश्ते में और प्रतिकूल परिस्थितियों को अपनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है**



स्वस्थ जीवन के लिए मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य महत्वपूर्ण है, क्योंकि वे आपके सोचने, कार्य करने और महसूस करने में भूमिका निभाते हैं। जब आप भावनात्मक रूप से स्वस्थ होते हैं तो काम करना, पढ़ना या दूसरों की देखभाल करना अधिक उत्पादक हो सकता है। आपका मानसिक स्वास्थ्य एक स्वस्थ रिश्ते में और प्रतिकूल परिस्थितियों के अनुकूल होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

अपना ख्याल रखना और जीवन का पूरा आनंद लेना अत्यावश्यक है। अपने मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल करने के लिए यहां कुछ सुझाव दिए गए हैं :


- **स्वयं को पहले रखें :** आत्म-आलोचना से बचें, और खुद के साथ दया और सम्मान के साथ व्यवहार करें। अपने शौक और पसंदीदा परियोजनाओं पर विचार करें, और अपने क्षितिज को व्यापक बनाने पर विचार करें। डांस क्लास लें, कोई वाद्य बजाएं, हर दिन पहेलियां हल करें, बगीचा लगाएं, या कोई दूसरी भाषा सीखें।
- **अच्छे लोगों को अपनाएं :** मजबूत सामाजिक या पारिवारिक संबंध वाले लोग आमतौर पर इन संबंधों से वंचित लोगों की तुलना में अधिक स्वस्थ होते हैं। आप किसी क्लब, कक्षा या सहायता समूह में भी शामिल हो सकते हैं जहां आप नए लोगों से मिल सकते हैं। सहयोगी परिजनों वे दोस्तों के साथ योजनाएं बनाएं।
- **अपने मन को शांत करें :** ध्यान करें, समझदारीपूर्ण अभ्यास करें, या प्रार्थना करें। एक आरामदेह व्यायाम और प्रार्थना आपके मानसिक व भावनात्मक स्वास्थ्य को उन्नत बना सकते हैं। ध्यान आपको शांत कर सकता है और आपके चिकित्सीय प्रभाव को बढ़ा सकता है।
- **बातचीत करें :** अपनी भावनाओं के बारे में बात करना कोई कमजोरी नहीं है। यह स्वस्थ रहने और अपने स्वास्थ्य पर नियंत्रण रखने का हिस्सा है। किसी ऐसी चीज के बारे में बात करना ठीक है जिस पर आप लंबे समय से विचार कर रहे हैं। ऐसा करने से आपका तनाव दूर होगा और आपका मन शांत होगा।
- **शराब या अन्य नशीले पदार्थों का सेवन न करें :** जितना हो सके अन्य दवाओं के सेवन और शराब पीने से बचें। शराब और अन्य नशीले पदार्थों का उपयोग कभी-कभी स्व-उपचारक औषधि के साधन के रूप में किया जा सकता है, लेकिन वे समस्याएं और भी बदतर कर देते हैं।
- **यदि आपको सहायता की आवश्यकता है, तो उसकी मांग करें :** सहायता मांगने का कार्य शक्ति प्रदर्शित करता है, कमजोरी नहीं। साथ ही, उपचार कारगर होता है, इसलिए हार न मानें। सही देखभाल के साथ, लोग मानसिक बीमारी और लत से उबर सकते हैं और खुशहाल जीवन जी सकते हैं।

हम एक तेज-तर्रार दुनिया में रहते हैं, जहां अक्सर हम अपने मानसिक स्वास्थ्य को नजरअंदाज कर देते हैं। खुश और स्वस्थ रहने के लिए हमें अपने मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए।

**- लेखक जीवन प्रशिक्षक और प्रेरक उपचारक हैं।**

# हम आत्म चेतना है सहायक

**अजीत कुमार बिश्नोई का कहना है, भगवान सेवा भाव में किए गए कार्यों की सराहना करते हैं क्योंकि वे भलाई में योगदान करते हैं**



कर्मफल सिद्धांत, जैसा कि ईश्वर द्वारा निर्धारित किया गया है, ईश्वर द्वारा प्रदत्त दिशा-निर्देशों के अनुसार ही ईश्वरीय अधिकारियों द्वारा लागू किया जाता है। वे प्रभाव के प्रति भावुक हुए बिना उन्हें सख्ती से लागू करते हैं। आत्म-चेतना के लाभों के बारे में बताना जारी रखते हुए, यह हमारा ईश्वर के अस्तित्व में दृढ़ विश्वास भी विकसित करता है, जो सभी परिस्थितियों में मदद कर सकता है, क्योंकि कर्म दो प्रकार के होते हैं : भौतिक और आध्यात्मिक। ये आध्यात्मिक कार्य भगवान के दायरे में आते हैं, वही हमें अनेक प्रकार से पुरस्कृत कर सकता है। ये भौतिक कर्मों से श्रेष्ठ हैं। इसीलिए, व्यक्ति को साधना करने के लिए प्रेरित किया जाता है, और उसके कई तरीके होते हैं। व्यक्ति अपने स्वभाव के अनुसार उनमें से कोई भी चुन सकता है। उदाहरण के लिए, मैंने नाम का जाप करना, आध्यात्मिक ग्रंथ लिखना और उनके चित्र रूपों में भगवान के 'दर्शन' करने का विकल्प चुना है।

आत्मचेतना से प्रबल होने वाली ईश्वरीय चेतना अनेक लाभ लेकर आती है। एक बार जब मुझे उनकी उपयोगिता के बारे में पता चला तो मैं साधना करने के प्रति गंभीर हो गया। मुझे सबसे ज्यादा क्या चाहिए था? बेशक मन की शांति। यह केवल भगवान (भगवद गीता 2.66) से आ सकती है, क्योंकि वही किसी भी समस्या का समाधान कर सकता है, जिसका हम सामना कर रहे हैं। कई व्यक्तिगत मामले हैं, जिनके बारे में केवल हम और भगवान ही अवगत हो सकते हैं। यदि हम किसी भी समस्या का समाधान नहीं कर पाते हैं, तो उत्तर ईश्वर की ओर से आना चाहिए, जो हमारे बारे में हर बात से अवगत हैं। मुझे सुखद आश्चर्य हुआ जब ईश्वर की ओर से एक समाधान आया, जो केवल वही अपने सर्वज्ञ होने के कारण प्रदान कर सकते थे। इस तरह की घटनाओं ने मुझे आध्यात्मिक कार्य करने के प्रति गंभीर होने में मदद की है, बदले में भगवान से कई वरदान प्राप्त किए हैं, क्योंकि आध्यात्मिक क्षेत्र में भी वही कर्मफल सिद्धांत संचालित होता है, सिवाय इसके कि कर्म आध्यात्मिक हों।

धीरे-धीरे मेरा ईश्वर में विश्वास बढ़ता गया। अन्य लाभ भी अनिवार्य रूप से सामने आए हैं। शरीर से लगाव कम होने से मृत्यु का भय कुछ कम होने लगा, क्योंकि मैं समझता हूँ कि ईश्वर मेरे जीवन का

परम मध्यस्थ है। जैसे-जैसे मैं उससे जुड़ता गया हूं, मुझे पूरा यकीन हो रहा है कि भगवान मेरी देखभाल करेंगे। मौत से ज्यादा, दुखद मौत मरने के प्रति मेरा डर काफी कम होने लगा।

आत्म-अभिमानी बनने से कुछ और लाभ हमें उत्तरोत्तर प्राप्त होंगे। हम अगले जन्म के लिए बेहतर तैयारी करेंगे, जो निश्चित रूप से होगा। हम सभी की कई इच्छाएं होती हैं।

'धर्म' (7.11) के अनुसार इच्छाएं रखने में कुछ भी गलत नहीं है, हम अगले जन्म में उन्हें पूरा होते देखने की उम्मीद कर सकते हैं, अगर किन्हीं कारणों से हमें इस जीवन में सफलता नहीं मिल पाती है। हमें बस इतना करना है कि निर्धारित व्यवहार (6.17) के साथ चलते रहना है। भगवान बहुत दयालु है, वह अवश्य मदद करेगा। तथापि, ईश्वर सेवा भाव से किए गए कार्यों की अधिक सराहना करते हैं, क्योंकि वे सामान्य कल्याण में योगदान करते हैं।

**-बिश्नोई एक आध्यात्मिक लेखक हैं।**

फॉर्म को लेकर चिंतित नहीं


# योगदान का मतलब प्रत्येक मैच में 100 रन बनाना कतई नहीं: रहाणे

एजेंसी। कानपुर

**अजिंक्य** रहाणे को अपनी खराब फॉर्म से संबंधित सवाल पूछना अच्छा नहीं लगा जिसपर उन्होंने कहा कि उनकी फॉर्म के बारे में चिंताएं आधारहीन हैं और योगदान का मतलब प्रत्एक मैच में टेस्ट शतक जमाना नहीं है। रहाणे ने इस साल में 11 टेस्ट मैचों में 19 के औसत से रन बनाए हैं। उन पर यह दबाव दिखाई दिया और उन्होंने कहा कि एक विशेषज्ञ शीर्ष क्रम के बल्लेबाज द्वारा बनाए गए 30, 40 या 50 रन भी स्वीकार्य योगदान होगा, बशर्ते टीम जीत जाए। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट से पहले रहाणे ने कहा, अपनी फॉर्म के बारे में चिंतित नहीं हूं। मेरा काम अपनी टीम के जितना संभव हो सके, उतना योगदान करना है। योगदान का मतलब यह नहीं है कि आपको प्रत्येक मैच में 100 रन बनाने की जरूरत है। प्रति पारी 30, 40, 50 रन का स्कोर भी महत्वपूर्ण योगदान हैं।

रहाणे स्वीकार नहीं करेंगे लेकिन वह जानते हैं कि जहां तक दक्षिण अफ्रीका दौरे की श्रृंखला के लिए चयन का संबंध है, तो कानपुर और मुंबई (दूसरा टेस्ट) में खराब स्कोर से वह मुश्किल स्थिति में पहुंच सकते हैं। भविष्य के बारे में उनके विचार थे कि जो होगा सो होगा। उन्होंने कहा, भविष्य में क्या होना वाला है, मैं उसे लेकर ज्यादा चिंतित नहीं हूं। भविष्य में जो होना होगा, वो होगा ही और मुझे वर्तमान में बने रहने की जरूरत है ताकि मैं इस समय अपना सर्वश्रेष्ठ दूं। यह पूछने पर कि क्या यह संभव है कि बल्लेबाज और कप्तान को अलग-अलग करके देखा जाए। तो उन्होंने कहा, जब मैं बल्लेबाजी कर रहा होता हूं तो मेरा ध्यान सिर्फ बल्लेबाजी पर होता है और मैं उसी क्षण में होता हूं। यह इतना ही सरल है। जब मैं क्षेत्ररक्षण कर रहा होता हूं तो मैं सोच रहा होता हूं कि हमारी योजनाएं किस तरह की हैं और रणनीति कैसी है। कप्तान ने कहा कि नए कोच राहुल द्रविड़ ने उन्हें कोई विशेष गुर नहीं दिए हैं, बल्कि उन्हें चीजों को सरल रखने को कहा है क्योंकि वे काफी अनुभवी हैं। रहाणे ने कहा, राहुल भाई ने हमें अपने मजबूत पक्षों का समर्थन करने और चीजें सरल रखने को कहा है। उन्होंने कहा कि ज्यादा चिंता मत करो, मुझे और पुजारा को कहा कि हम अपनी योजना जानते हैं और हम काफी वर्षों से खेल रहे हैं। उन्होंने कहा, इसलिए चीजें सरल रखना और खुद का समर्थन करते रहना अहम है। हम ज्यादा चिंतित नहीं हैं। यही बात टीम के उप कप्तान ने मंगलवार को कही थी।

आमतौर पर भारतीय कप्तान ऐसा नहीं कहते लेकिन रहाणे ने स्वीकार किया कि भारतीय बल्लेबाजों को भी स्पिनरों के मुफीद पिचों पर मुश्किल होगी, हालांकि वह ग्रीन पार्क की पिच को देखकर खुश दिख रहे थे। यहां इस बात का भी जिक्र किया जाना चाहिए कि पिछले कुछ वर्षों में भारतीय पिचों पर रहाणे को भी स्पिनरों के खिलाफ जूझना पड़ा है और यह देखना दिलचस्प होगा कि वह अयाज पटेल की स्पिन के खिलाफ कैसा प्रदर्शन करते हैं। रहाणे ने कहा, भारतीय बल्लेबाजों के लिए भी स्पिनरों के लिए मददगार पिचों पर खेलना चुनौतीपूर्ण है। हम इस तरह की विकेटों पर नहीं खेलते। बल्लेबाजों को मैदान पर जाकर इसका फायदा उठाना होगा। अगर हम टेस्ट मैच और श्रृंखला जीतते हैं, तो हमें स्पिनरों के मुफीद पिच की कोई चिंता नहीं है। उन्होंने पिच के बारे में कहा कि यह जैसा भी बर्ताव करेगी, उनकी टीम इसके अनुकूल प्रदर्शन करने की कोशिश करेगी।




### मैं नहीं जानता कि विकेट किस तरह का व्यवहार करेगा

रहाणे ने कहा, हां, हम खुश हैं। मैं नहीं जानता कि विकेट किस तरह का व्यवहार करेगा। हमें जो भी विकेट मिलेगा, उसके अनुरूप ढलना होगा। हम इसके लिए तैयार हैं। केएल राहुल के चोटिल होने से श्रेयस अय्यर के लिए टीम में जगह बनाने के दरवाजे खुल गए हैं, जो अपना पहला टेस्ट मैच खेलेंगे लेकिन भारतीय कप्तान ने यह खुलासा करने से इनकार कर दिया कि तीसरा स्पिनर और दूसरा तेज गेंदबाज कौन होगा, हालांकि तेज गेंदबाजी विभाग में उमेश यादव के साथ जोड़ी बनाने के लिए इशांत शर्मा निश्चित दिखते हैं। स्पिन विभाग में अक्षर पटेल ने हालांकि अभ्यास नहीं किया, लेकिन जयंत यादव नेट सत्र के दौरान अच्छी लय में दिखे। रहाणे ने पुष्टि की, हां, श्रेयस अपना पदार्पण करेंगे। उन्होंने चोटिल केएल राहुल के बारे में बात करते हुए कहा, निश्चित रूप से, यह बड़ा झटका है। लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्हें सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल और शुभमन गिल पर पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा, उसने (केएल राहुल) ने इंग्लैंड में अच्छा किया था और वह अच्छी फॉर्म में था। निश्चित रूप से, हमें उसकी कमी खलेगी, लेकिन हमारे पास खिलाड़ी हैं, जो अपना काम कर सकते हैं, हमारे पास खिलाड़ी हैं जिन्होंने हमारे लिए बीते समय में अच्छा किया है और वे काफी अनुभवी हैं। मैं पारी का आगाज करने वाले स्थान के बारे में ज्यादा चिंतित नहीं हूं। जब उनसे तीन स्पिनरों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, मैं इसके बारे में कुछ खुलासा नहीं कर सकता।

## संक्षिप्त समाचार

### इंडोनेशिया ओपन: सिंधू संघर्षपूर्ण जीत से दूसरे दौर में



**बाली।** भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने बुधवार को यहां इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में जापान की अया ओहोरी के खिलाफ तीन गेम तक चले मैच में संघर्षपूर्ण जीत दर्ज की। मौजूदा विश्व चैंपियन सिंधू ने पहला गेम गंवाने के बाद अच्छी वापसी की और एक घंटे 10 मिनट चले मैच में ओहोरी को 17-21, 21-17, 21-17 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इस जीत से सिंधू ने जापानी खिलाड़ी के खिलाफ अपने प्रभावशाली रिकॉर्ड को 11-0 पर पहुंचा दिया। पिछले सप्ताह यहां जापान की अकाने यामागुची से सीधे गेम में हारने के बाद सेमीफाइनल से बाहर होने वाली दुनिया में सातवें नंबर की सिंधू अगले दौर में जर्मनी की 23 वर्षीय शटलर यवोन ली का सामना करेगी। तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय और दुनिया के 26वें नंबर के खिलाड़ी ली के बीच यह पहला मुकाबला होगा। इस बीच एन सिक्की रेड्डी और ध्रुव कपिला की मिश्रित युगल जोड़ी क्योहेई यामाशिता और नारू शिनोया की जापानी जोड़ी से 7-21, 12-21 से हारकर पहले दौर से बाहर हो गई।

### क्रिकेटर भुवनेश्वर कुमार बेटी के पिता बने



**मेरठ।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार पिता बन गए हैं। भुवनेश्वर की पत्नी नूपुर ने बुधवार को दिल्ली के एक निजी अस्पताल में बेटी को जन्म दिया। मेरठ जिला क्रिकेट एसोसिएशन (एमडीसीए) के कोषाध्यक्ष राकेश गोयल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार को भुवनेश्वर कुमार की पत्नी ने बेटी को जन्म दिया। फिलहाल दोनों पूरी तरीके से स्वस्थ हैं। भुवनेश्वर के बृहस्पतिवार को मेरठ स्थित आवास पर आने की उम्मीद है। गोयल के अनुसार मंगलवार को नूपुर को दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। क्रिकेटर की शादी की सालगिरह के अगले दिन उनके घर बच्ची का जन्म हुआ है। भुवनेश्वर ने हाल में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज में हिस्सा लिया था। उन्होंने सीरीज के सभी मैच खेले और तीन विकेट झटके। भुवनेश्वर और नूपुर दोनों बचपन से दोस्त थे और दोनों ने 23 नवंबर 2012 को शादी कर ली। भुवनेश्वर के पिता किरण पाल सिंह का इस साल 20 मई को निधन हो गया था। उनके पिता लंबे समय से लीवर संबंधी समस्याओं से पीड़ित थे।

### एसेक्स के एक अन्य खिलाड़ी ने नस्लवाद का आरोप लगाया

**लंदन।** एसेक्स के पूर्व तेज गेंदबाज जाहिद खान ने आरोप लगाया कि कुछ साल पहले इस इंग्लिश काउंटी की तरफ से खेलते हुए उनके खिलाफ नस्लवादी टिप्पणियां की गई थी। जाहिद एसेक्स के तीसरे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने नस्लवाद के आरोप लगाए हैं। उनसे पहले 35 साल के क्रिकेटर के जोहेब शरीफ और मॉरिस चैम्बर्स ने भी क्लब पर नस्लीय भेदभाव के आरोप लगाए थे। जाहिद ने 2005 से 2009 के बीच सात प्रथम श्रेणी मैचों में एसेक्स का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने इस क्लब को गोरे लोगों की दुनिया करार दिया जिसमें अश्वेत लोगों के लिए कोई जगह नहीं थी। द क्रिकेटर के अनुसार जाहिद ने कहा, वह गोरे लोगों की दुनिया थी जहां भूरे रंग (अश्वेत) लोग बाहरी थे। मैं हमेशा चेम्सफोर्ड में एक बाहरी व्यक्ति की तरह महसूस करता था। इससे मेरा क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करना अविश्वसनीय रूप से मुश्किल हो गया था। इस बीच एक प्रायोजक सीटेक ने क्लब से अपना रिश्ता तोड़ दिया है।

### बांग्ला टाइगर्स ने चेन्नई ब्रेव्स को नौ विकेट से शिकस्त दी

**अबूधाबी।** बांग्ला टाइगर्स ने आलराउंड खेल का प्रदर्शन करते हुए अबूधाबी टी-10 क्रिकेट टूर्नामेंट में चेन्नई ब्रेव्स को 34 गेंद शेष रहते हुए नौ विकेट से करारी शिकस्त दी। मंगलवार की रात को यहां खेले गए मैच में चेन्नई ब्रेव्स की टीम पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर छह विकेट पर 90 रन ही बना पाई। उसकी तरफ से एंजेलो परेरा ने 26 और समीउल्लाह शिनवारी ने 20 रन का योगदान दिया। बेनी हावेल (22 रन देकर दो) बांग्ला टाइगर्स के सबसे सफल गेंदबाज रहे। बांग्ला टाइगर्स को सलामी बल्लेबाज जानसन चार्ल्स (12 गेंदों पर 36 रन) और हजरातुल्लाह जजई (नौ गेंदों पर नाबाद 34) ने 19 गेंदों पर 67 रन जोड़कर तूफानी शुरुआत दिलाई जिससे फाफ डु प्लेसी की अगुवाई वाली टीम ने केवल 4.2 ओवर में एक विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर दिया। चार्ल्स ने अपनी पारी में एक चौका और पांच छक्के जबकि जजई ने चार चौके और तीन छक्के लगाए। विल जैक्स पांच गेंदों पर 14 रन बनाकर नाबाद रहे।

# घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड को सबक सिखाने की कोशिश करेगी इंडिया

एजेंसी। कानपुर

**कप्तान** विराट कोहली और उपकप्तान रोहित शर्मा सहित कुछ शीर्ष खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में भारतीय टीम गुरुवार से यहां शुरू होने वाले पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में दमदार न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदानों पर अपना दबदबा कायम रखने की कोशिश करेगी। भारतीय टीम की अगुवाई अंजिक्य रहाणे करेंगे, जो पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म में चल रहे हैं। उन्हें चोटिल केएल राहुल और विश्राम पर भेजे गए तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की सेवाएं भी नहीं मिलेगी, लेकिन रहाणे के नेतृत्व में टीम ने लगभग ऐसी परिस्थितियों में ही आस्ट्रेलिया में जीत दर्ज की थी।

भारतीय टीम आस्ट्रेलिया में किए गए उस प्रदर्शन से प्रेरणा लेकर न्यूजीलैंड को कड़ा सबक सिखाने की कोशिश करेगी, जिसने इस साल के शुरू में उसकी विश्व टेस्ट चैंपियन बनने की उम्मीदों पर पानी फेरा था। मुंबई के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर इस मैच से टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करेंगे। उन्हें सूर्यकुमार यादव पर प्राथमिकता दी गई है। कप्तान रहाणे ने कहा, श्रेयस अय्यर पदार्पण करेंगे, लेकिन मैं टीम संयोजन को लेकर कोई खुलासा नहीं कर सकता। हाल में ऐसा कम देखने को मिला है, जबकि भारतीय टेस्ट टीम रोहित और राहुल की सलामी जोड़ी, कप्तान कोहली या मैच विजेता विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के बिना खेली हो। लेकिन इससे नव नियुक्त मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को दक्षिण अफ्रीका के दौरे से पहले अपने अन्य खिलाड़ियों को आजमाने का मौका भी मिलेगा। बल्लेबाजों में केवल रहाणे, चेतेश्वर पुजारा और मयंक अग्रवाल ने ही 10 से अधिक टेस्ट मैच खेले हैं। अगर अग्रवाल अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो राहुल के लिए वापसी करना मुश्किल हो सकता है। शुभमन गिल भी अच्छी बल्लेबाजी करते हैं तो दोनों नियमित सलामी बल्लेबाजों की वापसी होने पर टीम प्रबंधन उन्हें मध्यक्रम में उतार सकता है। इस मैच में रहाणे पर सभी की निगाहें टिकी रहेंगी। उन्होंने पिछले 11 टेस्ट मैचों में 19 की औसत से रन बनाए हैं। घरेलू धरती पर दो मैचों में असफल होने पर उनके लिए अगले महीने दक्षिण अफ्रीका जाने वाली टीम में जगह बनाना मुश्किल हो जाएगा।

अभ्यास के दौरान भी रहाणे आत्मविश्वास में नहीं दिखे। ऐसी परिस्थितियों में उन्हें उस टीम का नेतृत्व करना है जिसमें कई स्टार खिलाड़ी नहीं हैं। ऐसे में एक कप्तान और एक बल्लेबाज की अपनी भूमिका के बीच रहाणे कैसे संतुलन बनाते हैं, इससे उनके कॅरियर की आगे की राह भी तय होगी। इसी तरह से टीम के सबसे सीनियर गेंदबाज इशांत शर्मा के लिए भी स्थिति अनुकूल नहीं दिख रही है। नेट अभ्यास के दौरान वह लय में नहीं दिखे। यदि मोहम्मद सिराज को अंतिम एकादश से हटाकर इशांत को शामिल किया जाता है, तो उन पर टीम प्रबंधन को सही साबित करने का दबाव भी होगा। उमेश यादव का अंतिम एकादश में जगह बनाना तय है। श्रेयस का प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अच्छा रिकार्ड रहा है, लेकिन वह 2019 से लंबे प्रारूप में नहीं खेले हैं और ऐसे में उनके लिए चुनौती कड़ी होगी। द्रविड़ ने अय्यर को बाएं हाथ के थ्रो डाउन विशेषज्ञ नुवान की वैसी गेंदों का अभ्यास करवाया जैसी नील वैगनर करते हैं।



### टीमें

**भारत :** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), मयंक अग्रवाल, शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, ऋद्धिमान साहा (विकेटकीपर), रविंद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, उमेश यादव, इशांत शर्मा, मोहम्मद सिराज, जयंत यादव, श्रीकर भरत, प्रसिद्ध कृष्णा में से।

**न्यूजीलैंड:** केन विलियमसन (कप्तान), टॉम लैथम, रोस टेलर, हेनरी निकोल्स, टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), विल यंग, ग्लेन फिलिप्स, डेरिल मिशेल, टिम साउदी, नील वैगनर, काइल जैमीसन, विलियम सोमरविले, अयाज पटेल, मिशेल सेंटनर, रचिन रवींद्र में से।

**मैच भारतीय समयानुसार सुबह नौ बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।**

### मध्यक्रम में अपनी जगह पक्की कर सकते हैं अय्यर

अय्यर पदार्पण पर दमदार प्रदर्शन से मध्यक्रम में अपनी जगह पक्की कर सकते हैं। अगर नेट अभ्यास के अनुसार चले तो गिल और मयंक पारी का आगाज करेंगे, जिसके बाद पुजारा और रहाणे बल्लेबाजी के लिए उतरेंगे। अब यह तय है कि इसके बाद अय्यर बल्लेबाजी के लिए आएंगे। जयंत यादव ने भी नेट पर पर्याप्त समय बिताया, लेकिन यह पता नहीं चला कि ऐसा अक्षर पटेल के कार्यभार को कम करने के लिए किया गया। रविचंद्रन अश्विन फिर से स्वयं को दुनिया का नंबर एक स्पिनर साबित करने की कोशिश करेंगे। इंग्लैंड के खिलाफ पिछली श्रृंखला के दौरान नियमित कप्तान कोहली ने उन्हें एक बार भी खेलने का मौका नहीं दिया था। उनका सामना केन विलियमसन जैसे शानदार बल्लेबाज से होगा। रोस टेलर, टॉम लैथम और हेनरी निकोल्स भी अश्विन और रविंद्र जडेजा की स्पिन जोड़ी का सामना करने की तैयारियों के साथ यहां आए होंगे। अक्षर पटेल तीसरे स्पिनर हो सकते हैं जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में पदार्पण करते हुए 27 विकेट लिए थे। न्यूजीलैंड की तरफ से टिम साउदी और नील वैगनर नई गेंद का जिम्मा संभालेंगे जबकि स्पिन विभाग में बाएं हाथ के स्पिनर अयाज पटेल और मिशेल सेंटनर के अलावा ऑफ स्पिनर विलियम सोमरविले को अंतिम एकादश में रखा जा सकता है।

# स्पिनर निभाएंगे अहम भूमिका विलियमसन को अनुभवी अयाज-सोमरविले पर भरोसा

एजेंसी। कानपुर



**केन** विलियमसन इस बात से अच्छी तरह वाकिफ हैं कि भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में स्पिनरों की भूमिका अहम होगी और उन्हें उम्मीद है कि उनके बाएं हाथ के स्पिनर अयाज पटेल और ऑफ स्पिनर विलियम सोमरविले परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाकर अंतर पैदा करेंगे। न्यूजीलैंड को 2016 में कानपुर में करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा था। तब रविचंद्रन अश्विन ने अहम भूमिका निभाई थी और विलियमसन जानते हैं कि भारतीय मैदानों पर उन्हें किस तरह की पिचों से रू ब रू होना पड़ेगा।

विलियमसन ने पहले टेस्ट की पूर्व संध्या पर कहा, पूरी श्रृंखला में स्पिन की भूमिका निर्णायक होगी। कई टीम को इस तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ा है और हमारी उम्मीदें इससे इतर नहीं हैं। स्पिन की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा, अयाज और सोमरविले जैसे स्पिनर हमारे गेंदबाजी आक्रमण में अहम भूमिका निभाएंगे। विशेषकर इन परिस्थितियों में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी। तेज गेंदबाजों को रिवर्स स्विंग मिलने की भी उम्मीद है। हम विकेट निकालने के लिए सभी तरीके आजमाएंगे इसलिए तेज गेंदबाजों और स्पिनरों दोनों भूमिका होगी। विलियमसन ने कहा कि अश्विन और रविंद्र जडेजा के खिलाफ उनके बल्लेबाजों को न सिर्फ विकेट बचाए रखना होगा बल्कि रन बनाने के तरीके भी ढूंढने होंगे। उन्होंने कहा, हम भारतीय स्पिन गेंदबाजों की मजबूती को जानते हैं और वे पिछले लंबे समय से अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। कीवी कप्तान ने कहा, हमें रन बनाने के तरीके ढूंढने होंगे तथा साझेदारियां निभाने की कोशिश करनी होगी। प्रत्येक खिलाड़ी भिन्न होता है, इसलिए उसका तरीका भी बाकी से भिन्न होगा। विलियमसन ने कहा कि टीम का प्रत्येक खिलाड़ी अपनी भूमिका जानता है और उन्होंने सभी से सर्वश्रेष्ठ योगदान की उम्मीद की। उन्होंने कहा, हर कोई प्रभाव छोड़ने के लिए अलग तरीका अपनाता है। हमें जिन कुछ चुनौतियों का सामना करना है उनके लिए हर संभव तैयार रहना होगा। विलियमसन ने पूछा गया कि क्या विराट कोहली, रोहित शर्मा, ऋषभ पंत, केएल राहुल, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी की अनुपस्थिति न्यूजीलैंड जीत का प्रबल दावेदार बन जाता है तो उन्होंने न में जवाब दिया। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि हम जीत के प्रबल दावेदार हैं।

# जैमीसन भारत में अलग तरह की चुनौती के लिए तैयार

**कानपुर।** विदेशी धरती पर अपना तीसरा टेस्ट मैच खेलने की तैयारियों में लगे न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन इस बात से अच्छी तरह वाकिफ हैं कि भारत में टेस्ट क्रिकेट खेलने की चुनौती स्वदेश में खेलने की तुलना में एकदम भिन्न होगी। भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहला टेस्ट मैच गुरुवार से यहां शुरू होगा। जैमीसन ने टेस्ट क्रिकेट की शानदार शुरुआत की और केवल आठ टेस्ट मैचों में उनके नाम पर 46 विकेट दर्ज हैं। वह राष्ट्रीय टीम के साथ पहली बार भारतीय दौरे पर आए हैं।

जैमीसन ने स्टफ.सीओ.एनजेड से कहा, मैंने यहां बहुत अधिक क्रिकेट नहीं खेली है। मैंने आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) के पहले चरण में भाग लिया था जो अच्छा रहा, लेकिन यह पूरी तरह से भिन्न होगा। उन्होंने कहा, मेरे साथ यहां वैग्स (नील वैगनर) और टिम्मी (टिम साउदी) हैं इसलिए उनकी राय जानना अच्छा होगा, उनके यहां गेंदबाजी करने के अनुभव को जानना अच्छा होगा। जैमीसन ने कहा, यह निश्चित तौर पर स्वदेश की तुलना में पूरी तरह से भिन्न चुनौती होगी लेकिन मैं वास्तव में इसको लेकर उत्सुक हूं। जैमीसन ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल सहित भारत के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों में जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

# पेन को सभी खिलाड़ियों का समर्थन हासिल है : हैरिस

**ब्रिसबेन।** आस्ट्रेलिया के बल्लेबाज मार्कस हैरिस का मानना है कि टिम पेन को सभी खिलाड़ियों का समर्थन हासिल है और उन्होंने कहा कि इस पूर्व टेस्ट कप्तान और मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने इस बारे में अभी टीम के साथ बातचीत नहीं की है। हैरिस ने इसके साथ ही खुलासा किया कि खिलाड़ियों को कप्तानी छोड़ने के पेन के फैसले का पता शुक्रवार को मीडिया कॉन्फ्रेंस से आधा घंटे पहले पता चला।

हैरिस ने बुधवार को कहा, इस खबर को स्वीकार करना आसान नहीं था। यह हैरान करने वाला फैसला था। उन्होंने कहा, टिम निश्चित तौर पर एक बेहतरीन कप्तान था। मेरे और मेरे परिवार के प्रति उनका रवैया बहुत अच्छा रहा। टिम, उनकी पत्नी बोनी, बच्चों और परिवार के प्रति हमारी संवेदना है। हैरिस ने कहा, अगर कोविड के कारण कोई बाधा नहीं आती है तो मैं उसे गले लगाऊंगा।

## गेंदबाज लुंगी एनगिडी कोविड जांच में पॉजिटिव

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी कोविड-19 जांच में पॉजिटिव आए हैं जिससे उन्हें नीदरलैंड के खिलाफ शुक्रवार से सेंचुरियन में शुरू हो रही तीन मैचों की घरेलू वनडे श्रृंखला से बाहर कर दिया गया है। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को यह जानकारी दी। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने एक बयान में कहा कि तेज गेंदबाज जूनियर डाला को एनगिडी के स्थान पर टीम में शामिल किया गया है।

# लोकेश राहुल एक स्थान के सुधार से टी-20 रैंकिंग में पांचवें स्थान पर पहुंचे

एजेंसी। दुबई

### सूर्यकुमार को 24 स्थान का फायदा

**भारत** के सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल बुधवार को जारी आईसीसी पुरुष टी-20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में एक स्थान के सुधार से पांचवें, जबकि मध्यक्रम के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव 24 पायदान की छलांग से 59वें स्थान पर पहुंच गए। पाकिस्तान के विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान भी एक स्थान के सुधार के साथ चौथे पायदान पर आ गए।

रिजवान ने बांग्लादेश के खिलाफ हाल ही में संपन्न तीन मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में 90 रन बनाए थे, जिससे उन्हें रैंकिंग में एक स्थान का फायदा हुआ। इस श्रृंखला को उनकी टीम ने 3-0 से जीता। राहुल रिजवान से सिर्फ छह रेटिंग अंक पीछे है। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ दो मैचों में 80 रन बनाए। भारतीय टीम ने इस श्रृंखला को 3-0 से जीता। न्यूजीलैंड के मार्टिन गुप्टिल भारत के खिलाफ इस श्रृंखला में 152 रन बनाए जिससे उनकी रैंकिंग में तीन स्थान का फायदा हुआ और 13वें स्थान से वह शीर्ष 10 में पहुंच गए। गेंदबाजों की रैंकिंग में भारत के खिलाफ श्रृंखला में चार विकेट लेने वाले मिशेल सेंटनर 23वें से 13वें स्थान पर पहुंच गए।

यदि आस्ट्रेलिया बेदाग कप्तान की तलाश में है तो

# टीम 15 साल तक बिना कप्तान के रहेगी: क्लार्क

एजेंसी। मेलबर्न



**आस्ट्रेलिया** के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क का मानना है कि अगर देश के क्रिकेट प्रशासक कप्तान नियुक्त करने के लिए किसी ऐसे खिलाड़ी की तलाश में है, जिसका रिकॉर्ड बेदाग हो तो फिर आस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम अगले 15 साल तक बिना कप्तान के रहेगी। टिम पेन ने अपनी सहकर्मी को आपत्तिजनक संदेश भेजने का खुलासा होने के बाद कप्तान पद छोड़ दिया था, जिसके बाद क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) को नए कप्तान की तलाश है। तेज गेंदबाज पैट कमिन्स कप्तान बनने की दौड़ में सबसे आगे हैं। उनके अलावा पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ भी दौड़ में हैं।

क्लार्क ने कहा कि रिकी पोंटिंग भी अपने कॅरियर की गलत शुरुआत के बाद आस्ट्रेलिया के सर्वश्रेष्ठ कप्तानों में से एक बने थे। उन्होंने बिग स्पोर्ट्स ब्रेकफास्ट में कहा, मेरे समय में यहां तक कि रिकी पोंटिंग बेहतरीन कप्तान रहे हैं। यदि ऐसा मामला होता तो वह कभी आस्ट्रेलिया की कप्तानी नहीं कर पाते। क्लार्क ने कहा, उनका बोरबोन एंड बीफस्टीक (नाइटक्लब) में झगड़ा हुआ। वहां घूंसे चले थे। क्या इस कारण आप उन्हें जिम्मेदारी नहीं सौंपते। वह शानदार उदाहरण हैं। उन्होंने आपको दिखाया है कि कैसे समय, अनुभव, परिपक्वता, उच्च स्तर पर खेलना और यहां तक कि कप्तानी भी उनमें बदलाव लेकर आई। क्लार्क ने स्वीकार किया कि आस्ट्रेलियाई टेस्ट कप्तान को उच्च मानदंड स्थापित करने की जरूरत होती है, लेकिन यदि उससे गैरजरूरी उम्मीदें रखी जाती हैं तो फिर बहुत कम विकल्प बचेंगे। उन्होंने कहा, बेशक, आपको कुछ मानकों को बनाए रखना होगा, लेकिन क्या आप यह कहने जा रहे हैं कि वह बदल सकता है, वह परिपक्व हो सकता है। खिलाड़ियों का समर्थन कहां है? (यदि आप बेदाग कप्तान चाहते हैं) आप 15 साल तक कप्तान की तलाश करोगे। हमारे पास कप्तान नहीं होगा।

हत्या, चोरी, झगड़े से जुड़े मामलों से निपटने के बाद

# नए सिरे से निशानेबाजी शुरू कर रहा हूं: विजय कुमार

अभिषेक होरे। नई दिल्ली

**ओलंपिक** रजत पदक विजेता निशानेबाज से कानून प्रवर्तन अधिकारी बने विजय कुमार को चोरी, विवाद और यहां तक की हत्या से जुड़े मामलों से निपटने के लिए बार-बार अदालत जाना पड़ता है, लेकिन वह खेल में फिर से वापसी के लिए प्रतिबद्ध हैं। शिमला में हिमाचल प्रदेश पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) में पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) के रूप में तैनात, विजय ने पांच साल के अंतराल के बाद प्रतिस्पर्धी निशानेबाजी में वापसी की है। वह लंदन ओलंपिक खेलों में पुरुषों के 25 रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीतने के एक दशक के बाद फिर से शून्य से अपने सफर को शुरू करेंगे।



पिछले कई वर्षों से वह वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रहे है। उससे पहले उन्होंने कुछ साल इसके प्रशिक्षण में बिताया। पुलिस सेवा से जुड़ने से पहले वह 16 वर्षों तक भारतीय सेना से जुड़े रहे। पेरिस ओलंपिक 2024 का टिकट कटाने की कोशिश कर रहे इस निशानेबाज के सामने सबसे पहली चुनौती मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियनशिप है। विजय ने एजेंसी को दिए साक्षात्कार में कहा, मैं राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हिस्सा ले रहा हूं। मैं शून्य से शुरुआत कर रहा हूं क्योंकि मैं पांच साल बाद खेल में वापस आ रहा हूं। उन्होंने कहा, जब मैं निशानेबाजी नहीं कर रहा था तब मैं पुलिस बल में प्रवेश के लिए अपने प्रशिक्षण में बहुत व्यस्त था और फिर एक पुलिसकर्मी के रूप में अपने कर्तव्य निभाने में व्यस्त हो गया। इसलिए वास्तव में निशानेबाजी जारी रखने का समय नहीं मिला।

उनके विभाग ने उन्हें राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने की अनुमति दे दी है। विजय का सपना लंदन ओलंपिक की तरह पेरिस (2024) में देश के लिए पदक जीतना है। इसके लिए उन्होंने पुलिस सेवा के अपने वरिष्ठ अधिकारियों से पूर्णकालिक प्रशिक्षण के लिए अनुमति लेने की भी योजना बनाई है। उन्हें हालांकि इस बात का अंदाजा है कि उनके लिए चीजें आसान नहीं है।

### मैं जानता हूं कि बेहद कठिन होने वाली है आगे की राह

विजय ने कहा, मैं जानता हूं कि आगे की राह बेहद कठिन होने वाली है। सामान्य से चार गुना अधिक मुश्किल होने वाला है क्योंकि मैं लंबे समय के बाद वापसी कर रहा हूं लेकिन दूसरे खिलाड़ी नियमित तौर पर अभ्यास कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मुझे निशानेबाजी में वापसी करने की अपनी क्षमता पर भरोसा है। मैं ओलंपिक में रजत पदक जीतने में सफल रहा और इससे मेरे विश्वास और बढ़ा है। मैं अभी केवल 35 वर्ष का हूं और कम से कम 10 और वर्षों तक निशानेबाजी करने की उम्मीद कर सकता हूं। पांच बार के राष्ट्रमंडल स्वर्ण पदक विजेता, विजय ने 2017 में हिमाचल प्रदेश पुलिस में शामिल होने के लिए सेना छोड़ दी थी। उन्होंने कहा, कार्यालय के काम ने मुझे व्यस्त रखा। मुझे चोरी, झगड़े और यहां तक कि हत्या से लेकर मामलों से निपटने की जरूरत होती थी। इसमें अदालत का चक्कर भी लगाना पड़ता था। उन्होंने कहा, खेल में वापसी पर मुझे धैर्य रखना होगा। लेकिन मैं निश्चित रूप से पूर्णकालिक प्रशिक्षण लेना चाहता हूं और इसके लिए मुझे अपने विभाग से मंजूरी लेनी होगी। लंदन के रॉयल आर्टिलरी बैरक में विजय के रजत पदक के बाद से भारत ने निशानेबाजी में ओलंपिक पदक नहीं जीता है।